CMYK

अधिकतम :34°C
न्यूनतम :22°C

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, शुक्रवार 5 जून 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 289 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2083 18 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



दिल्ली में होटल अग्निकांड के बाद यूपी में अलर्ट जारी पेज 2



सूर्यकुमार की कप्तानी लेने की दौड़ में श्रेयस अय्यर, ईशान किशन व तिलक वर्मा खेल टाइम्स



प्रकृति से समझौते का नहीं, संकल्प का समय सम्पादकीय



भारत और वेनेजुएला द्विपक्षीय साझेदारी को मजबूत बनाएंगे पेज 12

# ईरान युद्ध से ट्रम्प को रोकने वाला युद्ध शक्ति प्रस्ताव मंजूर

**वाशिंगटन, वार्ता**

**रिपब्लिकन के नेतृत्व** वाली अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को ईरान में आगे कोई भी सैन्य कार्रवाई करने से रोकने के लिए एक प्रस्ताव वॉर पावर्स रेजोल्यूशन (युद्ध शक्ति प्रस्ताव) को मंजूरी दे दी है। यह प्रस्ताव 215-208 मतों से पारित हुआ है। यह प्रस्ताव तब सफल हुआ जब चार रिपब्लिकन सदस्यों ने डेमोक्रेट्स के साथ मिलकर इस युद्ध के प्रति अपनी असहमति जताई।

यह युद्ध 28 फरवरी को शुरू हुआ था। यह प्रस्ताव ट्रम्प को ईरान से अमेरिकी सैनिकों को वापस बुलाने के निर्देश देता है, जब तक कि कांग्रेस युद्ध की घोषणा न कर दे या सैन्य बल के इस्तेमाल को अधिकृत न कर दे। सदन के जिन चार रिपब्लिकन सदस्यों ने



**■ अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में वॉर पावर्स रेजोल्यूशन ( युद्ध शक्ति प्रस्ताव ) 215-208 मतों से पारित**

युद्ध शक्तियों वाले प्रस्ताव के पक्ष में वोट दिया, उनमें मिशिगन के प्रतिनिधि टॉम बैरेट, ओहियो के वॉरेन डेविडसन, पेंसिल्वेनिया के ब्रायन फिट्जपैट्रिक और केंटकी के थॉमस मैसी शामिल थे। उन्होंने चेतावनी दी कि ट्रम्प बिना किसी साफ रणनीति के देश को एक लंबे संघर्ष में घसीट सकते हैं। साथ ही उन्होंने 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हवाई हमलों की शुरुआत के बाद से गैसोलीन, खाने-पीने की चीजों और दूसरे उत्पादों की बढ़ती कीमतों पर भी चिंता जताई। इस प्रस्ताव का पारित होना इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह व्हाइट हाउस पर ईरान युद्ध को समाप्त करने का दबाव बढ़ाता है, क्योंकि पेट्रोल की कीमतें आसमान छू रही हैं और युद्ध के प्रति जनता का विरोध भी बढ़ गया है। श्री ट्रम्प की युद्ध संबंधी शक्तियों पर लगाम लगाने का सदन का यह चौथा प्रयास था। सीनेट ने मई में इसी तरह का एक प्रस्ताव आगे बढ़ाया था, लेकिन अभी तक उस पर पूरी तरह से मतदान नहीं हुआ है। कांग्रेस में ट्रम्प के लिए यह एक और झटका था, भले ही सदन और सीनेट दोनों में उनकी पार्टी के पास मामूली बहुमत है। यह वोट इस प्रस्ताव को अपनाने के लिए था, जिसके तहत ट्रम्प को अमरीकी सेना को वापस बुलाना होगा या इस संघर्ष के लिए कांग्रेस की मंजूरी लेनी होगी। व्हाइट हाउस ने इस प्रस्ताव की अहमियत को खारिज करते हुए कहा है कि यह राष्ट्रपति की शक्तियों को सीमित करने का एक असंवैधानिक प्रयास है।

# मानसून ने केरल में दी दस्तक

## तमिलनाडु के सीमावर्ती जिलों में भीषण गर्मी से मिलेगी राहत

**चेन्नई, वार्ता**

**दक्षिण-पश्चिम** मानसून ने गुरुवार को केरल में दस्तक दी, केरल के कई हिस्सों में पिछली रात से भारी बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने कहा है कि मानसून भारत में प्रवेश कर चुका है। जिससे पश्चिमी घाट व तमिलनाडु के सीमावर्ती जिलों में भारी बारिश होने तथा भीषण गर्मी के प्रकोप से राहत मिलने के आसार हैं।

मौसम विभाग ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण-पूर्व अरब सागर के शेष हिस्सों, मध्य-पश्चिम और मध्य- पूर्व अरब सागर के कुछ हिस्सों, पूरे लक्षद्वीप द्वीप समूह, केरल और माहे में आगे बढ़ गया है। इसके साथ ही मानसून गुरुवार को कर्नाटक और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों, कोमोरिन क्षेत्र के शेष हिस्सों, बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पूर्व और दक्षिण-पश्चिम, मध्य- पश्चिम, मध्य-पूर्व एवं उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों में भी आगे बढ़ चुका है। अगले दो-तीन दिनों के दौरान मध्य अरब सागर के कुछ और हिस्सों, पूरे गोवा, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों, कर्नाटक के कुछ और हिस्सों, तमिलनाडु के शेष हिस्सों, दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी, मध्य-पश्चिम, मध्य-पूर्व और उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों तथा पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां बिल्कुल अनुकूल हैं।

## दिल्ली में आंधी व तेज बारिश से लोगों को मिली गर्मी से राहत



**नई दिल्ली।** दिल्ली के कई हिस्सों में गुरुवार दोपहर को हुई बारिश से पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से राहत मिली है।

राष्ट्रीय राजधानी के कुछ हिस्सों में दिन में तेज आंधी के बाद बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, गुरुवार दोपहर 2:30 बजे तक मयूर विहार स्टेशन पर सबसे अधिक 23 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो 'मध्यम बारिश' की श्रेणी में आती है। आयानगर, पुष्प विहार, पालम और प्रगति मैदान में भी हल्की बारिश दर्ज की गई, जहां सुबह 11:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे के बीच क्रमश: 14.2, 10.5, 5.8 मिमी और 3.6 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने शाम तक मध्य दिल्ली, पूर्वी दिल्ली, नई दिल्ली, उत्तरी दिल्ली, उत्तर पूर्वी दिल्ली, उत्तर पश्चिमी दिल्ली, शाहदरा, दक्षिणी दिल्ली, दक्षिण पूर्वी दिल्ली, दक्षिण पश्चिमी दिल्ली और पश्चिमी दिल्ली सहित दिल्ली के सभी जिलों में 'रेड अलर्ट' जारी किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मैं भगोड़ा नहीं, दुनिया घूम रहा हूं: ललित मोदी

**नई दिल्ली।** आईपीएल के पूर्व चेयरमैन ललित मोदी ने कहा कि मेरे लिए भगोड़े शब्द का इस्तेमाल मीडिया की तरफ से किया गया। मेरे खिलाफ आज तक कोई केस नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं बिल्कुल भी नहीं भाग रहा हूं। मैं पूरी दुनिया में घूम रहा हूं। अगर मैं भाग रहा होता, तो आप मुझे कहीं न कहीं पकड़ ही लेते। भारत सरकार की पहुंच बहुत लंबी है। आप भारत सरकार से पंगा नहीं ले सकते। और मेरा ऐसा कोई इरादा भी नहीं है।

### दिल्ली होटल आग: मालिक चार दिन की पुलिस रिमांड पर

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मालवीय नगर स्थित फ्लोरिश होटल में लगी आग मामले में मालिक लवकेश बजाज को 4 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। बजाज को पुलिस ने दिल्ली कोर्ट में पेश किया था। वहीं, बजाज ने पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार, आग लगने के दौरान बजाज अपनी कार से जलती हुई इमारत के पास से गुजरा, लेकिन लोगों की मदद करने के बजाय वहां से निकल गया। उसने बताया कि वह डर के कारण मौके से भाग गया था। उसने यह भी स्वीकार किया कि उसने न तो किसी की मदद की और इसके बजाय वह शहर में इधर-उधर घूमता रहा।

### मालवीय नगर हादसा मृतक आश्रितों को 10-10 लाख मदद

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मालवीय नगर हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों को 10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। श्रीमती रेखा गुप्ता ने गुरुवार को मालवीय नगर भीषण अग्निकांड के बाद साकेत स्थित मैक्स अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना।

# कुछ पद सिर्फ कम शिक्षितों के लिए: सुप्रीम कोर्ट

## बड़ी डिग्री छुपाकर नौकरी हासिल करना गलत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**■ कहा: यह असली हकदार से रोजगार छीनने जैसा**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि कम शैक्षणिक योग्यता के लिए आरक्षित नौकरी के लिए अपनी शिक्षा छुपाना पद के असली हकदार से रोजगार छीनना है।

इसलिए उच्च योग्यता छिपाकर ली गई नौकरी कानूनन अमान्य होगी। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने मद्रास हाई कोर्ट के 2025 के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें कोर्ट ने सिंडिकेट बैंक के अटेंडेंट की नौकरी पाने के लिए ग्रेजुएशन की डिग्री छुपाने वाले एक व्यक्ति के पक्ष में फैसला सुनाया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कम पढ़े-लिखे लोग कम योग्यता वाली नौकरियों में ज्यादा पढ़े-लिखे लोगों का मुकाबला नहीं कर सकते हैं। ऐसे में सरकार का कुछ पदों को कम पढ़े-लिखे लोगों के लिए सुरक्षित रखना पूरी तरह सही है। कोर्ट ने 2025 के एक पुराने फैसले का हवाला देते हुए कहा कि सार्वजनिक रोजगार सभी योग्य उम्मीदवारों को तय नियमों के तहत ही मिलना चाहिए। सिर्फ इसलिए कि कोई उम्मीदवार तय सीमा से अधिक पढ़ा-लिखा है, उसे उस कम योग्यता वाले पद पर नियुक्ति का कोई स्वत: अधिकार नहीं मिल जाता।

## WFI को लगा सुप्रीम झटका



**डब्ल्यूएफआई के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट की टिप्पणियों को हटाने से किया इन्कार**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने विनेश फोगाट मामले में भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की वह याचिका खारिज कर दी है, जिसमें उसने दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा उनके खिलाफ की गई टिप्पणियों को हटाने की मांग की थी।

न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और अरविंद कुमार की पीठ ने कहा कि डब्ल्यूएफआई द्वारा दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर याचिका अब बेमानी हो गई है, क्योंकि विनेश फोगाट ने आखिरकार 29 मई को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद चयन ट्रायल में हिस्सा ले लिया था। पीठ ने डब्ल्यूएफआई के खिलाफ हाईकोर्ट की टिप्पणियों को हटाने से इन्कार करते हुए साफ किया कि विशेष अनुमति याचिका ) के निपटारे को सुप्रीम कोर्ट द्वारा उन निष्कर्षों का समर्थन नहीं माना जाना चाहिए।

## चीन से हैलोसल्फ्यूरॉन मिथाइल हर्बीसाइड के आयात पर रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कृषि रसायनों और जनसुरक्षा से जुड़े मामलों में नियामकीय मानकों के कड़ाई से पालन की आवश्यकता पर जोर देते हुए दिल्ली स्थित कंपनी सीसीपीएल को हर्बीसाइड हैलोसल्फ्यूरॉन मिथाइल के आयात और निर्माण के लिए दिया गया पंजीकरण रद्द कर दिया है।

## मोदी शासन में शिक्षा व्यवस्था हुई बर्बाद: राहुल गांधी

**■ कहा: नीट छात्रा आकांक्षा की मौत इसी विफलता का परिणाम**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नीट परीक्षा गड़बड़ी के लिए मोदी सरकार को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि नीट पेपर लीक के कारण जान गंवाने वाली आकांक्षा की मौत आत्महत्या नहीं, बल्कि एक भ्रष्ट और टूटी हुई व्यवस्था का परिणाम है।

श्री गांधी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि आकांक्षा डाक्टर बनकर देश और समाज की सेवा करना चाहती थी। उसके पिता किसान हैं, जिन्होंने बेटी के सपने को पूरा करने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड पर तीन लाख रुपये का कर्ज लिया और नागपुर में रसोइए की नौकरी की, ताकि वह कोचिंग कर सके। कांग्रेस नेता ने कहा कि एक पिता ने अपनी ओर से हर संभव प्रयास किया, लेकिन नीट पेपर लीक और परीक्षा रद्द होने के बाद पैदा हुई अनिश्चितता के बीच आकांक्षा हमें छोड़कर चली गई।

## सीबीएसई चेयरमैन का ट्रांसफर सिर्फ दिखावा: सीजेपी

**नई दिल्ली।** काकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने दिल्ली में पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस की। पार्टी की तरफ से तीन प्रवक्ता पहली बार अपनी मांगों को लेकर जनता के बीच आए। उन्होंने शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को दोहराया और कहा इसके लिए वे सरकार और विपक्ष दोनों से बातचीत को तैयार हैं। सीजेपी प्रवक्ता सौरव दास ने सीबीएसई चेयरमैन राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता के तबादले को सिर्फ दिखावा बताया। शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही तय होनी चाहिए।

# पीएम मोदी से मिलीं सिटी बैंक की अध्यक्ष व सीईओ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर काम करने वाले अमेरिका के प्रसिद्ध बैंकिंग संस्थान सिटी बैंक के संचालक मंडल की प्रमुख और मुख्य अधिशासी अधिकारी (सीईओ) जेन फ्रेजर ने यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और भारत के आर्थिक विकास में सहयोग देने की अपनी कंपनी की प्रतिबद्धता को दोहराया।



सिटी अगले वर्ष भारत में अपने परिचालन के 125 साल पूरे करने जा रहा है। सिटी बैंक की ओर से गुरुवार को हुई इस मुलाकात पर जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रधानमंत्री के साथ सिटी की सीईओ की बुधवार को हुई बातचीत में देश में वैश्विक निवेश आकर्षित करने, विदेशों में भारतीय कंपनियों को बढ़ावा देने और वैकल्पिक ऊर्जा तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्रों में अवसरों की तलाश करने जैसे विषय शामिल थे।

**■ पीएम से जेन फ्रेजर ने भारत के विकास की प्राथमिकताओं व सहयोग के अवसरों पर की चर्चा**




CMYK

## एक नजर

### घर में घुसकर मोबाइल चोरी

**नहटौर।** मौहल्ला जोशियान निवासी रवि शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका मोबाइल फोन घर के अंदर रखा हुआ था। पीड़ित की माता जी घर का गेट बंद करने के बाद कुछ सामान लेने के लिए बाहर गई थीं। इस दौरान घर में कोई मौजूद नहीं था। रवि शर्मा का आरोप है कि इसी बीच किसी व्यक्ति ने मौका पाकर घर में प्रवेश किया और उनका कीमती मोबाइल फोन चोरी कर लिया। वापस लौटने पर जब मोबाइल नहीं मिला, तो परिजनों ने हर संभव जगह तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### आज सौफतपुर बिजली घर से आपूर्ति रहेगी बंद

**नांगल सोती।** सौफतपुर बिजली घर पर बिजनेस प्लान 2025-26 के अंतर्गत वीसीवी स्थापित कार्य चलने के कारण पांच जून कल (आज) सुबह नौ बजे से शाम तीन बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। एसडीओ राहुल यादव ने बताया कि इस दौरान टाउन व कृषि पोषक फीडर बंद रहेंगे। उन्होंने बिजली आपूर्ति बाधित होने पर उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की।

### श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया



**धामपुर।** ग्राम नौरंगाबाद स्थित पंचायत भवन परिसर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव में भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा सुनकर तथा वासुदेव एवं बालकृष्ण की मनोहारी झांकियों के दर्शन कर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा के दौरान महाराज श्री के संगतकारों ने 'लाला जनम सुन आई यशोदा मैया दे दो बधाई' तथा 'नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की' जैसे भजनों की प्रभावी प्रस्तुति दी। भजनों पर श्रद्धालुओं ने नृत्य कर भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाए, जिससे पूरा कथा पंडाल भक्तिमय वातावरण में डूब गया। झांकी में वासुदेव की भूमिका वरिष्ठ पत्रकार पंकज दक्ष ने निभाई, जबकि बालकृष्ण के स्वरूप में नन्हे निवान राजपूत निकुंज ने अपनी आकर्षक प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। श्रद्धालुओं ने बालकृष्ण का तिलक कर दक्षिणा अर्पित की। मुख्य यजमान के रूप में समाजसेवी ठाकुर शूरवीर सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी डा. सुजाता सिंह उपस्थित रहे। द्वितीय यजमान के रूप में श्रीकांत आर्य, ज्योति रानी आर्य, परी आर्य एवं ललित आर्य ने सहभागिता की। पूजन कार्यक्रम आचार्य पंडित सचिन कुमार शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न कराया गया। कथा का समापन सामूहिक आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

### लक्सर ने चंदोक की टीम को हराया



**नांगल सोती।** ग्राम सुंगरपुर बेहड़ा में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में लक्सर की टीम ने चंदोक को हराकर मैच जीत लिया। आज लक्सर और चंदोक की टीम के बीच मैच खेला गया। लक्सर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित आठ ओवर में तीन विकेट पर 140 रन बनाए। जिसमें सिद्धु ने सर्वाधिक 22 गेंद पर 72 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए चंदोक की टीम सात विकेट गंवाकर 45 रन ही बना सकी। लक्सर के गेंदबाज गौरव ने तीन विकेट लिए। आयोजकों द्वारा लक्सर के सिद्धु को मैन ऑफ द मैच चुना गया। अंपायर सुमित और नदीम रहे। मैच में ग्राम प्रधान डा.महिपाल सिंह, अजय कुमार, संजीव, सुभाष आदि का सहयोग रहा।

### युवती से घर में घुसकर अश्लील हरकत

**हल्दौर।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री को एक युवक लगातार कुछ दिनों से स्कूल आते-जाते समय अश्लील फब्तियां कसता है। बीती रात युवक उनके घर में जबरन घुस आया और उसकी पुत्री के साथ अश्लील हरकत और अभद्र व्यवहार किया। पुत्री द्वारा विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौच करते हुए उसे और उसके परिजनों को जान से मारने की धमकी दी और मौके से भाग गया। घटना के बाद से किशोरी और उसका परिवार भयभीत है। थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# किरतपुर में आसपा नेताओं को रोका

## सत्ता परिवर्तन रैली में शामिल होने जा रहे थे, पुलिस ने की कार्यवाई







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद के आह्वान पर आयोजित सत्ता परिवर्तन यात्रा में शामिल होने बिजनौर जा रहे पार्टी नेताओं को पुलिस द्वारा रोक दिया गया। पार्टी नेताओं ने पुलिस की इस कार्रवाई को लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताते हुए सरकार की दमनकारी नीति करार दिया।

प्राप्त समाचार के युवा नेता अशरफ जमील एड. अपने समर्थकों के साथ यात्रा स्थल बिजनौर पहुंचने में सफल रहे, जबकि पार्टी के वरिष्ठ युवा नेता मुदस्सिर जमा खान एवं प्रदेश सचिव साहिल मेहरा को पुलिस ने रोककर हिरासत में ले लिया। बताया जाता है कि मुदस्सिर जमा खान अपने काफिले के साथ सत्ता परिवर्तन यात्रा में शामिल होने के लिए बिजनौर जा रहे थे। इसी दौरान बिजनौर रोड स्थित एक रेस्टोरेंट के पास पुलिस ने उन्हें रोक लिया। इस मौके पर मुदस्सिर जमा खान ने कहा कि सरकार उन्हें धरना-प्रदर्शन और यात्रा में शामिल होने से रोक सकती है, लेकिन पार्टी की विचारधारा और नीतियों को नहीं बदल सकती। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक देश में प्रत्येक राजनीतिक दल को शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखने का अधिकार है, लेकिन वर्तमान सरकार इस अधिकार का हनन कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में आजाद समाज पार्टी का जनाधार लगातार बढ़ रहा है, जिससे सत्ता पक्ष घबराया हुआ है। उन्होंने बताया कि 4 जून 2024 को नगीना लोकसभा सीट से पार्टी अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी और उसी उपलक्ष्य में आज 4 जून 2026 को सत्ता परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ किया गया है। यात्रा का पहला चरण बिजनौर, दूसरा चरण मेरठ और तीसरा चरण शामली में आयोजित किया जाएगा।

वहीं प्रदेश सचिव साहिल मेहरा को पुलिस ने उनके मौहल्ला सिघाड़ियान स्थित कैंप कार्यालय पर समर्थकों सहित नजरबंद (होम अरेस्ट) कर दिया। साहिल मेहरा ने कहा कि वे अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद के आह्वान पर शांतिपूर्वक यात्रा में शामिल होने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ एकत्रित हो रहे थे, तभी पुलिस ने उन्हें घेरकर नजरबंद कर दिया। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश सरकार की विफलता को दर्शाता है और लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। साहिल मेहरा ने कहा कि दबाव और दमन से पार्टी कार्यकर्ताओं की आवाज को नहीं दबाया जा सकता। पार्टी के सभी कार्यकर्ता एकजुट हैं और अपने-अपने स्तर से सत्ता परिवर्तन यात्रा में शामिल होने के लिए प्रयासरत हैं।

इस मौके पर नगर अध्यक्ष फेल्सुफ जमा खान, ब्लॉक पंचायत सदस्य धर्मेंद्र कुमार, जिला सह-संयोजक डा. मोअज्जिज यार खान, ग्राम प्रधान पति लड्डन, सभासद इस्लाम, सैय्यद उजैर एड., इरफान राइन, शेर सिंह, शानू जैन, रजत कुमार, ताजिर कुरैशी, गौरव कुमार, राम अवतार, बाबूराम, सौरभ तोमर, दानिश कुरैशी, फहद खान, सैय्यद फैसल, सरफराज मलिक, नवीन भारती, अंजुम खान, काशिफ, ओसामा मलिक, तारिक फरीदी, शेख मसरूर, शेख सलमान, फैजान राइन, दानिश राइन, तौलता मकरानी, गालिब अंसारी, सलमान अब्बासी, शेख फैजान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कृषि विज्ञान केंद्र ने चलाया 'खेत बचाओ अभियान'

## किसानों को दिए जैविक खेती के गुर




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** कृषि विज्ञान केंद्र नगीना द्वारा ग्राम नूरुल्लापुर व सैदखेड़ी में 'खेत बचाओ अभियान' के तहत कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें केंद्र के प्रभारी डा. केके सिंह एवं डा. प्रतिमा गुप्ता ने महिला समूह सदस्यों व किसानों को संतुलित उर्वरक प्रबंधन, हरी खाद, वर्मी कंपोस्ट और प्राकृतिक व जैविक खेती अपनाने की जानकारी दी। वैज्ञानिकों ने भूमि संरक्षण के लिए किसानों को अपने खेतों पर ही वर्मी कम्पोस्ट व अजोला इकाइयां स्थापित कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

# शिव मंदिर का वार्षिक महोत्सव संपन्न

## हवन-पूजन व भंडारे का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** तहसील के निकट रामगंगा कॉलोनी स्थित श्री शिव मंदिर का 47वां वार्षिक महोत्सव विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ श्रद्धा एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सामूहिक पूजन, हवन यज्ञ एवं भंडारे का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सामूहिक पूजन एवं हवन से हुआ। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती की आराधना करते हुए समाज, देश और राष्ट्र की सुख-समृद्धि की कामना की। पूरे कार्यक्रम स्थल पर 'नमः शिवाय' तथा भगवान शंकर के जयकारों की गूंज सुनाई देती रही। मंदिर के पुजारी आचार्य पंडित उत्तम भारद्वाज महाराज ने अपने प्रवचनों में कहा कि जो भक्त सच्ची श्रद्धा से भगवान भोलेनाथ की आराधना करते हैं, उनकी मनोकामनाएं अवश्य पूर्ण होती हैं। उन्होंने कहा कि शिव भक्ति व्यक्ति को उन्नति और सफलता के मार्ग पर अग्रसर करती है। कार्यक्रम में 11 मुख्य यजमान परिवारों ने भाग लिया, जिनमें इंजी.गजेंद्र सिंह चौहान एवं निशु रानी चौहान, इंजी. सीके चौहान एवं जया रानी चौहान, प्रदीप कुमार टंडन एवं आराधना देवी टंडन, उदयराज सिंह चौहान एवं सोमवती देवी चौहान सहित अन्य श्रद्धालु परिवार शामिल रहे। महिलाओं ने भजन प्रस्तुत कर अपनी आस्था व्यक्त की, जबकि पुरुषों ने सामूहिक जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। हवन में सहभागिता करने वाले सभी यजमान परिवारों को सम्मानित भी किया गया।

महोत्सव के अंत में आयोजित भंडारे में रामगंगा कॉलोनी, आसपास की बस्तियों तथा धामपुर नगर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कॉलोनी के सभी श्रद्धालु परिवारों का विशेष सहयोग रहा।

## एक नजर

### जितेंद्र गोयल बने व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष



**धामपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल (पंडित श्याम बिहारी मिश्रा गुट) ने व्यापारी नेता जितेंद्र गोयल को बिजनौर का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। उनके मनोनयन की घोषणा के बाद व्यापारियों एवं शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। जितेंद्र गोयल के जिला अध्यक्ष मनोनीत होने पर विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक एवं राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी हैं। लोगों ने आशा व्यक्त की है कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा व्यापारियों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष जितेंद्र गोयल ने संगठन नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि व्यापारियों के हितों की रक्षा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाना और व्यापारियों की आवाज को प्रभावी मंच प्रदान करना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

### युवक का शव नाले में मिला



**चांदपुर।** मौहल्ला सराय रफी धनोरा रोड के पास नाले में युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। आस पास के नागरिकों ने पुलिस को सूचना दी। मृतक की शिनाख्त 21 वर्षीय सचिन प्रजापति के रूप में हुई। मौके पर पहुंचे मृतक के परिजनों के अनुसार सचिन विवाह समारोह में खाना बनाने का काम करता था। वह काम पर जाने की बात कह कर कल घर से निकला था, लेकिन रात को घर वापस नहीं आया। काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चल पाया था। इस बीच आज सुबह उन्हें सचिन का शव नाले में पड़ा होने की सूचना मिली। पुलिस के अनुसार मृतक के चेहरे पर चोट के निशान पाए गए। पुलिस हर पहलू की बारीकी से जांच में जुट गई है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### महिलाओं को किया जागरूक



**चांदपुर।** हीमपुर दीपा पुलिस द्वारा मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं को मिशन शक्ति के अंतर्गत जागरूक किया गया। सीओ चांदपुर देश दीपक के निर्देश पर महिला हेड कांस्टेबल संगीता सिंह, महिला आरक्षी रेनू कम्बोज व रिक्रूट महिला आरक्षी प्राची, आरक्षी ज्योति, आरक्षी प्रिया के द्वारा बस स्टैंड व पंजाब नेशनल बैंक शाखा हीमपुर पर महिलाओं को मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत बाल विवाह मुक्त अभियान, साइबर क्राइम व महिला हेल्पलाइन नंबर व विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। जिसमें बताया गया कि विधवा पेंशन योजना, वृध्दावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वल योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधान मंत्री जन अरोग्य योजना, नशा मुक्ति भारत अभियान आदि जैसे वूमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्पलाइन नंबर-181, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, स्वास्थ्य सेवा 102,108 चाइल्ड लाइन 1098, साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर1930 आदि के बारे में जानकारी देते हुए पम्पलेट वितरित किए।

### गौरव टिकैत के स्वागत की तैयारी

**नांगल सोती।** भाकियू (टिकैत) प्रदेश सचिव पश्चिम उ.प्र. दिनेश कुमार, अवनीश कुमार, अजय कुमार, नरदेव सिंह, रूपेश कुमार, मोहित देशवाल, शिवांश आदि के अनुसार कल (आज) दोपहर राष्ट्रीय नेतृत्व की ओर से युवा किसान नेता गौरव टिकैत ग्राम मायापुरी के समीप एक बैंकट हॉल में पहुंच रहे हैं। जहां से वह जनपद के किसानों से 16, 17 और 18 जून को हरिद्वार में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय चिंतन शिविर में पहुंचने का आह्वान करेंगे। गौरव टिकैत के स्वागत की तैयारी में जनपद भर के कार्यकर्ता एकजुट हैं। जोर शोर के साथ कार्यक्रम की तैयारी की जा रही हैं। हजारों की संख्या में किसान गौरव टिकैत के स्वागत के लिए गांव मायापुरी पहुंचेंगे।

# महिलाओं, बच्चों के पोषण में विफल सरकार छिपा रही है आंकड़े : खड़गे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) के आंकड़ों का हवाला देते हुए केंद्र सरकार पर महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य तथा पोषण के मुद्दों पर विफल रहने का आरोप लगाया।

खड़गे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि देश में प्रत्येक पांच में से एक बच्चा तीव्र कुपोषण का शिकार है। एक-तिहाई बच्चे कम वजन के हैं, छह से 23 माह आयु वर्ग के 84 प्रतिशत से अधिक बच्चों को पर्याप्त पोषण नहीं मिल रहा है तथा 15 से 49 वर्ष आयु वर्ग की 57 प्रतिशत महिलाएं एनीमिया से पीड़ित हैं। उनका आरोप है कि मोदी सरकार अपनी नाकामियों को उजागर करने वाले महत्वपूर्ण आंकड़ों को जानबूझकर छिपा रही है। उन्होंने कहा कि एनएफएचएस-6 के आंकड़ों ने भारतीय जनता पार्टी की अक्षमता को बेनकाब कर दिया है। खड़गे ने आरोप लगाया कि सरकार चुनिंदा आंकड़ों को दबाने, कमजोर वर्गों की उपेक्षा करने, प्रचार के माध्यम से सकारात्मक छवि पेश करने, वास्तविक स्थिति से ध्यान भटकाने तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छवि बचाने की रणनीति अपनाते हुए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि देश के बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण जैसे गंभीर मुद्दों पर सरकार को जवाबदेह होना चाहिए और सभी आंकड़े सार्वजनिक कर वास्तविक स्थिति सामने रखनी चाहिए।

# अर्थव्यवस्था पर दहशत फैला रहे हैं राहुलः भाजपा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा आर्थिक संकट को लेकर दी गई चेतावनी के एक दिन बाद भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने गुरुवार को तीखा पलटवार करते हुए विपक्ष के नेता पर अर्थव्यवस्था के संबंध में 'दहशत' फैलाने का आरोप लगाया। पूनावाला ने गांधी की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ष्एलओपी का मतलब 'लीडर ऑफ प्रोपेगैंडा' (प्रचार का नेता) है, न कि 'लीडर ऑफ अपोजिशन' (विपक्ष का नेता)। वह अर्थव्यवस्था और लो. कतांत्रिक संस्थाओं के बारे में उन दावों के जरिए दहशत फैलाने की कोशिश कर रहे थे, जो बेबुनियाद हैं। पूनावाला ने आपातकाल जैसी स्थिति की संभावना पर गांधी की टिप्पणियों का जक्रि करते हुए कहा कि कांग्रेस का इतिहास खुद आपातकाल से जुड़ा रहा है और लोकतांत्रिक मूल्यों पर दूसरों को उपदेश देने की उनकी विश्वसनीयता बहुत कम है।

# एक पेड़ मां के नामः पर्यावरण दिवस पर यूपी में पांच करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य

## विश्व पर्यावरण दिवस पर कुकरैल में होगा वृहद पौधरोपण, मुख्यमंत्री योगी करेंगे शुभारंभ

**मुहम्मद जान तुर्की**

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर विश्व पर्यावरण दिवस पर शुक्रवार को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया जाएगा। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कुकरैल वन क्षेत्र से इसका शुभारंभ करेंगे। उनके नेतृत्व में पूरे राज्य में एक दिन में 5 करोड़ पौधरोपण किए जाएंगे। इसके लिए सभी विभागों व मंडलों के लक्ष्य निर्धारित कर दिए गए हैं।

पर्यावरण दिवस पर वन विभाग की तरफ से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मुख्य आयोजन होगा, जिसमें मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कुकरैल वन क्षेत्र में वृहद पौधरोपण होगा। सबसे पहले यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पौधरोपण करेंगे। यहां 200 से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। इस कार्यक्रम में वन मंत्री अरुण सक्सेना, प्रभारी मंत्री, प्रमुख सचिव, विभागाध्यक्ष समेत वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे।

इसके पश्चात प्रदेश के 17 नगर निगमों, 825 विकास खंडों, 762 नगर निकायों समेत सभी ग्राम पंचायतों में यह अभियान पूरे दिन चलेगा। वन विभाग के संयोजकत्व में ग्राम्य विकास, पंचायती राज, कृषि, उद्यान, नगर विकास आदि विभागों के सहयोग से अमृत सरोवर, तालाबों, सड़कों, एक्सप्रेसवे, नदियों, नहरों आदि के किनारे पौधे लगाए जाएंगे। इसमें विद्यालयों, महाविद्यालयों, स्वयं सहायता समूहों, सामाजिक संगठनों आदि की भी सहभागिता होगी।

### मंडल वार पौधारोपण का लक्ष्य किया निर्धारित

**लखनऊ।** सरकार ने उत्तर प्रदेश के अंतर्गत सभी मंडलों का अलग-अलग लक्ष्य निर्धारित कर दिया है जिसके तहत मंडल के प्रत्येक जनपद में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधे लगाए जाएंगे। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत लखनऊ मंडल में 62 लाख, बरेली में 32.21 लाख व प्रयागराज में लगेंगे 32.17 लाख पौधे लगेंगे। मेरठ मण्डल में 19,06,000, सहारनपुर मण्डल में 14,86,000, आगरामण्डल में 24,67,000, अलीगढ़ मण्डल में 18,97,000 मुरादाबाद मण्डल में 27,60,000, बरेली मण्डल में 32,21,000, प्रयागराज मण्डल में 32,17,000,वाराणसी मण्डल में 24,83,000, मीरजापुर मण्डल में 28,63,000, गोरखपुर मण्डल में 24,75,000, बस्ती मण्डल में 16,01,000, आजमगढ़ मण्डल में 18,93,000, लखनऊ मण्डल में 62,77,000, अयोध्या मण्डल में 30,41,000, देवीपाटन मण्डल में 29,34,000, कानपुर मण्डल में 31,83,000 झांसी मण्डल में 31,67,000, चित्रकूट मण्डल में 31,29,000 लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके साथ-साथ विभागों को ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है जिसके अंतर्गत ग्राम्य विकास विभाग- 3 करोड़ कृषि विभाग- 75 लाख वन विभाग- 50 लाख उद्यान विभाग- 50 लाख पंचायती राज विभाग- 20 लाख नगर विकास- 5 लाख लक्ष्य है, जबकि कुल 5 करोड़ पौधे इस अभियान के अंतर्गत लगाए जाएंगे।

# ईंधन अधिभार वसूली को लेकर पावर कॉरपोरेशन कर रहा नियमों का उल्लंघन

**लखनऊ।** उप्र राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने यूपी पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड पर विद्युत नियामक आयोग के आदेशों की अवहेलना करने का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। परिषद ने इस संबंध में उप्र विद्युत नियामक आयोग में विद्युत अधिनियम-2003 की धारा 142 और 146 के तहत अवमानना एवं विधिक कार्रवाई का प्रस्ताव दायर किया है। परिषद के अध्यक्ष एवं राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने आरोप लगाया कि आयोग द्वारा 10 प्रतिशत ईंधन अधिभार (फ्यूल सरचार्ज) की प्रस्तावित वसूली को नियमों के विपरीत करार दिए जाने के बावजूद पावर कॉरपोरेशन ने कथित रूप से बिलिंग सॉफ्टवेयर में बदलाव कर उपभोक्ताओं से यह राशि वसूलनी शुरू कर दी है।

# प्रेमी युगल का अपहरण कर मारपीट

## प्रेमी के दोस्त से टैक्सी व नकदी लूटी





प्रेमी युगल



प्रेमी का दोस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र में एक बेहद सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक प्रेमी युगल का पहले अपहरण किया गया, फिर उसके साथ बर्बर मारपीट की गई। इतना ही नहीं प्रेमी युगल पता लगाने के लिए युवक के दोस्त का भी अपहरण कर लिया गया और उसकी गाड़ी और नगदी भी लूट लिए गई। युवती पक्ष ने दिल्ली में युवती की गुमशुदगी दर्ज करा दी और अगले दिन खुद ही युवती को बरामद कर उसके साथ मारपीट करते हुए जबरन अपने पक्ष में बयान देने का दबाव बनाया और स्वयं ही थाने में पेश कर दिया।

खास बात यह है कि युवकी ने दिल्ली के थाने में पहुंचकर भी युवक के पक्ष में बयान दिए। जिसके बाद पुलिस ने दोनों को अपनी मर्जी से जाने की इजाजत दे दी।

उधर युवक-युवती दिल्ली से ग्राम सब्दलपुर पहुंचे और परिजनों के साथ हीमपुर दीपा थाने पहुंचे आपबीती बताई।

प्राप्त समाचार के अनुसार सलमान और उसकी प्रेमिका दोनों ही हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम सब्दलपुर के निवासी है। सलमान दिल्ली में रंग पेंट का कार्य करता है। वहीं सब्दलपुर निवासी युवती दिल्ली में अपने ताया के यहां आती-जाती रहती है। बताया जाता है कि दो दिन पूर्व सलमान अपनी प्रेमिका को दिल्ली से लेकर फरार हो गया था। बुधवार को युवती की गुमशुदगी दिल्ली में दर्ज कराई गई थी।

उधर युवक पक्ष का कहना है कि वह दिल्ली से चांदपुर पहुंचे और चांदपुर से सब्दलपुर के लिए पैदल जा रहे थे। इसी दौरान युवती पक्ष के कुछ लोगों ने उन्हें ग्राम लदुपुरा के चिकारा पब्लिक स्कूल के पास से गाड़ी में अगवा कर लिया। इसके बाद उन्हें पीटते-पीटते दिल्ली ले गए और युवक व युवती को अलग-अलग रखकर उनकी पिटाई की गई। साथ ही युवती पर परिजनों के हक में बयान देने का दवाब बनाया गया। बताया जाता है कि अपनी जान बचाने के लिए युवती ने परिजनों के हक में बयान देना कबूल किया। जिसके बाद परिजन खुद प्रेमी युगल को दिल्ली के थाने लेकर पहुंचे। सूत्र बताते है कि पूरा मामला उस समय पलट गया जब युवती ने युवक के पक्ष में बयान दे दिए। जिससे न केवल पुलिस, बल्कि परिजन भी भौचक्के रह गए। जिसके बाद पुलिस ने युवती को युवक के साथ रवाना कर दिया।

उधर युवक दिल्ली से जैसे ही अपने घर ग्राम सब्दलपुर पहुंचा, वैसे ही उसकी हालत और सूजा हुआ मुंह देखकर परिजन तत्काल हीमपुर दीपा थाने पहुंचे। जहां उन्होंने युवक के साथ मारपीट और अपहरण की तहरीर दी। उधर समाचार लिखे जाने तक पुलिस पीड़ितों को टरकाती रही।

उधर बताया जाता है कि युवती और युवती पता लगाने के लिए सब्दलपुर निवासी युवक के दोस्त और टैक्सी चालक गुलफाम की टैक्सी को सब्दलपुर निवासी युवती के संबंधियों द्वारा बुक किया गया और उसे चांदपुर से कुछ सामान लाने की बात कहते हुए ग्राम लादुपुरा के निकट बुलाया गया। बताया जाता है कि गुलफाम के पहुंचते ही सब्दलपुर निवासी टैक्सी बुक करने वालों ने गुलफाम की जमकर पिटाई की और उसकी कनपटी पर तमंचा लगाते हुए उसे पीछे साइड में बैठा दिया। इसके बाद मारपीट कर्ताओं ने फोन कर अपने अन्य साथियों को बुला लिया। इस दौरान टैक्सी को कोतवाली देहात ले जाया गया। जहां से युवक के फोन से उसके फरार प्रेमी दोस्त को फोन किया गया और उसकी जानकारी ली गई। इतना ही नहीं युवक की जेब में रखे बीस हजार तीन सौ रुपए और मोबाईल भी छीन लिए गए और गुलफाम को आधी रात को कोतवाली देहात में एक ढाबे के पास छोड़ दिया गया। जहां से फोन कर गुलफाम ने परिजनों को सूचना दी। जिसके बाद परिजन गुलफाम के पास पहुंचे और उसे घर ले आएं बताया जाता है कि गुलफाम भी इस मामले में टैक्सी सहित 20 हजार तीन सौ रुपए लूटने, मारपीट करने आदि के संबंध में तहरीर लेकर हीमपुर दीपा थाने पहुंचा था, लेकिन जख्मों के निशान देखकर भी पुलिस पीड़ित को टरकाने से नहीं चूंकी।

पीड़ित का कहना है कि न तो अब तक उसकी टैक्सी और न हीं उसके मोबाइल का ही कोई पता है। यदि उसके वाहन और मोबाइल से कोई अपराध किया जाता है तब उसका जिम्मेदार कौन होगा?

## लापता युवती बरामद

**नहटौर।** पिछले दिनों लापता हुई युवती को पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस ने युवती को बयान के लिए न्यायालय में पेश किया है। ग्राम फुलसंदा गंगादास निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा था कि उसकी पुत्री को एक युवक अपने साथियों के साथ रात में बहला-फुसलाकर ले गया था और घर में रखी नकदी व जेवरात भी साथ ले गए। पीड़ित पिता ने अपनी पुत्री की काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग न मिलने पर उन्होंने पुलिस से मदद की गुहार लगाई थी। इस मामले में पुलिस ने कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी थी। अब युवती की बरामदगी के बाद, पुलिस ने उसे अदालत में पेश कर दिया है, ताकि कानून सम्मत प्रक्रिया पूरी की जा सके। आगे की कार्रवाई न्यायालय के निर्देशों के आधार पर की जाएगी।

## एक नजर

### वन महोत्सव में वृक्षारोपण



**बिजनौर।** राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल द्वारा आज वन महोत्सव एवं 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत आज इंदिरा पार्क में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति संवर्धन का संदेश दिया। उन्होंने पौधा रोपित करते हुए कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान केवल वृक्षारोपण कार्यक्रम नहीं, बल्कि मातृत्व, प्रकृति एवं पर्यावरण के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मां के नाम पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए तथा उसकी देखभाल का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण एवं स्वच्छ वायु के प्रमुख स्रोत हैं। आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण प्रदान करने के लिए वृक्षारोपण आवश्यक है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष भाजपा भूपेंद्र चौहान, जिलाधिकारी जसजीत कौर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं संबंधित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### डॉ. मकसूद को जलालाबाद में रोका



**नजीबाबाद।** आजाद समाज पार्टी की सत्ता परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने के लिए नजीबाबाद से हजारों की संख्या में पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता बिजनौर जा रहे थे। जैसे ही पुलिस को इसकी जानकारी मिली, तो उसने पार्टी के नेताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया। जलालाबाद निवासी संस्थापक सदस्य व उनके साथ नीतीश चौधरी को उनके सैकड़ों समर्थकों के साथ हर्षवाड़ा में रोक दिया गया। जलालाबाद चौकी इंचार्ज पुष्पेंद्र राठी ने उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया और दोनों नेताओं को गाड़ी में बैठा कर वापस घर भेज दिया। आजाद समाज पार्टी के संस्थापक सदस्य डॉ. मकसूद चौधरी कई दिनों से सत्ता परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने के लिए गांव-गांव जाकर नुक्कड़ सभाएं करके लोगों को जागरुक कर रहे थे। जबकि सत्ता परिवर्तन यात्रा में प्रशांत महासागर, रजत कुमार, ललित आजाद, प्रवेश कुमार, सत्यम कुमार, लईक कुरैशी, दानिश कुरैशी, महेश गौतम, रवि गौतम, यसवर्धन, मनोज कुमार, सुहैल व सुषमा सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता कई गाड़ियों के काफिले के साथ बिजनौर पहुंचे।

### दरगाह परिसर में पौधारोपण



**नजीबाबाद।** बढ़ते तापमान और पर्यावरण संरक्षण को लेकर अपना दल (एस) ने जाफराबाद क्षेत्र स्थित दरगाह शरीफ हजरत बिलाल लाल शाह बाबा के पवित्र परिसर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। जिला अध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी ने पौधारोपण कर समाज को हरियाली और पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया। इस अवसर पर एक पौधा मां के नाम समर्पित करते हुए शैलेंद्र चौधरी ने कहा कि पेड़-पौधे ही भविष्य की सबसे बड़ी पूंजी हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए। जिला अध्यक्ष ने दरगाह परिसर में मौजूद लोगों से संवाद किया। उन्होंने अपना दल (एस) की नीतियों, विचारधारा तथा केंद्रीय नेतृत्व अनुप्रिया पटेल के विकासवादी दृष्टिकोण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। संगठन से जुड़कर सामाजिक विकास में भागीदार बनने की अपील पर बड़ी संख्या में लोगों ने पार्टी से जुड़ने की सहमति जताई। इस मौके पर चौधरी सोधान सिंह को सहकारिता विधानसभा अध्यक्ष नजीबाबाद, शकील अहमद को जिला सचिव अल्पसंख्यक मंच और मुसब्बर चौधरी को जिला सचिव श्रमिक मंच की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम में जिला सचिव अल्पसंख्यक अहमद, अंस चौधरी, नफीस अहमद, आरिफ, वकील अहमद, विधि मंच के जिला महासचिव विश्वास राव, बार एसो. नजीबाबाद के सचिव लवी सागर, खुशनसीब अहमद सहित कई स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सामाजिक एकता और संगठन विस्तार को मजबूत करना रहा।

### हादसे में अधेड़ की मौत



**मंडावर।** ग्राम दयालवाला निवासी परशुराम उर्फ परसे (60 वर्ष) पुत्र रामस्वरूप को बालावाली मार्ग पर तेज गति से आती एक बाइक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें परशुराम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बाइक को कब्जे में लेकर मृतक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर बाइक चालक देवेंद्र पुत्र राकेश निवासी ग्राम शाहदाबाद, थाना हीमपुर दीपा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया हैं। परिजनों ने पोस्टमार्टम के बाद मृतक अधेड़ का अंतिम संस्कार कर दिया है।

# सड़क हादसे में चार किशोर गंभीर घायल



## कार ने पीछे से मारी टक्कर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** कार सवार ने मोटर साइकिल में पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें चार किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। चारों को राहग.ीरों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगर के मौहल्ला हजरत नगर निवासी मौहम्मद शुऐब, अदनान अहमद, समीर अहमद व मौहम्मद कैफ के सिर व हाथों में गंभीर चोटें आई हैं। अदनान व शुऐब के पैरों की हड्डी भी टूट गई है। डॉक्टर ने गंभीर हालात देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया। चालक कार छोड़ कर मौके से फरार हो गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंच घटना की बारीकी से जांच कर कार को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस कार चालक की तलाश कर रही है। घटना की खबर मिलते ही सपा विधायक राम अवतार सिंह सैनी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंच गए और घायलों की हर मुमकिन मदद करने का भरोसा दिलाया। सपा विधायक राम अवतार सिंह सैनी के ड्राइवर फहीम अहमद के दोनों पुत्र गंभीर रूप से घायल है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सपा विधायक राम अवतार सिंह सैनी ने प्रोटोकाल न देने पर डॉक्टर को जमकर हड़काया। जिससे अस्पताल के स्टाफ में हड़कंप मच गया। अस्पताल में एक्सरे मशीन की फिल्म न होने पर भी सपा विधायक ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए खराब व्यवस्था से सीएमओ को अवगत कराया है।

# सांसद चंद्रशेखर आजाद हाउस अरेस्ट

## सत्ता परिवर्तन यात्रा से पहले धामपुर में सियासी हलचल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) की सत्ता परिवर्तन यात्रा शुरू होने से पहले आज धामपुर में राजनीतिक माहौल गरमा गया। पार्टी नेताओं और समर्थकों ने आरोप लगाया कि नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद को उनके धामपुर स्थित आवास पर पुलिस प्रशासन द्वारा कई घंटे तक हाउस अरेस्ट रखा गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार सत्ता परिवर्तन यात्रा को लेकर सुबह से ही सांसद चंद्रशेखर आजाद के आवास पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी रही। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं में हलचल का माहौल बना रहा, जबकि बिजनौर में आयोजित कार्यक्रम स्थल पर समर्थक सांसद के पहुंचने का इंतजार करते रहे। सांसद चंद्रशेखर आजाद ने अधिकारियों से वार्ता के दौरान कहा कि वह अपने संकल्पों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और लोकतांत्रिक तरीके से समाज के वंचित, गरीब, दलित एवं मजदूर वर्ग की आवाज उठाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि सत्ता परिवर्तन यात्रा सामाजिक और राजनीतिक बदलाव का अभियान है।

करीब दो घंटे तक चली बात.चीत के बाद प्रशासन और सांसद के बीच सहमति बनी, जिसके पश्चात चंद्रशेखर आजाद अपने समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बिजनौर के लिए रवाना हो गए। बताया जा रहा है कि वहां पहुंचकर उन्होंने आगे की रणनीति पर भी चर्चा की।

वहीं पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडेय ने सांसद को हाउस अरेस्ट किए जाने के आरा.ेपों का खंडन करते हुए कहा कि अधिकारियों द्वारा केवल वार्ता की गई थी और सुरक्षा व्यवस्था तथा कानून-व्यवस्था के मद्देनजर आवश्यक बातचीत की गई थी।

घटना के बाद जनपद में राजनीतिक चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। सत्ता परिवर्तन यात्रा को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह बना हुआ है, जबकि प्रशासन कानून-व्यवस्था बनाए रखने की बात कह रहा है।

# लखनऊ में सीएम से मिले रवि

## साथ में मौजूद रहे संपादक उमाकांत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** प्रखर दलित नेता एवं भाजपा के पूर्व सांसद शीशराम सिंह रवि ने आज लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की।

प्राप्त समाचार के अनुसार पूर्व सांसद शीशराम सिंह रवि ने आज लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। उनके साथ प्रज्ञा टाइम्स के संपादक उमाकांत वाजपेयी व बलराम सिंह चौहान भी मौजूद थे। पूर्व सांसद शीशराम सिंह रवि का कहना है कि प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के बाद प्रचंड बहुमत के साथ सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में नई सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों का जनाधार नहीं है। प्रदेश में इतनी तेजी के साथ विकास कार्य हो रहे है कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है।

## एक नजर

### अभय पाण्डेय बने सीओ सदर

**बिजनौर।** सीओ सदर संग्रामं सिंह का मेरठ के लिए ट्रासफर हो गया है। धामपुर के सीओ अभय कुमार पाण्डेय को सीओ सदर बनाया गया है। जबकि नजीबाबाद के सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी को धामपुर का सीओ बनाया गया है।

### नेत्र जांच शिविर 13 को

**नगीना।** नगर के बारादरी बाजार स्थित दारुल शिफा (निकट बैंक ऑफ बड़ौदा) के नूर ऑप्टिकल्स एंड आई केयर सेंटर पर 13 जून को सुबह 10:00 से दोपहर 1:00 बजे तक नि:शुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। हिमालयन हॉस्पिटल, जॉलीग्रांट देहरादून द्वारा आयोजित इस शिविर में मरीजों की आंखों की जांच पूरी तरह मुफ्त की जाएगी। जांच के दौरान चयनित मोतियाबिंद के मरीजों के ऑपरेशन भी नि:शुल्क होंगे। इसके साथ ही मरीजों को अस्पताल ले जाने व वापस लाने और वहां रहने व खाने-पीने की व्यवस्था अस्पताल प्रशासन द्वारा मुफ्त प्रदान की जाएगी।

### वृद्धा से मारपीट का आरोप

**हल्दौर।** अम्हेड़ा चौकी क्षेत्र के ग्राम शादीपुर कला में पारिवारिक विवाद के चलते एक वृद्ध महिला के साथ मारपीट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित महिला ने संबंधित दंपती के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गांव निवासी मंगलेश देवी (65 वर्ष) ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गुरुवार सुबह वह अपने घर पर थीं। आरोप है कि इसी दौरान परिवार से जुड़े एक पति-पत्नी उनके घर पहुंचे और किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते कहासुनी बढ़ गई और आरोपित दंपती ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पीड़िता का आरोप है कि मारपीट के दौरान उन्हें चोटें आईं। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। घटना के बाद वृद्धा ने पुलिस से शिकायत कर कानूनी कार्रवाई की मांग की।

# सलमान मलिक को भनेड़ा में रोका

## पुलिस टीम नहीं रोक पाई मजबूत इरादें



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आजाद समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता व बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र से संभावित प्रत्याशी मौहम्मद सलमान मलिक व उनके साथियों को नजीबाबाद से मुख्यालय आने के दौरान पुलिस ने भनेड़ा के टोल प्लाजा पर रोक लिया। लेकिन सत्ता परिवर्तन यात्रा में शामिल होने का संकल्प लेकर निकले मौहम्मद सलमान मलिक व उनके साथियों को पुलिस ज्यादा देर तक नहीं रोक पाई।

प्राप्त समाचार के अनुसार बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र के संभावित प्रत्याशी मौहम्मद सलमान मलिक अपने साथी फहीम अंसारी सांसद प्रतिनिधि नजीबाबाद, मौहम्मद आमिर उर्फ मौहम्मद शानू, मौहम्मद शुऐब मुस्लिम भाईचारा कमेटी विधानसभा अध्यक्ष बढ़ापुर आदि के साथ नजीबाबाद से बिजनौर के लिए रवाना हुए। उनके साथ सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे। जैसे ही उनका काफिला भनेड़ा टोल प्लाजा पर पहुंचा, तो वहां पहले से मौजूद पुलिस फोर्स ने उन्हें रोक लिया। मौहम्मद सलमान मलिक की पुलिस अधिकारियों से तकरार हुई। मौहम्मद सलमान ने कहा कि वह सत्ता परिवर्तन यात्रा में शामिल होने के लिए हर हालत में बिजनौर जाएंगे और कोई भी उन्हें नहीं रोक पाएगा। इसके बाद वह पुलिस को चकमा देकर गांवों के रास्ते से बिजनौर पहुंच गए। मौहम्मद सलमान मलिक व उनके साथियों का जोश देखने लायक था।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# सत्ता परिवर्तन यात्रा में उमड़ा सैलाब

## पुलिस भी नहीं रोक पाई कार्यकर्ताओं की फौज को

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर के नेतृत्व में 'सत्ता परिवर्तन यात्रा' की शुरुआत हो गई। हालांकि यात्रा शुरू होने से पहले पुलिस ने उन्हें उनके धामपुर आवास पर हाउस अरेस्ट कर लिया था, फिर भी हजारों कार्यकर्ता और समर्थक सड़कों पर उतर आए।





प्राप्त समाचार के अनुसार धामपुर पुलिस ने सांसद चंद्रशेखर के आवास को चार थानों की फोर्स के साथ घेर लिया था और रास्ते बंद कर दिए गए थे। प्रशासन ने यात्रा या रैली के लिए अनुमति नहीं दी थी। सांसद ने इस पर नारा. जगी जताते हुए कहा कि उन्हें लोगों से बात करने से रोका जा रहा है, जो लोकतंत्र की हत्या है। इसके बावजूद समर्थकों की भीड़ उमड़ पड़ी और यात्रा का आगाज हुआ। यात्रा से पूर्व इंदिरा बाल भवन में आयोजित सभा में सांसद चंद्रशेखर ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि यह यात्रा सत्ता बदलने के लिए है। उन्होंने युवाओं, दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के मुद्दों को उठाया। यात्रा के जरिए वे पूरे उत्तर प्रदेश में जनसंपर्क करेंगे। उन्होंने सामाजिक न्याय, संविधान की रक्षा, शिक्षा और रोजगार जैसे मुद्दों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा की तानाशाही सरकार जनता की आवाज दबाना चाहती है, लेकिन यह संभव नहीं होगा। यात्रा में उन्होंने समर्थकों से संघर्ष जारी रखने की अपील की। सरकार बनने पर चंद्रशेखर आजाद ने सात वादे किए। उन्होंने कहा कि अगर उनकी सरकार बनी, तो कक्षा 1 से 12 तक समान गुणवत्ता वाली शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए पूरी 403 सीटों पर लड़ने की तैयारी है। साथ ही गठबंधन के लिए दरवाजे खुले है। इस मौके पर वरिष्ठ नेता गौहर इकबाल एड., ठा. आयुष चौहान, जावेद अली, विवेक सेन, मौलाना अतीकुर्रहमान, इश्तियाक अंसारी, जितेंद्र राणा आदि भी मौजूद थे।

## कलेक्ट्रेट में आउटसोर्स कर्मचारियों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राजकीय शिक्षा विभाग के आउटसोर्स कर्मचारियों ने कई माह से वेतन न मिलने के विरोध में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। सैकड़ों कर्मचारियों ने एकत्र होकर डीएम को ज्ञापन सौंपा और जल्द वेतन भुगतान की मांग की।

प्रदर्शनकारी कर्मचारी नारेबा. जी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने डीएम से बकाया वेतन का तत्काल भुगतान सुनिश्चित कराने का आग्रह किया। कर्मचारियों ने बताया कि वे बिजनौर के विभिन्न राजकीय और अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में 'ए टू जेड मल्टी सर्विस एंड आईटी सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड' नामक आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में कार्यरत हैं।

कर्मचारियों के अनुसार, उन्हें मार्च से मई माह तक, यानी पिछले तीन महीने का मानदेय प्राप्त नहीं हुआ है। वेतन न मिलने के कारण उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है, जिससे परिवार का भरण-पोषण और बच्चों की स्कूल फीस का भुगतान करना मुश्किल हो गया है।

उन्होंने यह भी शिकायत की कि उनके मासिक वेतन से भविष्य निधि (PF) की राशि तो काटी जा रही है, लेकिन वह उनके भविष्य निधि खातों में समय पर जमा नहीं की जा रही है।

इस प्रदर्शन में तरुण कुमार, नवनीत कुमार, सोनू कुमार, कपिल कुमार, सचिन कुमार, विजेंद्र कुमार, अरविंद कुमार, सहदेव, यशपाल, नरेश, नितिन कुमार, महिपाल, तरुण कुमार, आलोक कुमार, अमित कुमार, रजनीश कुमार, चंद्र मोहन, रोहित, संदीप, ज्योति, अमर, गौरव, दीपक, आशीष, सिकंदर, फतेह सिंह, बिजेंद्र और आलोक सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

## जमीनी विवाद को लेकर खूनी संघर्ष

### महिला सहित छह गंभीर रूप से घायल, रिपोर्ट दर्ज

**सुनील पाल**

**मंडावर।** जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर खूनी संघर्ष हुआ। जिसमें छह व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। एक पक्ष की महिला नाजुक हालत में मेरठ रैफर की गई है।







प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम कोहरपुर में दो पक्षों के बीच जमीनी विवाद को लेकर खूनी संघर्ष हो गया। जिसमें एक पक्ष की ओर से भागमल पुत्र वीर सिंह निवासी ग्राम कोहरपुर थाना मण्डावर जिला बिजनौर द्वारा दी गई तहरीर में बताया गया कि उनके विपक्षी धर्मपाल पुत्र जयमल, राजकुमार व गोपी पुत्रगण धर्मपाल, उसका धेवता बंटी, सरस्वती पत्नी राजकुमार एवं धर्मपाल आदि उनसे जमीनी रंजिश रखते है। आज दोपहर करीब सवा 12 बजे की घटना है। उसकी पत्नी विमलेश व रेखा पत्नी रोहित, मोहित व संगीत अपनी जमीन मे पानी लगाने की तैयारी कर रहे थे। तभी मुलजिमान धर्मपाल, राजकुमार, गोपी, बंटी व सरस्वती ने एक राय हो कर अपने हाथों में तबल, सरिया, तमंचे आदि लेकर आये और हमला बोल दिया। जान से मारने की नियत से उसकी पत्नी विमलेश, रेखा, मोहि. हत, संगीत को मारना शुरू कर दिया। उनके चीखने चिल्लाने पर वह जब वहां पहुंचा, तो राजकुमार ने उस पर जान से मारने को फायर किया। जिसमें वह बाल बाल बचा। उनके शोर पर आस पास से नरेश, विपिन आदि कई व्यक्ति मौके आ गये, जिन्होने उन्हें छुड़ाया। जाते समय मुलजिमान जान से मारने की धमकी दे गए। वह घायलों को लेकर सरकारी अस्पताल मण्डावर आया। जहां से उन्हें जिला अस्पताल के लिये रैफर कर दिया। उसकी पत्नी विमलेश की हालत नाजुक देखते हुए मेरठ के लिये रैफर किया गया है। इस घटना को लेकर ग्राम में तनावपूर्ण हालात बने हुए हैं। इस मामले में मंडावर पुलिस भागमल पुत्र वीर सिंह निवासी ग्राम को. हरपुर की तहरीर पर मुकदमा अपराध संख्या 171/26 धारा 191 (2), 191 (3), 190, 115 (2), 109 (1), 352, 351 (2), 3 (5) व 118 (1) बीएनएस में धर्मपाल, राजकुमार, गोपी, बंटी व सरस्वती के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

## एक नजर

### पत्रकार सौरभ तहसील अध्यक्ष नियुक्त



**बढ़ापुर।** पत्रकार सौरभ अग्रवाल को हिंद पत्रकार सुरक्षा संघ का नगीना तहसील का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पत्रकारों के हितों की रक्षा और संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। नगीना तहसील अध्यक्ष बनने और उनके इस पदभार को ग्रहण करने से स्थानीय पत्रकारों के बीच खुशी की लहर है और उन्हें नई नियुक्ति पर बधाइयां मिल रही हैं। इस दौरान तहसील अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल ने कहा कि पत्रकारिता से अलग हटकर मिशन की भावना से जनहित में पत्रकारिता करें। जनहित की भावना से कार्य करना एक पत्रकार की जिम्मेदारी है। शासन या प्रशासन की कमियों को सार्वजनिक कर देश, प्रदेश व समाज हित हमारे लिए सर्वोपरि है। सौरभ अग्रवाल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सादान सैफी और जिला अध्यक्ष विकुल कुमार सहित सभी साथियों का आभार व्यक्त किया।

### तालाब में मिली लाश, नहीं हुई शिनाख्त



**चांदपुर।** मौहल्ला काजीजादगान चंद्रलोक समिति स्थित सिलारा तालाब में आज सुबह एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने सनसनी फैल गई। मौके पर जमा भीड़ ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पहुंचकर लाश को तालाब से बाहर निकलवाया। काफी प्रयास के बाद भी मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई। पुलिस के अनुसार मृतक की आयु 50 वर्ष के करीब है और लाश कई दिन पहले से तालाब में पड़ी होने से फूल गई है। पुलिस ने लाश कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी। पुलिस जांच में जुट गई है।

### गोवर्धन पूजा का महत्व बताया



**हल्दौर।** ग्राम चांदा नंगली में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथावाचक निर्मल दासानुदास महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की गोवर्धन लीला का विस्तृत वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति और धर्म का संदेश दिया। कथा श्रवण के दौरान पांडाल में मौजूद श्रद्धालु भक्ति भाव से सराबोर दिखाई दिए। कथावाचक ने कहा कि द्वापर युग में ब्रजवासी इंद्रदेव की आराधना करते थे, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें प्रकृति संरक्षण और गोवर्धन पर्वत की महत्ता समझाते हुए गोवर्धन पूजा का मार्ग दिखाया। उन्होंने बताया कि इससे इंद्र को अपने मान-सम्मान पर आघात महसूस हुआ और उन्होंने क्रोधवश ब्रज क्षेत्र में भीषण वर्षा कर दी। तब भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी कनिष्ठा अंगुली पर गोवर्धन पर्वत धारण कर ब्रजवासियों एवं गोवंश को सुरक्षित आश्रय प्रदान किया। उन्होंने कहा कि सात दिनों तक पर्वत उठाकर भगवान ने इंद्र के अहंकार का दमन किया तथा संसार को यह संदेश दिया कि अभिमान का अंत निश्चित है, जबकि सच्ची भक्ति और श्रद्धा सदैव विजय प्राप्त करती है।

## स्योहारा में एम्स जैसे अस्पताल की मांग

### समाजसेवियों ने कहा- बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं से लाखों लोगों को मिलेगा लाभ








**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** बेहतर एवं उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधा की आवश्यकता को लेकर नगर के कई समाजसेवियों और जागरूक नागरिकों ने स्योहारा क्षेत्र एवं जनपद में एम्स जैसे आधुनिक अस्पताल की स्थापना की मांग उठाई है। इनका कहना है कि जनपद की बड़ी आबादी आज भी गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए अन्य शहरों पर निर्भर है। जिससे मरीजों और उनके परिजनों को आर्थिक व मानसिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

डा. मनोज वर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। बिजनौर जैसे बड़े में यदि एम्स स्तर का अस्पताल स्थापित होता है, तो मरीजों को आधुनिक उपचार, विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं और अत्याधुनिक जांच सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी। इससे लोगों का समय और धन दोनों बचेगा। डा.जानिब हाशमी ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं किसी भी विकसित समाज की पहचान होती हैं। वर्तमान में गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों को बड़े शहरों में जाना पड़ता है। यदि जनपद में उच्च स्तरीय चिकित्सा संस्थान स्थापित होता है, तो गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को काफी राहत मिलेगी तथा समय पर उपचार मिलने से मरीजों की परेशानियां भी कम होंगी।

अकरम अंसारी ने कहा कि ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों के लोगों को इलाज के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। कई बार मरीजों को अस्पताल पहुंचने में ही काफी समय लग जाता है। ऐसे में क्षेत्र में एम्स जैसी सुविधाओं वाला अस्पताल बनने से हजारों परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा और स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत होंगी।

नासिर चौधरी ने कहा कि जनपद की आबादी लगातार बढ़ रही है, लेकिन इस अनुपात में बेहतर चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार नहीं हो पाया है, आधुनिक अस्पताल बनने से मरीजों को एक ही छत के नीचे विशेषज्ञ डॉक्टर जांच और उपचार की सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। जिससे बाहर जाने की आवश्यकता कम होगी। नजीबुल हसन ने कहा कि गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए लोगों को बड़े शहरों में जाना पड़ता है, जहां रहने और इलाज का खर्च भी काफी अधिक होता है। यदि जनपद में आधुनिक चिकित्सा संस्थान स्थापित होता है, तो आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी और उन्हें अपने क्षेत्र में ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त होंगी।

खलीक चौधरी ने कहा कि वर्तमान में हृदय रोग, कैंसर, किडनी और अन्य जटिल बीमा. रियों के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। ऐसे में आधुनिक तकनीक और विशेषज्ञ चिकित्सकों से युक्त अस्पताल क्षेत्र की जरूरत बन चुका है। इससे न केवल स्योहारा, बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भी लाभ मिलेगा।

नागरिकों का कहना है कि जनपद में यदि एम्स जैसी सुविधाओं वाला अस्पताल स्थापित होता है, तो यह चिकित्सा क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि साबित होगी। इससे लाखों लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं मिलेंगी और क्षेत्र के समग्र विकास को भी गति मिलेगी। लोगों ने उम्मीद जताई है कि भविष्य में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। जिससे आमजन को बेहतर उपचार के लिए दूर-दराज के शहरों की ओर न जाना पड़े।

## परवेज पाशी और सभासद असलम सिद्दीकी हाउस अरेस्ट



### पुलिस की कार्रवाई पर जताया आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** आजाद समाज पार्टी (आसपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद के आह्वान पर निकाली जा रही सत्ता परिवर्तन यात्रा में शामिल होने से पहले नगीना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आसपा नेता शेख परवेज अहमद उर्फ परवेज पाशी को उनके स्टेशन रोड स्थित आवास और नगर अध्यक्ष व सभासद मौहम्मद असलम सिद्दीकी को कलालान स्थित आवास पर नजर. बंद (हाउस अरेस्ट) कर दिया। परवेज पाशी कार्यकर्ताओं के साथ यात्रा में जाने की तैयारी कर रहे थे, तभी लालसराय चौकी इंचार्ज सोहन सिंह पुंडीर ने पुलिस बल के साथ पहुंचकर उन्हें रोक दिया। इस कार्रवाई पर आक्रोश जताते हुए आसपा नेता परवेज पाशी ने आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष पुलिस के दम पर विपक्ष और सांसद चंद्रशेखर आजाद की आवाज को दबाना चाहता है, लेकिन सत्ता परिवर्तन का यह आंदोलन रुकने वाला नहीं है। वहीं दूसरी तरफ पुलिस प्रशासन का कहना है कि क्षेत्र में सुरक्षा और कानून व्यवस्था को बनाए रखने के मद्देनजर एहतियातन यह कदम उठाया गया है।

## राजस्व टीम ने की भूमि विवाद की जांच

### राजस्व अभिलेखों का बारीकी से मिलान किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम खजूरा जट में सरकारी और निजी भूमि को लेकर चल रहे विवाद में राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू की।



प्राप्त समाचार समाचार के अनुसार खजूरा जट में बलबीर सिंह और रिंकू राठी पक्ष के बीच काफी समय से भूमि को लेकर विवाद चल रहा है। दोनों पक्ष एक ही भूमि पर अपना-अपना दावा पेश कर रहे थे।

आज दोपहर करीब तीन बजे नायब तहसीलदार राजकमल सिंह के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम विवादित स्थल पर पहुंची। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय पुलिस बल को भी तुरंत मौके पर बुलाया गया। राजस्व टीम ने कड़ी धूप में दोनों पक्षों की मौजूदगी में जमीन की पैमाइश शुरू की। नायब तहसीलदार ने मौके पर मौजूद फाइलों और राजस्व अभिलेखों का बारीकी से मिलान किया। पुलिस अधिकारियों ने विवादित स्थल पर किसी भी प्रकार के झगड़े या कानून-व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति को रोकने के लिए कड़ी निगरानी रखी।

मौके पर मौजूद अधिकारियों ने दोनों पक्षों की बात सुनी और उन्हें आश्वासन दिया कि सरकारी दस्तावेजों के आधार पर ही निष्पक्ष निर्णय लिया जाएगा। फिलहाल पैमाइश की रिपोर्ट तैयार की जा रही है, जिसके आधार पर आगे की वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, धामपुर ( बिजनौर )**

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वार्ड सं. 13 के सम्पत्ति संख्या 164 जो पालिका के गृहकर/जलकर अभिलेखों में इसरार पुत्र मसीता के नाम दर्ज है। अतः इसरार पुत्र मसीता का नाम निरस्त कर श्रीमती शमीमा पत्नी शबाबुद्दीन का नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र विचाराधीन है। इस संबंध में इस सूचना के प्रकाशन के तीस दिवस तक आपत्ति पालिका कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। तद्पश्चात समयोपरान्त सामान्य कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**

**संबंध विच्छेद सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अब्दुल समद को उसकी नाफरमानी व गलत आचरण में पड़ जाने के कारण अपनी सम्पत्ति से बेदखल/आंक कर दिया है तथा अपने सम्बंध विच्छेद कर लिये है। यदि कोई भी व्यक्ति अब्दुल समद से किसी प्रकार का लेनदेन करता है, तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरे व मेरे परिवार से कोई मतलब वास्ता नहीं रहेगा।

**-मौ. यूनुस पुत्र खलील अहमद निवासी ग्राम नींदडू खास, थाना व तहसील धामपुर, जिला बिजनौर**

**मोबाइल नम्बर :- 9927569188**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मोनिका वर्मा पत्नी स्व. श्री शिवओम वर्मा निवासी मौ. रामनगर, नूरपुर, बिजनौर के पुत्र जन्म का रजिस्ट्रेशन नगर पालिका परिषद, नूरपुर का जन्म पंजीकरण रजिस्टर वर्ष 2010 के रजिस्ट्रेशन संख्या-183 पजीकरण दिनांक 04.09.2010 पर अंकित हैं। इस रजिस्ट्रेशन में जन्म दिनांक 09.10.2004 अंकित हैं। उक्त जन्म प्रमाण पत्र पुत्र की जन्म दिनांक सही कराने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः समस्त सम्बन्धित एवं असम्बन्धित से अपेक्षा की जाती हैं कि यदि उक्त जन्म प्रमाण पत्र के संसोधन/ निरस्तिकरण में किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा सुझाव प्रस्तुत करना चाहे, तो वह स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि के द्वारा इस सूचना के प्रकाशित होने के 30 दिन के अंदर अपनी आपत्ति अथवा प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। तदोपरान्त किसी भी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा तथा निरस्त करने की अनुमति प्रदान कर दी जायेगी।

**नोडल अधिकारी ( जन्म मृत्यु )**

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बिजनौर।**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र जीवन सिंह पुत्र स्व. भौपाल सिंह निवासी खुशालपुर, पोस्ट कादराबाद, थाना अफजलगढ़, जिला बिजनौर गलत संगत में पड़ गया है। मेरे कहने-सुनने में नहीं है। इसलिए मैं जीवन सिंह को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में जीवन सिंह के किसी कृत्य का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**प्रेमवती पत्नी स्व. भौपाल सिंह, निवासी खुशालपुर, पोस्ट कादराबाद, थाना अफजलगढ़, जिला बिजनौर**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र मौ. आसिम व उसकी पत्नी सुमय्या परवीन जो मेरे व मेरे परिवार वालों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं तथा हमारे कहने-सुनने में नहीं हैं। इसलिये मैं और मेरे परिवार वाले मेरे पुत्र व उसकी पत्नी से अपने सारे सम्बन्ध विच्छेद कर रहे हैं और अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहे हैं। अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई भी कृत्य करते हैं, तो वह उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**-राशिदा पत्नी स्व. कासिम अली, निवासी मौहल्ला मौलवियान, कस्बा सहसपुर, परगना स्योहारा, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर, पिन कोड नंबर 246745**

**सम्बंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र बहार आलम मेरे कहने में नहीं है। मेरे व मेरे परिवार वालों के साथ अभद्र व्यवहार करता है। समझाने पर सुनवा नहीं है। उसकी हरकतों से तंग आकर मैंने व मेरे परिवार वालों ने उससे ताल्लुक वास्ता समाप्त कर लिया है और मैंने उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी क्रिया कलाप से मेरा या मेरे परिवार का कोई मतलब वास्ता नहीं है। **मौ. राशिद पुत्र छोटे खान, निवासी ग्राम सुआवाला, थाना अफजलगढ़, जिला बिजनौर**

**सम्बंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र बहारे आलम व उसकी पत्नी आमना का आचरण व व्यवहार ठीक नहीं है। ये दोनों मेरे कहने में नहीं है। मेरे व मेरे परिवार वालों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। इनकी हरकतों से तंग आकर मैंने व मेरे परिवार ने एक साल से इन दोनों से अपने समस्त सम्बंध समाप्त कर लिये है और मैंने बहार आलम व उसकी पत्नी को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके किसी भी क्रिया कलाप व लेनदेन से मेरा या मेरे परिवार का कोई मतलब वास्ता नहीं है। **जरीना पत्नी स्व. फुरकान मौहल्ला नई सराय, कस्बा, परगना व तहसील धामपुर, जिला बिजनौर**

# तेज रफ्तार बुलेट बाइक ने छीनी मजदूर की जिंदगी

## परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बीती रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा दुर्घटना में शामिल बुलेट सवार हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार हल्दौर थाना क्षेत्र की झालू चौकी के अंतर्गत ग्राम रसूलपुर आबाद निवासी 52 वर्षीय राजेश पुत्र जसराम रोज की तरह बिजनौर से मजदूरी कर अपने गांव लौट रहे थे। रात करीब आठ बजे वह कस्बा झालू स्थित पानी की टंकी के पास एक निजी चिकित्सक की दुकान पर दवा लेने के लिए रुके। दवा लेने के बाद जैसे ही वह अपने गांव की तरफ जाने के लिए आगे बढ़े, तभी बिजनौर की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार बुलेट बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में राजेश गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही झालू चौकी प्रभारी कुलदीप कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल को एंबुलेंस से उपचार के लिए बिजनौर भिजवाया। हालांकि अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में उनकी मौत हो गई।

मृतक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि राजेश मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। उनकी असामयिक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

### पानी की टंकी के पास फिर हादसा

स्थानीय लोगों का कहना है कि पानी की टंकी के पास शराब का ठेका होने के कारण यहां हमेशा भीड़भाड़ बनी रहती है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। ग्रामीणों के अनुसार पिछले एक वर्ष में इस स्थान पर कई हादसे हो चुके हैं और कई लोगों की जान जा चुकी है। लोगों ने प्रशासन से क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। इस संबंध में झालू चौकी प्रभारी कुलदीप कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।


## बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत

**नांगल सोती।** नहर पटरी मार्ग पर दो बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। जिसमें में एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज शाम करीब चार बजे नांगल-भागूवाला नहर पटरी मार्ग पर ग्राम सराय आलम के सामने एक बड़ा हादसा हो गया। हादसे में सराय आलम निवासी सलमान (20 वर्ष) पुत्र बल्लू और शहजादपुर निवासी प्रियांशु उर्फ पीयूष की बाइक आमने-सामने से टकरा गई। दुर्घटना में सलमान की मौके पर ही मौत से परिवार में कोहराम मच गया। वहीं दूसरी बाइक सवार प्रियांशु गंभीर घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए समीपुर अस्पताल भेजा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर सलमान का शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। बताया जा रहा कि मृतक सलमान नहर मार्ग पार कर भूरिया स्रोत आश्रम की तरफ जा रहा था।

# बाट-तराजु पर मोहर लगाने की व्यवस्था ठप

## करीब 20 वर्षों से नहीं चला सत्यापन अभियान, नगर में चर्चा का विषय



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर व क्षेत्र में बाट व तराजुओं की जांच और उन पर विभागीय मोहर लगाने की व्यवस्था लंबे समय से बंद पड़ी होने की चर्चा नगर में जोरों पर है।

नागरिकों का कहना है कि वर्षों से बाजार में उपयोग हो रहे अनेक पुराने बाट-तराजुओं का सत्यापन नहीं हुआ है। जिससे सही तौल व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं। नगर में चर्चा है कि लगभग 20 वर्ष पूर्व तक संबंधित विभाग के कर्मचारी समय-समय पर नगर पालिका सहित अन्य स्थानों पर शिविर लगाकर बाट-तराजुओं की जांच करते थे। जांच के बाद मानकों के अनुरूप पाए जाने वाले बाट व तराजुओं पर विभागीय मोहर लगाई जाती थी। उस समय इसके लिए सार्वजनिक रूप से प्रचार-प्रसार भी कराया जाता था, ताकि अधिक से अधिक लोग अपने बाट व तराजुओं का सत्यापन करा सकें। नागरिकों का कहना है कि पिछले कई वर्षों से न तो इस प्रकार के शिविर हुए हैं और न ही सत्यापन संबंधी कोई विशेष अभियान चलाया गया है। इसके चलते बाजार में पुराने लोहे के बाट और पारंपरिक तराजुओं का उपयोग लगातार जारी है। हालांकि यह कहना कठिन है कि इनमें तौल की कोई गड़बड़ी है। लेकिन नियमित जांच न होने से नागरिकों के मन में शंकाएं अवश्य पैदा हो रही हैं।

नगर में यह भी चर्चा है कि बढ़ती महंगाई के दौर में सही तौल व्यवस्था पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। फल, सब्जी, अनाज किराना और अन्य आवश्यक वस्तुओं की खरीद-फरोख्त तौल के आधार पर होती है। ऐसे में उपभोक्ताओं को यह भरोसा होना चाहिए कि उन्हें निर्धारित मात्रा में ही सामान प्राप्त हो रहा है।

जानकार बताते हैं कि विधिक माप विज्ञान लीगल मेट्रोलॉजी व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य व्यापा. रिक लेन-देन में पारदर्शिता बनाए रखना और उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा करना है। नियमित सत्यापन से यह सुनिश्चित किया जाता है कि उपयोग में लाए जा रहे बांट और तराजू निर्धारित मानकों के अनुरूप हैं। नागरिकों का कहना है कि पुराने समय की तरह यदि पुनः सत्यापन शिविर लगाए जाएं और बांट-तराजुओं की जांच कर विभागीय मोहर लगाने की प्रक्रिया शुरू की जाए, तो इससे उपभोक्ताओं और व्यापारियों दोनों का विश्वास मजबूत होगा। साथ ही बाजार में पारदर्शिता बढ़ेगी और सही तौल व्यवस्था को भी बल मिलेगा। नागरिकों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि नगर में विशेष अभियान चलाकर बाट-तराजुओं की जांच कराई जाए, ताकि उपभोक्ताओं को सही मात्रा में सामान मिलने का भरोसा कायम रह सके और वर्षों से बंद पड़ी यह व्यवस्था फिर से सक्रिय हो सके।

# जिला सैनिक बंधु की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कलेक्ट्रेट में आयोजित जिला सैनिक बंधु बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने कहा कि पूर्व सैनिकों की समस्याओं के निदान के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है और उनकी सभी शिकायतों का प्रभावी ढंग से निस्तारण कराया जाएगा।

डीएम जसजीत कौर ने कहा कि प्रदेश सरकार ने उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए सैनिक बंधु बैठक के रूप में जो प्लेटफार्म दिया है, जिला प्रशासन इसका भरपूर लाभ उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि देश की सेवा करने वाले सैनिकों एवं उनके परिवारों के हितों का संरक्षण प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी पूर्व सैनिक शिकायतकर्ताओं की शिकायत को बहुत ही ध्यानपूर्वक सुना और सम्बंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के लिए कहा गया। बैठक में पूर्व सैनिकों द्वारा सड़क, भूमि विवाद, शस्त्र लाइसेंस, अवैध अतिक्रमण आदि के संबंध में शिकायतें डीएम के समक्ष प्रस्तुत की गई। उन्होंने प्राप्त शिकायतों के सापेक्ष शिकायतकर्ताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन उनकी शिकायतों के समाधान के लिए गंभीर है और सभी समस्याओं का प्राथमिकता के साथ समयपूर्वक तत्पर के साथ निस्तारण कराया जाएगा।

बैठक के दौरान जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन अनिल गुप्ता सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं पूर्व सैनिक बंधु मौजूद थे।

# रोडवेज बस के परिचालक से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** हरिद्वार से कानपुर जा रही रोडवेज बस में देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब एक यात्री ने बस के परिचालक के साथ जमकर मारपीट कर दी। घटना धामपुर के नगीना चौराहे के पास हुई, जहां आरोपी यात्री ने बस रुकवाकर परिचालक को नीचे उतार लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। घटना से बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार आजाद नगर डिपो की रोडवेज बस हरिद्वार से यात्रियों को लेकर कानपुर जा रही थी। बीती रात लगभग 9:45 बजे बस जैसे यहां नगीना चौराहे के समीप पहुंची, तभी एक यात्री और परिचालक के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद



## यात्रियों में मची अफरा-तफरी

इतना बढ़ गया कि यात्री ने परिच. ालक दीपक शुक्ला निवासी आजाद नगर, कानपुर के साथ मारपीट शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरोपी ने परिचालक को बस से नीचे उतारकर भी पीटा। घटना के दौरान बस में मौजूद कई यात्रियों ने अपने मोबाइल फोन से वीडियो भी बना लिया। मारपीट की घटना से बस में बैठे यात्रियों में भय और असमंजस की स्थिति पैदा हो गई। कुछ यात्रियों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराने का प्रयास किया।

घटना के बाद यात्रियों और बस कर्मियों ने मिलकर आरोपी को पकड़ लिया और बस सहित उसे कोतवाली धामपुर ले जाया गया। वहां परिचालक द्वारा आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू की गई। बताया जाता है कि कानूनी कार्रवाई और पूछताछ के चलते रोडवेज बस करीब पांच घंटे तक कोतवाली परिसर में खड़ी रही, जिससे यात्रियों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। वहीं रोडवेज कर्मियों ने परिचालक के साथ हुई मारपीट की घटना पर नाराजगी जताते हुए आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है तथा शिकायत के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## एक नजर

### जन चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं



**नांगल सोती।** जन चौपाल में पुलिस ने साइबर अपराध से बचने के लिए ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी। इस दौरान पुलिस ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही उनका निस्तारण किया। बीती रात थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने ग्राम जीतपुर स्थित रविदास धर्मशाला में जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही उनका निस्तारण किया। थानाध्यक्ष ने कहा कि देश में साइबर अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। जिससे सावधान रहने की जरूरत है। अपराध के प्रति अपने आप भी सतर्क रहें और दूसरों को भी सतर्कता बरतने की सलाह दें। ऑनलाइन ठगी का शिकार होने पर तत्काल 1930 पर कॉल करें। ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों को पुलिस के साथ रात्रि में गांव में गश्त करने के लिए कहा। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के गांव में घूमने और अपराध की सूचना तत्काल पुलिस को देने की ग्रामीणों से अपील की, साथ ही गर्मियों के दिनों में महिलाओं को जेवरात पहनकर खुले में सोने के प्रति सचेत रहने की सलाह दी।

### कव्वाली मुकाबले का लुत्फ उठाया



**नजीबाबाद।** कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम हिंदूपुर में हजरत अड़ीशाह बाबा के मजार पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी चार दिवसीय 64वां उर्स मुबारक का आयोजन किया गया। जिसमें कव्वाल नाजिम साबरी व सायबा चिश्ती के बीच जोरदार मुकाबला हुआ। दर्शकों ने कव्वाली मुकाबले का लुत्फ उठाया। इस मौके पर मेला कमेटी के संरक्षक दिलशेर, अहमद सिद्दीकी, महताब अहमद, मौहम्मद आवैश, जाकिर हुसैन, नजाकत हुसैन, जाहिद हुसैन, साहिद हुसैन एवं कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

### 11 जून से जनजागरण यात्रा

**बिजनौर।** अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिम जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने बताया कि पुरानी पेंशन बहाली व बेरोजगार युवाओं के रोजगार की मांग एवं निजीकरण के विरोध में अटेवा पेंशन बचाओ मंच के प्रांतीय आह्वान पर राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में 11 जून को लखनऊ के काकोरी शहीद स्थल से जनजागरण यात्रा निकाल जाएगी। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिम जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए अटेवा के संघर्ष के क्रम में 11 जून को होने वाली जनजागरण यात्रा ऐतिहासिक होगी और पुरानी पेंशन बहाली के संघर्ष में मील का पत्थर साबित होगी। संघर्ष की बदौलत देश के कई राज्यों में पुरानी पेंशन बहाल हुई है और उत्तर प्रदेश में भी संघर्ष से बहाल होगी। आज एनपीएस वन निजीकरण को लेकर शिक्षकों एवं कर्मचारियों में अत्यंत रोष व्याप्त है। जिसे सरकार को समझना होगा और शीघ्र पुरानी पेंशन बहाल करनी होगी। जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं होगी तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

### पथ विक्रेताओं को मिलेगा ऋण

**बिजनौर।** परियोजना अधिकारी डूडा ने बताया है कि निदेशक राज्य नगरीय विकास अभिकरण (सूडा)/ शासन के निर्देशानुसार जनपद की समस्त नगर पालिका व नगर पंचायत क्रमशः ब्लाक मौहम्मदपुर देवमल में पंचायत रशीदपुर गढ़ी, ब्लाक नजीबाबाद में पंचायत तातरपुर लल्लू, ब्लाक कोतवाली में पंचायत कोतवाली, ब्लाक नहटौर में पंचायत सदरूद्दीन नगर, ब्लाक जलीलपुर में पंचायत बस्टा, ब्लाक धामपुर में पंचायत अल्हैपुर एवं पंचायत हुसैनपुर में 01 जून से 30 जून तक पीएम स्वनिधि योजना अंर्तगत 'लोक कल्याण मेले' का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष अभियान का उद्देश्य शहरी पथ विक्रेताओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना तथा उन्हें विभिन्न सराकरी योजनाओं से जोड़ना है। मेले में नए पंजीकरण कराए जाएंगे तथा पात्र लाभार्थियों को 15 हजार रुपए, 25 हजार व 50 हजार रुपए का ऋण स्वीकृत एवं वितरित किया जाएगा। इसके अलावा जिन लाभार्थियों ने पूर्व में प्राप्त ऋण का सफलतापूर्वक भुगतान कर दिया है, उन्हें क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी संचालित की जाएगी। अभियान के अंर्तगत सरकार की अन्य आठ कल्याणकारी योजनाओं से वेंडरों एवं उनके परिवारों को जोड़ने के लिए प्रोफाइलिंग का कार्य भी किया जाएगा। साथ ही साथ पथ विक्रेताओं को डिजिटल लेन-देन के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा तथा डिजिटल रूप से सक्रिय बनाया जाएगा। अधिक जानकारी के कार्यालय जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) कमरा नं. 301 विकास भवन बिजनौर में सम्पर्क कर सकते हैं।

# पत्नी से कथित संबंधों के विवाद में युवक की हत्या का आरोप

## दो आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ग्राम पाडली मांडू में शुभम सैनी की हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना के पीछे कथित संबंधों से उपजे विवाद को वजह बताया है। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपियों ने दावा किया कि मृतक और आरोपी के परिवार के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था, जिसके चलते यह घटना हुई।

पुलिस के मुताबिक ग्राम पाडली मांडू निवासी शुभम सैनी के लापता होने के बाद परिजनों की शिकायत पर जांच शुरू की गई थी। बाद में हत्या का मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने मामले की पड़ताल तेज कर दी। आज पुलिस ने मामले में वांछित दो आरोपियों अंकुश और गौरव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि शुभम सैनी और अंकुश की पत्नी के बीच कथित संबंधों को लेकर गांव में चर्चा होने लगी थी। आरोपियों का दावा है कि इस बात को लेकर कई बार समझाने का प्रयास भी किया गया, लेकिन विवाद समाप्त नहीं हुआ। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने पूछताछ में यह भी कहा कि 22 मई को भी मृतक को आरोपी के परिवार से जुड़ी महिला के साथ देखा गया था, जिसके बाद उनके मन में आक्रोश बढ़ गया।

पुलिस का कहना है कि पूछताछ में आरोपियों ने बदनामी और शर्मिंदगी के डर को घटना का कारण बताया है। हालांकि पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है और सभी पहलुओं पर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर मृतक शुभम सैनी का आधार कार्ड भी बरामद किया गया है। मामले में साक्ष्य छिपाने से संबंधित धाराएं भी बढ़ाई गई हैं। एक अन्य नामजद आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

# मासूम बच्चों की सेहत पर खतरा

## एक्सपायरी खाद्य सामग्री की शिकायतों से बढ़ी चिंता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर क्षेत्र में बच्चों द्वारा सर्वाधिक उपयोग किए जाने वाले पैक्ड खाद्य पदार्थों की बिक्री को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। नागरिकों ने बाजार में एक्सपायर खाद्य सामग्री बिकने की शिकायत करते हुए संबंधित विभाग से व्यापक जांच अभियान चलाने और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगर के विभिन्न बाजारों और मौहल्लों में स्थित दुकानों पर बिस्कुट, चॉकलेट, कुरकुरे, टॉफी, नमकीन तथा अन्य पैक्ड खाद्य सामग्री खुलेआम बेची जा रही है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि कुछ स्थानों पर एक्सपायर हो चुके उत्पाद भी बिक्री के लिए रखे जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं, हालांकि इन शिकायतों की पुष्टि संबंधित विभाग की जांच के बाद ही हो सकेगी। नागरिकों का कहना है कि छोटे बच्चे आकर्षक पैकिंग और विज्ञापन से प्रभावित होकर इन उत्पादों का अधिक सेवन करते हैं। ऐसे में यदि किसी भी प्रकार की एक्सपायर या निम्न गुणवत्ता वाली खाद्य सामग्री बाजार में बिक रही है, तो यह सीधे तौर पर बच्चों के स्वास्थ्य के लिए खतरा साबित हो सकती है। अभिभावकों में भी इस मामले को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार एक्सपायरी तिथि पार कर चुके खाद्य पदार्थों का सेवन पेट दर्द, उल्टी-दस्त, फूड प्वाइजनिंग तथा अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। विशेष रूप से बच्चों पर इसका प्रभाव अधिक पड़ सकता है। यही कारण है कि खाद्य पदार्थ खरीदते समय उनकी निर्माण और समाप्ति तिथि की जांच को बेहद जरूरी माना जाता है। नागरिकों कहना है कि खाद्य सुरक्षा विभाग को समय-समय पर बाजारों में विशेष जांच अभियान चलाना चाहिए। दुकानों पर रखे खाद्य उत्पादों के नमूने लेकर उनकी गुणवत्ता की जांच कराई जानी चाहिए तथा एक्सपायर सामग्री मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। नागरिकों का मानना है कि नियमित निरीक्षण से ऐसी अनियमितताओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है।

नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि बच्चों और आम उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए खाद्य सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जाए। साथ ही नागरिकों को भी जागरूक किया जाए कि किसी भी खाद्य सामग्री को खरीदने से पहले उसकी एक्सपायरी तिथि अवश्य जांचें और किसी भी प्रकार की संदिग्ध सामग्री मिलने पर संबंधित विभाग को इसकी सूचना दें। लोगों का कहना है कि बच्चों का स्वास्थ्य किसी भी समाज की सबसे बड़ी पूंजी होता है। ऐसे में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए।

संबंधित विभाग द्वारा नियमित निगरानी सघन जांच अभियान और प्रभावी कार्रवाई ही इस समस्या का स्थायी समाधान साबित हो सकती है।

# सोशल मीडिया पर सीएम के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी का आरोप

## पूर्व विधायक डा. इंद्रदेव ने की कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पूर्व विधायक डा. इंद्रदेव सिंह ने सोशल मीडिया पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में शेरकोट पुलिस को शिकायती पत्र देकर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में पूर्व विधायक डा. इंद्रदेव सिंह ने बताया कि एक जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बिजनौर आगमन के दौरान उन्होंने आलमपुर गांवड़ी क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया था। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के स्वागत से संबंधित एक फोटो उन्होंने अपने फेसबुक अकाउंट पर साझा की थी।

पूर्व विधायक का आरोप है कि उक्त पोस्ट पर "Rehan Veer" नामक फेसबुक आईडी से टिप्पणी की गई, जिसमें मुख्यमंत्री के प्रति आपत्तिजनक एवं अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। उनका कहना है कि इस प्रकार की टिप्पणी से बड़ी संख्या में लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं।

शिकायती पत्र में उन्होंने यह भी उल्लेख किया है कि संबंधित फेसबुक आईडी संचालक की वास्तविक पहचान की जांच कर उसके विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने पुलिस से मामले की जांच कर रिपोर्ट दर्ज करने तथा दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है।

पूर्व विधायक ने कहा कि सोशल मीडिया पर सार्वजनिक पदों पर आसीन व्यक्तियों के प्रति अभद्र एवं आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग सामाजिक सौहार्द और मर्यादा के विपरीत है। ऐसे मामलों में कानून के अनुसार कार्रवाई होनी चाहिए।

# श्रीरामगंगा फाउंडेशन चलाएगी सफाई अभियान

## प्रशासनिक सहयोग के लिए बीडीओ को दिया ज्ञापन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पांच जून को आयोजित होने वाले व्यापक रामगंगा सफाई अभियान को सफल बनाने के लिए श्रीरामगंगा फाउंडेशन ने बीडीओ अफजलगढ़ को ज्ञापन सौंपकर प्रशासनिक सहयोग की मांग की है। संस्था ने अभियान में ग्राम पंचायतों, जनप्रतिनिधियों तथा स्थानीय नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कराने का अनुरोध किया है।

ज्ञापन में बताया गया कि संस्था पिछले पांच वर्षों से पर्यावरण संरक्षण, जल स्रोतों के संवर्धन तथा प्रकृति संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रामगंगा नदी के दोनों तटों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। अभियान ग्राम पंचायत इस्लामनगर तथा कुआंखेड़ा क्षेत्र में आयोजित किया जाएगा, जहां नदी किनारों पर फैली गंदगी, पॉलीथिन, प्लास्टिक कचरा तथा अन्य अपशिष्ट पदार्थों को हटाने का कार्य किया जाएगा। ज्ञापन में बीडीओ से अनुरोध किया गया है कि संबंधित ग्राम पंचायत अधिकारियों, ग्राम विकास अधिकारियों तथा ग्राम प्रधानों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएं, ताकि वह अपने क्षेत्र में अभियान को सफल बनाने में सहयोग प्रदान कर सकें। साथ ही नदी तटों पर सफाई व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए अतिरिक्त सफाई कर्मियों की तैनाती भी सुनिश्चित कराई जाए।

फाउंडेशन पदाधिकारियों का कहना है कि रामगंगा नदी क्षेत्र की जीवनरेखा है और इसके संरक्षण के लिए केवल सरकारी प्रयास ही नहीं, बल्कि जनसहभागिता भी जरुरी है। उन्होंने कहा कि नदी में बढ़ते प्रदूषण, प्लास्टिक कचरे और गंदगी को रोकने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को आगे आना होगा। विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित यह अभियान लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ स्वच्छ नदी और स्वच्छ पर्यावरण का संदेश भी देगा। फाउंडेशन ने क्षेत्रवासियों, सामाजिक संगठनों, विद्यार्थियों और युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में अभियान में शामिल होकर पर्यावरण संरक्षण की इस मुहिम को जन आंदोलन का रूप देने की अपील की है। संस्था का विश्वास है कि प्रशास. निक सहयोग और आमजन की सहभागिता से रामगंगा नदी को स्वच्छ एवं प्रदूषणमुक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया जा सकेगा।

ज्ञापन सौंपने के दौरान फाउंडेशन के संस्थापक विनोद कुमार, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपक सिरोही तथा सामाजिक कार्यकर्ता विपिन यादव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अफसरों के नौकर पुत्र बना दिए गए सरकारी कर्मचारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जब-जब बड़े स्तर पर हुए घपलों पर पड़ा पर्दा उठा है तो उसके पीछे ऐंसे चेहरे सामने आए हैं जिनकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी, लेकिन निजि स्वार्थ की खातिर सबकुछ भुला दिया जाता है। ऐंसे अधिकारी अपने घरों पर काम करने वाले निज नौकरों को अधीनस्थ विभाग में चोरी-छिपे सरकारी कर्मचारी बनवा देते हैं।

**हालात**

**०विभागों में तैनात घरों पर करते हैं काम**

शिक्षा के मंदिरों में रिक्त पदों पर चलते खेलों में अफसरो की भी पूरी भूमिका होती है। कई वित्तीय सहायत प्राप्त स्कूलों का पिछला रिकोर्ड खंगाला जाये ओर उसकी गोपनीय जांच करायी जाये तो ऐंसे नाम सामने आने में ज़रा भी देर नहीं लगेगी जो अफसरों के घरों पर चौका बर्तन और झाड़ू लगाने वाले भी कर्मचारी बना दिये गए। यह हाल प्रशासनिक अफसरों का ही नहीं रहा,बल्कि शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों का भी रहा है। कई ऐंसे स्कूल जिनमें पहले तो घरेलू नौकर रखा गया, जब मौका आया और स्कूल में पद रिक्त देखा तो गोपनीय प्रक्रिया कराकर उसे उसका कर्मचारी बनवा दिया गया। इतना ही नहीं ऐंसा भी होता आया है कि कुछ को स्कूलों में संविदा पर कर्मचारी बनवाया और घरों पर काम कराया, मौका देखते ही उसको पक्का कराकर सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिलवा दिया। पूर्ववर्ती सरकारों में नियुक्तियों में चले इसे खेल में एक नही,बल्कि निजि स्वार्थ की खातिर किये गए खेल में शामिल कई अफसरों के नाम भी सामने आ सकते है चर्चो हैं बरसों पूर्व में तहसीलदार के अर्दली पुत्र को भी नगर के कॉलेज में ऐंसे ही नियुक्ति दिलायी गयी थीं।



सम्भल। भारत अमेरिका मुक्त समझौते के विरोध में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देते किसान।

# पांच प्रगणक व एजूकेटर किए सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** प्रदेश भर में भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अन्तर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य प्रारम्भ हो गया है। इसके तहत प्रगणक एवं सुपरवाइजर घर-घर जाकर मकानों का सूचीकरण एवं गणना कार्य कर रहे हैं।

जनगणना के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले 05 प्रगणकों ईसीसीई एजुकेटर सैंजनी रचना सिंह तथा ईसीसीई एजुकेटर मई रेशू शर्मा तथा सहायक अध्यापक चितनपुर मेघा वार्ष्णेय, शिक्षामित्र भोजराज सिंह तथा सहायक अध्यापक भीकनपुर मनोज कुमार को उपजिलाधिकारी चंदौसी नीतू रानी द्वारा कार्यालय पर एक पुष्प तथा पुस्तक तथा शॉल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नायब

**०जनगणना में उसही व सटीक जानकारी उपलब्ध कराने का आह्वान**

तहसीलदार चंदौसी सतेन्द्र चाहर तथा नायब तहसीलदार रजत कुमार तथा आर. के एवं लेखपाल अर्पित सक्सेना उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि जनपद सम्भल में जनगणना 2027 के प्रथम चरण हेतु कुल 4080 प्रगणक एवं 680 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं। ये सभी कार्मिक 22 मई से 20 जून 2026 तक घर-घर जाकर सूचनाएं एकत्रित करेंगे। जनपद प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई है कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण में पूछे जाने वाले कुल 33 प्रश्नों के सही एवं सटीक उत्तर उपलब्ध कराएं, क्योंकि इन आंकड़ों के आधार पर भारत सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं एवं नीतियों की रूपरेखा तैयार की जाती है। साथ ही नागरिकों से यह भी अपेक्षा की गई है कि वे प्रगणकों को आवश्यक सहयोग प्रदान करें, जिससे यह महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य सुचारु, पारदर्शी एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सके।

# भारत अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते का विरोध

**०संयुक्त किसान मोर्चा राजनीतिक मंच की और से राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा**

**०ज्ञापन में किसानों, पशु पालकों,डेयरी उत्पादकों तथा कृषि आधारित क्षेत्रों के हितों की रक्षा को हस्तक्षेप की मांग**

**०व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने से पहले किसान संगठनों से किया जाए व्यापक परामर्श**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** संयुक्त किसान मोर्चा राजनीतिक मंच की ओर से भारत-अमेरिका के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लेकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में किसानों, पशुपालकों, डेयरी उत्पादकों तथा कृषि आधारित क्षेत्रों के हितों की रक्षा के लिए हस्तक्षेप की मांग की गई।

डिप्टी कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि भारत की लगभग आधी आबादी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि एवं उससे जुड़े व्यवसायों पर निर्भर है, जबकि अमेरिका की कृषि बड़े पैमाने पर यंत्रीकृत एवं सरकारी सब्सिडी आधारित है। ऐसे में दोनों देशों के कृषि उत्पादों के बीच सीधी प्रतिस्पर्धा भारतीय किसानों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकती है। किसान संगठन ने आशंका जताई कि यदि कृषि, डेयरी, पोल्ट्री और पशुपालन से जुड़े उत्पादों को मुक्त व्यापार समझौते में शामिल किया गया अथवा अमेरिकी उत्पादों को कम शुल्क पर भारत में प्रवेश दिया गया, तो भारतीय किसानों, ग्रामीण रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। ज्ञापन में डेयरी, पोल्ट्री और खाद्य सुरक्षा पर भी खतरे की बात कही गई है। ज्ञापन में राष्ट्रपति से मांग की गई कि भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते से कृषि, डेयरी, पोल्ट्री, पशुपालन और मत्स्य पालन क्षेत्रों को पूरी तरह बाहर रखा जाए। साथ ही अमेरिकी कृषि उत्पादों के आयात पर विशेष रियायतें न देने, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) और खाद्य सुरक्षा संबंधी नीतियों से कोई समझौता न करने की मांग भी की गई।संयुक्त किसान मोर्चा ने कहा कि किसी भी व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने से पहले किसान संगठनों से व्यापक परामर्श किया जाए तथा कृषि क्षेत्र पर पड़ने वाले आर्थिक और सामाजिक प्रभावों का स्वतंत्र अध्ययन कराया जाए। उल्लेखनीय है कि हाल के महीनों में विभिन्न किसान संगठनों ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए देशभर में विरोध कार्यक्रम और ज्ञापन अभियान चलाए हैं। इसमें पेपर काफी संख्या में किसान मौजूद रहे,जिसमें भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक मंच के जिला अध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा के साथ कौशल क्रांतिकारी गिरधारी सिंह रोधारा यादव शबाब रामेश्वर यादव सोमवीर राजपाल मुकेश सतपाल नेम सिंह पप्पू रशीद सरपंच छमन विजयपाल भगवान सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

## नालियां चौक सड़कों पर भरा पानी

**सम्भल( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** मामूली बरसात में ही सड़के तालाब बन जाती है। गुरूवार को भी हुई बारिश में नालियां चौक होने से स्टेट बैंक तिराहा से एजेंटी तिराहा तक सड़क तालाब बनी रहौ।

# 48 साल बाद दंगा पीड़ित परिवार को दिया अवासीय पट्टा

**०भूमि पूजन कर रखी भवन निर्माण की नींव**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** 48 साल पूर्व हुए साम्प्रदायिक दंगे में पलायन कर गये पीड़ित परिवार को पुर्नवास को मुख्यमंत्री के निर्देशों पर 100 वर्गगज भूमि का पट्टा आवंटित किया गया। जनपद के प्रभारी मंत्री और मंडलायुक्त मुरादाबाद मंडल मुरादाबाद की मौजूदगी में कब्रिस्तान से खाली करायी गयी ग्राम समाज की भूमि पर आवासीय पटटा देने से पूर्व वैदिक मंत्रोच्चारण एवं पूजा अर्चना के साथ भवन निर्माण को भूमि पूजन कर नींव रखी गयी।

बता दें वर्ष 1978 में साम्प्रदायिक दंगों में रामशरण रस्तोगी की हत्या हो गई थी। उनके पुत्र सुभाष चन्द्र रस्तोगी परिवार समेत यहां से पलायन कर गया था। गत वर्ष उनके पौत्र कपिल रस्तोगी अपनी वृद्व माता के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले थे। मुख्यमंत्री के निर्देशों तत्कालीन जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने मृतक की पुत्रवधु रुक्मनी रस्तोगी को ग्राम शेरखां सराय (बाहर चुंगी) में आवासीय प्रयोजन हेतु 100 वर्गमीटर भूमि आवंटित की थी। दंगा प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल तथा प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की टीम ने पहल की है। गुरूवार को आवंटित भूमि ग्राम शेरखां सराय स्थित गाटा संख्या 128/2 (रकबा 0.105 हेक्टेयर) एवं गाटा संख्या 129 द्धरकबा 0.109 हेक्टेयर में स्थित है। उक्त भूमि पर अवैध कब्जा कर तारबंदी कर दी गई थी और उसे कब्रिस्तान के रूप में प्रयुक्त किया जा रहा था। जिलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा भूमि को कब्जामुक्त कराया गया था। इस दौरान मण्डलायुकत मुरादाबाद आंजनेय कुमार सिंह ने कहा कि यह दिन लम्बे प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने बताया कि दंगा प्रभावित परिवारों के मामलों की जांच एवं सत्यापन के उपरांत संबंधित पत्रवलियां शासन को भेजी जा चुकी हैं तथा अग्रिम कार्रवाई शासन के निर्देशानुसार की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशों पर दंगा पीड़ित परिवारों को पुन: सम्भल में बसाने की प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। उन्होंने कहा कि जो भी परिवार दंगों के कारण सम्भल से पलायन कर गए थे, वे अपने उपलब्ध प्रमाणों सहित जिला प्रशासन से संपर्क करें। जांच के उपरांत उन्हें भी भूमि आवंटन की कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी मंत्री जे.एस. राठौर ने कहा कि वर्ष 1978 के दंगों में जिन परिवारों के आशियाने उजड़ गए थे, उनके पुनर्वास की दिशा में यह अत्यंत भावुक एवं ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश एवं जनपद सम्भल का प्रत्येक नागरिक सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में जीवन यापन कर रहा है। शासन, प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा सभी वर्गों को न्याय दिलाने का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश दंगामुकत वातावरण की ओर अग्रसर है तथा कानून का राज स्थापित हुआ है। दंगा पीड़ित परिवारों ने वर्षों तक कठिन परिस्थितियों का सामना किया है, किन्तु अब उनके जीवन में सम्मान, सुरक्षा एवं स्थायित्व का नया अध्याय प्रारम्भ हो रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अन्य पात्र दंगा प्रभावित परिवारों के मामलों का भी शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित यि जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सत्यप्रिय सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, क्षेमनाथ तीर्थ के महंत बाल योगी दीनानाथ महाराज, उप जिलाधिकारी सम्भल निधि पटेल, क्षेत्राधिकारी सम्भल कुलदीप कुमार, भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष (पश्चिमी क्षेत्र) राजेश सिंघल, पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी, नगर पालिका परिषद बहजोई के अध्यक्ष राजेश शंकर राजू, छत्रपाल सिंह, संजय पोली तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



सम्भल- दंगा पीड़ित को आवासीय पट्टा देने से पूर्व हवन पूजन करते राज्यमंत्री।

# कंटेनर की टक्कर से युवक की मौत

**०ईद मनाने घर आया था, मृतक चालक को लिया हिरासत में**

**शाह टाइम्स, संवाददाता**

**असमोली।** असमोली थाना क्षेत्रान्तर्गत मनौटा-चौधरपुर मार्ग पर गांव शाहबाजपुर कलां में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार तारिक पुत्र स्वर्गीय जाकिर हुसैन पैदल जा रहा था, तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार कंटेनर ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में तारिक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की मां नरगिस का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि तारिक शीशे का काम सीखने के लिए दिल्ली में रहता था और ईद मनाने के लिए घर आया हुआ था। वह अगले दिन दिल्ली वापस जाने की तैयारी कर रहा था। गुरुवार को दोपहर किसी काम से बाहर अढे की ओर गया था, तभी यह हादसा हो गया। परिजनों के अनुसार तारिक सात भाई-बहनों में सबसे बड़ा था। उसकी असमय मौत से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने कंटेनर और चालक को हिरासत में ले लिया गया है। थाना प्रभारी मोहित चौधरी ने बताया कि तहरीर मिलने पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी मामले की जांच की जा रही है। वही लगभग 15 मिनट तक गुस्सा आए परिजन व ग्रामीणों ने रोड पर शव रख के जाम लगाया।

## चौकर में सेलखरी मिलावट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** मिलावट खोरी का धंधा चरम पर है। चंद खनकते सिक्कों के लालच में पशुआं को दिये जाने वाले आहार में मिलावट कर बेचा जा रहा है। मिलावटी सामान के सेवन से पशुओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

# नीलगाय से टकराई बाइक युवक की मौत

**० थाना रायसत्ती का सम्भालेंगे कार्यभार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** आगरा-मुरादाबाद हाईवे पर गुरुवार दोपहर एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। दो बाइकों के सामने अचानक नीलगाय आ जाने से यह हादसा हुआ। इस दुर्घटना में बुलंदशहर के पिता-पुत्र समेत तीन लोग घायल हुए हैं, जबकि नीलगाय की भी मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना कोतवाली गुन्नौर क्षेत्र के गांव बिचपुरी सैलाब के पास दोपहर करीब 1 बजे हुई। नीलगाय के अचानक सड़क पर आने से दो बाइकें आपस में टकरा गईं। टक्कर इतनी भीषण थी कि नीलगाय भी मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे में रामपुर निवासी रोहित (25) पुत्र धर्मपाल की मौत हो गई। वह मतवाली थाना पटवाई जिला रामपुर का रहने वाला था। उसके साथी विवेक पुत्र दिव्यपाल निवासी तिराहा थाना मिल्क रामपुर और जबकि दूसरी बाइक सवार बुलंदशहर के डिबाई निवासी नरेश चंद्र अग्रवाल पुत्र जय नारायण व उनके बेटे आकाश घायल हो गए

# पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ माँ के नाम लगाया जाएगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** जिले के प्रभारी मंत्री उ.प्र. सरकार के सहकारिता विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने प्रभारी मंत्री द्वारा केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले समेकित जनकल्याण एवं जन जागरूकता अभियान की तैयारियों की जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा की।

कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम से पूर्व प्रभारी मंत्री को गार्ड आफ ऑनर प्रदान कर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात आईसीडीएस विभाग द्वारा आयोजित गोद भराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। इसके अलावा जनपद में नव चयनित 185 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पाद एवं कृषि विभाग द्वारा तैयार किए गए श्रीअन्न उत्पाद भी उन्हें भेंट किए गए। बैठक में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 5 जून से 21 जून 2026 तक आयोजित किए जाने वाले समेकित जनकल्याण एवं जन जागरूकता अभियान की विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि अभियान का मूल भाव ह्सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण एवं सम्मान रहेगा। उन्होंने अवगत कराया कि अभियान का शुभारंभ 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस एवं एक पेड़ मां के नामह्व अभियान के साथ होगा। इसके अंतर्गत अमृत सरोवरों, तालाबों, सड़कों, राजमार्गों, नदियों एवं नहरों के किनारे व्यापक वृक्षारोपण किया जाएगा तथा नागरिकों को भी पौधारोपण हेतु प्रेरित किया जाएगा।

# स्थानांतरण पर सौरभ त्यागी को दी समारोह पूर्वक विदाई

**० थाना रायसत्ती का सम्भालेंगे कार्यभार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** थाना प्रभारी निरीक्षक सौरभ त्यागी के स्थानांतरण के बाद गुरुवार को थाना परिसर में विदाई समारोह आयोजित किया गया। उन्हें अब रायसत्ती थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने उन्हें विदाई दी। समारोह में वक्ताओं ने सौरभ त्यागी के कार्यकाल की सराहना की। उन्होंने कहा कि त्यागी ने अपने कार्यकाल के दौरान कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के साथ-साथ जनता और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया। उपस्थित लोगों ने माल्यार्पण कर उन्हें नए कार्यक्षेत्र के लिए शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में सौरभ त्यागी ने बबराला क्षेत्र में मिले सहयोग के लिए पुलिस कर्मियों और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने जोर दिया कि जनसहयोग के बिना पुलिस अपने दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन नहीं कर सकती। त्यागी ने क्षेत्रवासियों से भविष्य में भी पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। इस दौरान आशुतोष वाष्णेय, निशांत गुप्ता, अंकित, आशुतोष व पुलिस विभाग के साथी मौजूद रहे।

## 2027 में हज के लिए जारी किए दिशा-निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** हज कमेटी ऑफ इण्डिया के सर्कुलर के तहत हज एवं उमराह मंत्रालय, सऊदी अरब सरकार द्वारा हज-2027 के सम्बन्ध में प्रारम्भिक व्यवस्थाओं दिशा निर्देश एवं समय सीमा निर्धारित की गयी है, जिसके अन्तर्गत इच्छुक हज आवेदकों को अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित करने की आवश्यकता होगी। हज-2027 की अधिकारिक घोषणा शीघ्र की जायेगी। हज-2027 हेतु पासपोर्ट मशीन पठित होना आवश्यक है। हस्तलिखित पासपोर्ट मान्य नही होगा। हज-2027 के आवेदन हेतु पासपोर्ट की वैद्यता 31 दिसम्बर, 2027 तक होना आवश्यक है। नये जारी पासपोर्ट में इस बात का ध्यान रखा जायेगा कि पासपोर्ट में सरनेम/लास्ट नेम का कॉलम खाली न छोड़े। हज-2027 हेतु सभी इच्छुक आवेदकों से अपना मूल अन्तराष्ट्रीय पासपोर्ट तैयार रखे।

# सड़क बनी खलिहान, रफ्तार पर मक्के की ब्रेक

**०प्रशासन की हिदायें बेअसर**

**०राहगीर बोले अब कार्रवाई चाहिए, आश्वासन नहीं**

**०सड़क पर फसल सुखाने वालों पर हो सख्त कार्रवाई**

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** सड़कें यदि किसी क्षेत्र की जीवन-रेखा हैं, तो गुन्नौर क्षेत्र के कई मार्ग पर इन दिनों यह रेखा मक्के की फसल तले दबकर कराह रही है। किसानों द्वारा राजमार्ग को अवैध रूप से खलिहान में तब्दील कर देने से आवागमन का संकट गहरा गया है। एंबुलेंस से लेकर स्कूली बस तक, हर पहिए की गति पर मक्के के दानों ने अंकुश लगा दिया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, क्षेत्र में धान-गेहूं के बाद मक्का प्रमुख फसल है। फसल कटने के बाद उसे सुखाने के लिए किसान सीधे मुख्य मार्ग का इस्तेमाल कर रहे हैं। हाईवे की काली सड़क पर पीले मक्के की मोटी परत बिछाकर उसे घंटों धूप दिखाई जाती है। इससे सड़क की चौड़ाई आधी रह जाती है और दोपहिया वाहन फिसलकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। क्षेत्रीय नागरिकों का आरोप है कि यह समस्या नई नहीं। प्रशासन हर साल आता है, किसानों को औपचारिक हिदायत देकर चला जाता है। मगर किसानों के कानों पर जूँ तक नहीं रेंगती। वे अपनी आदत से मजबूर हैं,। ग्रामीणों का कहना है कि खेत खाली पड़े हैं, फिर भी सड़क को खलिहान बनाने की जिद समझ से परे है। इस वर्ष मक्के की बंपर पैदावार है। रात के समय सड़क पर बिछे मक्के के कारण वाहन चालकों को दूरी का अंदाजा नहीं लगता और टकराव की नौबत आ जाती है। सबसे ज्यादा परेशानी रात में चलने वाली आपातकालीन सेवाओं को होती है। सड़क पर फसल सुखाने वालों पर सख्त कार्रवाई हो और किसानों के लिए वैकल्पिक सुखाने-स्थल चिन्हित किए जाएं।मोटर वाहन अधिनियम के तहत सार्वजनिक मार्ग को अवरुद्ध करना दंडनीय अपराध है। लोगों का कहना है कि ऐसा करने वालों पर कार्यवाही अमल में लाई जाए जिससे इस पर अंकुश लग सके।

## ओले ओर बारिश से मिली कुछ देर को राहत

**सम्भल ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** झुलसाने वाली गर्मी से जन-जीवन पर असर पड़ने लगा है। गुरूवार को भी सुबह से ही तेज और झुलसाने वाली गर्मी से दोपहर को सड़कें सूनी-सूनी रहीं लेकिन देर दोपहर हुई बारिश और ओलों ने कुछ देर को ठंडक ला दी। इसी के साथ सड़कें भी तालाब बनने से नहीं रह सकीं।

## एक नज़र इधर भी



बबराला-अवैध रूप से संचालित आरामशीन पर बुल्डोजर कार्रवाई करते।

## अवैध आरामशीन उखाड़कर किया ज़ब्त

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** वन विभाग के मुन्नौर रेंज के क्षेत्रीय वन अधिकारी ब्रजमोहन के निर्देशन में दीपक बुमार वन दरोगा, सुरेग, अमित राजकुमार वन रक्षक राजकुमार व जसवीर वन विभाग की टीम ने जाकिर पुत्र मुंशी अली ग्राम गढ़ी बिचौला थाना धनारी द्वारा अवैध रूप से चला रहे आरामशीन को उखाड़ का जब्त करते हुए बड़ी कार्रवाई की गयी। क्षेत्रीय वनाधिकारी ब्रजमोहन ने कहा कि अवैध कटान और अवैध आरामशीन स्थापना में संचालक के खिलाफ आगे भी कार्रवाई की जाते रहेगी। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि अवैध कटान कराते हुए पाये जाने पर कड़ी कार्रवाई की कार्रवाई की जायेगी।

## बिजली कटौती से जन जीवन पर असर

**सम्भल ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** अघोषित विद्युत कटौती से जन-जीवन पर असर पड़ रहा है। गर्मी के साथ बिजली की ट्रिपिंग भी बढ़ती जा रही है। पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों को 24 घंटे में मात्र 6 घंटे भी विद्युत आपूर्ति नही मिल पा रही है जबकि गेंह के बाद खेतों पर बवाई का समय चल रहा है।

# दो पालियों के जिले के 13 केन्द्रों पर कराई जाएगी पुलिस भर्ती परीक्षा

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती की परीक्षायें दो पालियों में करायी जायेंगी। परीक्षा की तैयारियों को डीएम एसपी ने समीक्षा की। परीक्षायें जिले के 13 परीक्षा केन्द्रों पर करायी जायेंगी।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक/नोडल अधिकारी कुलदीप सिंह ने बताया कि जनपद में उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा 2025 को जनपद में 13 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जानी है। परीक्षा आचार्य मुक्तेश हकीम रईस स.इ. का. सम्भल, बृज रत्न सुंदर आर्य कन्या इंटर कालेज संभल, हिंद इंटर कालेज संभल ,जवाहर लाल मैमो. न. पं. इंटर कालेज सिरसी संभल, महात्मा गांधी डिग्री कालेज संभल, राजकीय कन्या इंटर कालेज संभल राजकीय कन्या इंटर कालेज सिरसी, संभल, राजकीय महाविद्यालय हयात नगर संभल, शंकर भूषण शरण जनता इंटर कालेज संभल, जेड. यू. इंटर कालेज सराय तरीन संभल, इंटरमीडिएट कालेज स्टेशन रोड बहजोई, राजकीय कन्या इंटर कालेज चमन सराय संभल, चंद्रपाल आर्य आदर्श इंटर कालेज संभल रोड बहजोई, हीरा देवी तोताराम कन्या इंटर कालेज बहजोई में आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि 13 परीक्षा केन्द्रों पर प्रत्येक पाली में कुल 4656 परीक्षार्थी भाग लेंगे। प्रशासन की ओर से अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यप्रिय सिंह नोडल अधिकारी होंगे। जनपद स्तर पर स्थापित जनपदीय कंट्रोल रूम में नामित अधिकारी कर्मचारीगण,परीक्षा की तिथियां में समय से उपस्थित रहकर लगातार परीक्षा केन्द्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की निगरानी करते हुए समस्त गतिविधियों पर नजर बनाए रखेंगे तथा कोई भी अनियमितता प्रदर्शित होने पर सर्व संबंधित को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने लिखित परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु परीक्षा केंद्रों पर नामित सेक्टर मजिस्ट्रेट के बारे में भी जानकारी दी उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्र पर तैनात पुलिसकर्मी मोबाइल का प्रयोग नहीं करेंगे परीक्षा डयूटी में लगे सभी अधिकारी कर्मचारी अपने पास पहचान हेतु परिचय पत्र आवश्यक रखेंगे और उन्होंने कहा कि महिला अभ्यर्थियों की तलाशी महिला पुलिसकर्मियों द्वारा एंक्लोजर में ही ली जाएगी उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों की चेकिंग अत्यंत सावधानी तथा गंभीरता से किया जाना अपेक्षित है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए। परीक्षा के लिए कंट्रोल रूम एवं स्ट्रांग रूम अलग-अलग होंगे उन्होंने कहा कि मोबाइल का प्रयोग पूरे तरीके से परीक्षा केंद्र पर वर्जित रहेगा विभिन्न मदों पर कार्य करने वाले कर्मचारी मोबाइल नहीं रखेगा परीक्षा की सुचिता पर विशेष ध्यान रखे जाने के निर्देश हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र के बाहर डयूटी पर लगे हुए पुलिसकर्मी भी मोबाइल का प्रयोग नहीं करेंगे अगर संज्ञान में आता है तो उसके विरुद्व कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। लिफाफे की कलर कोडिंग ,बॉक्स से आदि पर चर्चा की गई एडमिट कार्ड ,परीक्षा सामग्री ओएमआर को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए और उन्होंने कहा कि रैंडमाइजेशन के बाद ही कक्ष निरीक्षक अपने अपने परीक्षा कक्ष में जाएंगे। बैठक में हस्ताक्षर मिलान तथा मेडिकल ट्रीटमेंट को लेकर भी चर्चा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। क्लॉक रूम कर्मचारी कक्ष निरीक्षक आदि के लिए अलग एवं परीक्षार्थियों के समान के लिए अलग से बनाया जाए। अपर जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा की सुचिता पर विशेष ध्यान दिया जाए उन्होंने समस्त संबंधित नगर पालिका अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा केन्द्रों के पास टेंट पेयजल, मोबाइल टॉयलेट आदि की व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ओआरएस एवं ग्लूकोस आदि की व्यवस्था भी परीक्षा केन्द्रों के पास रहे आयरिश स्कैन एवं बायोमेट्रिक से संबंधित कार्मिक समय से परीक्षा केंद्र पर पहुंच जाएं।

**आवश्यक सूचना**

प्रस्तावित बहुउद्देशीय मतस्य जीवी सहकारी समिति सिरसी देहात, विकास खण्ड जनपद सम्भल के गठन की एक आवश्यक बैठक दिनांक 05.06.2026 को सिरसी देहात के धर्मशाला सिरसी पर दोपहर 12 बजे आयोजित की जायेगी। समिति के सभी सदस्य बैठक में हिस्सा लेकर कार्यवाही पूर्ण करायें।

(सुधीर कुमार)
मुख्य प्रवर्तक प्रस्तावित बहुउददेशीय मत्स्य जीवी सहकारी समिति सिरसी देहात

# प्रभारी मंत्री अनिल कुमार ने की कोर कमेटी की बैठक, बोले: योजनाओं का लाभ पारदर्शिता से पात्रों तक पहुंचे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के माननीय मंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री श्री अनिल कुमार ने मुरादाबाद शहर स्थित सर्किट हाउस सभागार में कोर कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जनप्रति. निधियों एवं अधिकारियों के साथ विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा कानून व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में विभिन्न विभागों को पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की स्थिति का भी परीक्षण किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने बीते माह आयोजित कोर कमेटी की बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन एवं विभागीय प्रगति के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। ठाकुरद्वारा बस अड्डे के प्रस्तावित विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज से प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस पर बताया गया कि बस अड्डे के विकास संबंधी प्रस्ताव विभाग को भेजा जा चुका है। माननीय मंत्री ने निर्देशित किया कि प्रस्ताव पर की जा रही कार्रवाई एवं प्रगति की अद्यतन रिपोर्ट अगली बैठक में प्रस्तुत की जाए। बैठक में विधायक कुंदरकी ठाकुर रामवीर सिंह द्वारा जनपद में उपलब्ध इलेक्ट्रिक बसों के संच. ालन के संबंध में प्रश्न उठाया गया। इस पर क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज ने बताया कि जनपद में पंजीकृत चार इलेक्ट्रिक बसें वर्तमान में दिल्ली मार्ग पर संचालित की जा रही हैं, जबकि अन्य उपलब्ध इलेक्ट्रिक बसों के संचालन हेतु आवश्यक तकनीकी प्रक्रियाएं मुख्यालय स्तर पर लंबित हैं। प्रभारी मंत्री ने जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि इलेक्ट्रिक बसों के संचालन एवं जनपद में उनकी उपयोगिता के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित सड़कों के किनारे कूड़ा डाले जाने से उत्पन्न समस्याओं पर चर्चा के दौरान



अधिशासी अभियंता ने बताया कि ऐसे लोगों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं तथा कूड़ा हटाने का विशेष अभियान भी संचालित किया जा रहा है। भविष्य में सड़क किनारे कूड़ा डालने से रोकने हेतु चेतावनी भी दी जा रही है। इस पर प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि सड़कों की स्वच्छता एवं यातायात सुगमता बनाए रखने के लिए प्रभावी कार्रवाई जारी रखी जाए। विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि आमजन की विद्युत बिल संबंधी शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण किया जाए। यदि किसी स्तर पर कमियां हैं तो उन्हें तत्काल दूर किया जाए। उन्होंने विद्युत चोरी के मामलों को गंभीरता से लेते हुए निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में विद्युत चोरी की संभावना या पुष्टि हो रही है, वहां विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के स्पष्ट निर्देश हैं कि सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पूर्ण पारदर्शिता के साथ पहुंचे। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आमजन के साथ शालीन एवं संवे. दनशील व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि फोन कॉल का जवाब अवश्य दें तथा लोगों को योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के लिए सक्रिय प्रयास करें। कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश में कानून व्यवस्था के संबंध में जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। आज प्रदेश में कानून का राज स्थापित हुआ है तथा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई निरंतर जारी है। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह, विधायक कुंदरकी ठाकुर रामवीर सिंह, एमएलसी श्री गोपाल अंजान, एमएलसी श्री सतपाल सैनी, महापौर श्री विनोद अग्रवाल, जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सतपाल अंतिल, उपाध्यक्ष मुरादाबाद विकास प्राधिकरण श्री अनुभव सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) श्रीमती ममता मालवीय, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) श्रीमती संगीता गौतम, अपर जिलाधिकारी (नगर) श्री अंकुर श्रीवास्तव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने नाजायज चाकू के साथ युवक को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**भोजपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत भोजपुर पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार किया है।जामा मस्जिद मोहल्ले का है आरोपीथाना भोजपुर पुलिस मंगलवार रात गश्त/चे. कंग कर रही थी। इसी दौरान आहद पुत्र स्वर्गीय नदीम निवासी मोहल्ला जामा मस्जिद, कस्बा व थाना भोजपुर को एक नाजायज चाकू के साथ पकड़ा गया।मुकदमा दर्ज कर भेजा जेलपुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना भोजपुर में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया। आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराकर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। अभियान जारीएसएसपी के निर्देश पर जिले में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने और अवैध शस्त्र के निर्माण/तस्करी में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

## बाइक चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद संभल में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए



चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बनियाठेर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। जानक. ारी के अनुसार ग्राम देवरखेड़ा निवासी ग्रीस पुत्र कंचन सिंह ने थाना बनियाठेर में तहरीर देकर बताया था कि 2 जून 2026 को वह अपनी मोटरसाइकिल संख्या यूपी 38 एम 9225 दुकान के बाहर खड़ी कर ग्राहकों को सामान दे रहा था। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी बाइक चोरी कर ली। शिकायत के आधार पर थाना बनियाठेर में मु0अ0सं0 108/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने गुरुवार को कन्थरी चौराहा, थाना बनियाठेर क्षेत्र से आरोपी शानू पुत्र मोहम्मद शकील निवासी मोहल्ला तुर्तीपुर इल्हा, थाना नखासा, जिला संभल को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली गई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। थाना बनियाठेर पुलिस की इस कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगणकों को अधिशासी अधिकारी द्वारा कराया गया सम्मानित

**कांठ ( शाह टाइम्स )** नगर पंचायत काँठ के सर्किल-8 में मकान गणना कार्य पूरा करने पर सम्मानित किया गया। बतादे की भारत की जनगणना 2027 के अंतर्गत कुल 64 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक एचएलबी तथा 11 सर्किल निर्धारित किए गए हैं। जिसमें सर्किल संख्या-8 के सभी 6 प्रगणकों ने उत्कृष्ट कार्य करते हुए अपने क्षेत्र का मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य सर्वप्रथम पूर्ण कर लिया।सर्किल-8 के सुपरवाइजर जावेद अख्तर एव प्रगणक सालीन कुमार,रचना ,शाहीदा खातून, मन्जु विश्नोई, बृजेन्द्र कुमार विश्नोई पारुल चौधरी ने लगन, निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ निर्धारित समय से पूर्व कार्य सम्पन्न कर एक मिसाल प्रस्तुत की है। उनके सराहनीय प्रयास से जनगणना कार्य की प्रगति को नई गति मिली है। अधिशासी अधिकारी /चार्ज जनगणना अधिकारी रामेश्वर दयाल ने सर्किल-8 सुपवाइजर के साथ सभी प्रगणकों को बधाई देते हुए उनके समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा की तथा कहा कि अन्य सर्किल भी इसी उत्साह के साथ अपने कार्य को शीघ्र पूर्ण करेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ लिपिक अमित कुमार बिश्नोई, कंप्यूटर ऑपरेटर नितिन बिश्नोई, मोहम्मद आफाक,अमित कुमार ठाकुर व अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे ।



## गंभीर कुपोषित बालक को उपचार के लिए पोषण पुनर्वास केंद्र भेजा गया

**बिलारी।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) की टीम द्वारा क्षेत्र के ग्राम मंगूपुरा निवासी चार वर्षीय नीरज पुत्र किसान पाल का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। बाल विकास परियोजना विभाग के सहयोग से किए गए परीक्षण के दौरान बच्चा गंभीर कुपोषण (सैम) श्रेणी में पाया गया। जांच रिपोर्ट के आधार पर बच्चे को बेहतर उपचार, पोषण देखभाल एवं चिकित्सकीय निगरानी के लिए जिला अस्पताल स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में भर्ती कराने हेतु रेफर किया गया। आरबीएसके टीम एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारियों ने बच्चे के परिजनों को स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी आवश्यक परामर्श भी प्रदान किया तथा संतुलित आहार और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि गंभीर कुपोषण से ग्रसित बच्चों की समय पर पहचान कर उन्हें उचित उपचार उपलब्ध कराना कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य है, जिससे उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास को बेहतर बनाया जा सके। इस अवसर पर आरबीएसके टीम के सदस्य, बाल विकास परियोजना विभाग का स्टाफ तथा संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे और बच्चे को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की प्रक्रिया पूरी कराई।

## गन्ना मिले जब नहीं करेंगी किसानों का भुगतान तो आखिर, कैसे होगा किसानों का विकास

**कांठ ( शाह टाइम्स )**मुरादाबाद की दो चीनी मिलों ने किसानों के गन्ना मूल्य के 51 करोड़ रुपए अभी तक नहीं चुकाए। इसी की वजह से पूरे जिले के भुगतान का प्रतिशत खराब हो गया। बिलारी और बेलवाड़ा चीनी मिलों ने पूरा भुगतान नहीं किया इसी वजह से जिले का ओवर ऑल गन्ना मूल्य भुगतान 95 फीसदी से कुछ कम रह गया।यह दोनों राणा ग्रुप की चीनी मिले हैं जिनका भुगतान नहीं हुआ है। ओवर ऑल जिले में किसानों का गन्ना मूल्य भुगतान अभी तक 874 करोड़ रुपए से ज्यादा हो चुका है यह कुल भुगतान का 94.50 प्रतिशत है। राणा ग्रुप की बेलवाड़ा चीनी मिल ने 151.31 करोड़ के सापेक्ष 120.42 करोड़ रुपए का भुगतान किया है। वहीं बिलारी चीनी मिल ने 180.35 करोड़ के सापेक्ष 160 करोड़ रुपए का गन्ना मूल्य भुगतान किया है। इस तरह बेलवाड़ा ने लगभग 80 और बिलारी ने लगभग 89 फीसदी भुगतान किया है।

इन्हीं मिलों के बकाए की वजह से जिले में ओवर ऑल गन्ना मूल्य भुगतान की सुई 95 प्रतिशत से नीचे ठहर गई है। वहीं दूसरी ओर रानी नागल और अगवानपुर चीनी मिलों ने अपना 100 प्रतिशत गन्ना मूल्य भुगतान कर दिया है।

## शाम होते होते बन गए मौसम बिगड़ने के आसार

कांठ (शाह टाइम्स) दिन भर गर्मी से पसीना पसीना होने के बाद शाम होते ही मौसम बिगड़ने के आसार बन गए हैं लेकिन आंधी आने के बाद लोगों को बिजली जाने का खतरा भी सता रहा है।

सभी जानते हैं कि दो-तीन दिनों से भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है लोग घर से निकलते ही पसीना पसीना हो रहे हैं और ऐसे में बिजली कटौती और भी लोगों को रुलाने का काम कर रही है। मगर दोपहर बाद अचानक मौसम में बदलाव होना शुरू हो गया धुंध छाने लगी और हवा की रफ्तार भी तेज हो गई। इससे लोगों को राहत तो मिल गई लेकिन आंधी आने के कारण बिजली गुल होने और आम की फसल में नुकसान होने का खतरा भी पैदा हो गया है।

## व्यापारी संवाद कार्यक्रम में पहुंचे उपायुक्त व सहायक आयुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर में व्यापार मंडल कार्यालय में राज्य कर विभाग द्वारा आयोजित व्यापारी संवाद कार्यक्रम में डिप्टी कमिश्नर विनीत कुमार सिंह असिस्टेंट कमिश्नर भूमिका शर्मा, राज्य कर अधिकारी आनंद प्रकाश, प्रधान सहायक एकता यादव, वरिष्ठ सहायक विदित गौड़ ने व्यापारियों से संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। इस दौरान जीएसटी संबंधी प्रक्रियाओं एवं व्यापारिक समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। अधिकारियों ने व्यापारियों को विभागीय नियमों की जानकारी देते हुए उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। डिप्टी कमिश्नर ने व्यापारियों को बताया जीएसटी में पंजीकरण होने पर बिलारी नगर के दो व्यापारियों को दुर्घटना बीमा के रूप में 10-10 लाख का अनुदान मिल चुका है। तो यह व्यापारी परिवार की सुरक्षा भी



करता है। व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन ने प्रश्न किया कि यदि दुकान में आग लग जाए तो उसका क्लेम मिलने का क्या नियम है ? इस पर उन्होंने बताया कि आप लोग अपनी मांग उठाएं हम आगे तक पहुंचाएंगे,अभी तक इसका कोई प्रावधान नहीं है। कार्यक्रम में व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन, सुरेंद्र चुग शिव ओम गुप्ता पंकज चौहान ब्रज रतन प्रजापति कौशल ठाकुर इकरार हुसैन, मनोज अग्रवाल , शिव कुमार सिंघल, निखिल अग्रवाल, सलीम अहमद, विनीता रस्तोगी अरिहंत जैन विजेंद्र चंद्रवंशी राहुल वर्मा सरताज हुसैन चंदन डूडेजा समीर गुप्ता प्रेमपाल सिंह फाजिल हुसैन रमाकांत गुप्ता अमित अग्रवाल समीर जैन, अभिषेक शर्मा, आशीष भटनागर, अभिषेक चांदना एडवोकेट, मोहम्मद इकराम आदि अनेक व्यापारी एवं व्यापार मंडल पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## महिला चिकित्सालय का निरीक्षण, स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बिलारी के चिकित्सा अधीक्षक ने महिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्रसव कक्ष, नवजात शिशु देखभाल इकाई तथा अस्पताल में उपलब्ध अन्य सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया गया। चिकित्सा अधीक्षक ने चिकित्सालय में संस्थागत प्रसव की संख्या बढ़ाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित प्रसव के लिए सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों से जोड़ना आवश्यक है। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक पात्र गर्भवती महिलाओं को लाभान्वित करने के निर्देश दिए, ताकि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सके। निरीक्षण के दौरान विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई



(एसएनसीयू) की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए कम वजन वाले एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे नवजात शिशुओं को बेहतर उपचार एवं देखभाल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने कहा कि नवजात शिशुओं की समय पर पहचान, उचित उपचार और नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा चिकित्सालय में साफ-सफाई, दवा उपलब्धता, मरीजों के प्रति व्यवहार तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने पर भी जोर दिया गया। चिकित्सा अधीक्षक ने कर्मचारियों से कहा कि मरीजों को बेहतर और समयबद्ध चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। इस अवसर पर डॉ. हसन जमाल, धनंजय सिंह, सीनियर फार्मासिस्ट आर.पी. वर्मा सहित चिकित्सालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं जनहितक. ारी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

## छेड़खानी में दोषी करार को तीन साल की सजा और जुर्माना

**कांठ (शाह टाइम्स)** किशोरी से छेड़खानी के मामले में अदालत ने मुलजिम को दोषी करार देते हुए तीन साल की कैद की सजा सुनाई है। छजलैट थाना क्षेत्र में रहने वाली किशोरी ने दो अक्तूबर को संदलीपुर गांव निवासी सुधीर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें पीड़िता ने बताया कि घर में घुसकर आरोपी ने उसके साथ छेड़खानी की। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और धमकी देकर भाग गया था। इस मामले की सुनवाई पॉक्सो एक्ट कोर्ट संख्या-दो की विशेष न्यायाधीश छाया शर्मा की अदालत में हुई। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद मुलजिम सुधीर को दोषी करार देते हुए तीन साल की सजा और 30 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।


**प्रारूप-VII**
**( देखें नियम ( 1 ) )**
घरेलू हिंसा से महिला का संरक्षण अधिनियम 2005 को धारा 13 (1) के अधीन उपस्थिति के लिए नोटिस
**न्यायालय श्रीमान सीएडब्ल्यू/ एफटीसी, महोदय, मुरादाबाद।**
**वाद संख्या:** 2907 सन् 2024
**तारीख पेशी:** 14.06.2026
**महिला थाना**
**सृष्टी बनाम सोनू**
सोनू पुत्र मोहनलाल निवासी बुढ़हान पुर कालोनी मिलक खानम, रामपुर, उ.प्र., जैसा कि प्रार्थिनी ने घरेलू हिंसा से महिला का संरक्षण अधिनियम 2005 की धारा 12 DV Act. के अधीन आवेदन फाईल किया है। एतद्द्वारा आपको 14 दिवस 06 सन् 2026 को दिन के 11 बजे में व्यक्तिगत रूप से या इस न्यायालय में सम्यक रूप से अधिकृत अधिवक्ता के जरिये इस न्यायालय में कारण दर्शाने के लिए उपस्थिति होने का निर्देश दिया जाता है, कि क्या आपके विरूद्ध आवेदक द्वारा दावा किया नया अनुकोष स्वीकृत नहीं किया जाना चाहिए, जिसमें असफल होने पर न्यायालय आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही करेगा। मेरे हस्ताक्षर के अधीन और न्यायालय की मुहर के अधीन 28 मास 05 सन 2026 को जारी किया गया।
**न्यायालय**
सिविल जज (जू0डि0)
एफटीसी/ सी0एड0ब्ल्यू0, मुरादाबाद


## टीजीटी परीक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन रहा सतर्क

### सीओ कोतवाली ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**मुरादाबाद।** टीजीटी परीक्षा को सकुशल एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर



आया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी कोतवाली ने गुरुवार को विभिन्न परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी ने परीक्षा केंद्रों पर तैनात पुलिस कर्मियों की उपस्थिति की जांच की तथा सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने ड्यूटी पर मौजूद पुलिस बल को परीक्षा के दौरान पूरी सतर्कता बरतने, संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने और अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों के आसपास यातायात व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास मार्गों तथा सुरक्षा संबंधी अन्य व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने केंद्र व्यवस्थापकों से बात. चीत कर परीक्षा के सुचारु संचालन के संबंध में जानकारी प्राप्त की और आवश्यक सुझाव दिए। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि परीक्षा की निष्पक्षता और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अव्यवस्था फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संतोष व्यक्त किया और सभी कर्मियों को जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी निभाने के निर्देश दिए।

## नगर की तीन प्रमुख समस्याओं को लेकर नागरिक परिषद ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर की जन समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर नागरिक परिषद बिलारी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी बिलारी प्रिंस वर्मा को ज्ञापन सौंपकर तीन प्रमुख मुद्दों पर तत्काल ध्यान दिए जाने की मांग की। नागरिक परिषद द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि वर्ष 2013 में नगर में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के निर्माण के लिए भूमि आवंटित कर दी गई थी, लेकिन विभिन्न कारणों से आज तक चिकित्सालय भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। परिषद ने इस महत्वपूर्ण जनहितकारी परियोजना को शीघ्र शुरू कराए जाने की मांग की, ताकि नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को आयुर्वेदिक चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिल सके। ज्ञापन में नगर की जल निकासी व्यवस्था को भी गंभीर समस्या बताते हुए कहा गया कि बरसात के मौसम में कई मोहल्लों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। वर्षों से चली आ रही इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है, जिससे नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। परिषद ने नगर की नालियों और जल निक.



ासी व्यवस्था को सुदृढ़ कर स्थायी समाधान कराने की मांग उठाई। इसके अतिरिक्त परिषद ने ग्राम समाज एवं तालाबों की भूमि पर हो रहे अवैध कब्जों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। ज्ञापन में कहा गया कि नगर क्षेत्र में ग्राम समाज की भूमि तथा तालाबों की अधिकांश जमीनों पर अवैध कब्जे हो चुके हैं और यह प्रक्रिया लगातार जारी है। ऐसे कब्जों के कारण सार्वजनिक संपत्तियां सिकुड़ती जा रही हैं तथा पर्यावरणीय संतुलन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। परिषद ने प्रशासन से अभियान चलाकर अवैध कब्जों को हटाने और सार्वजनिक भूमि को सुरक्षित कराने की मांग की। उप जिलाधिकारी प्रिंस वर्मा ने ज्ञापन प्राप्त कर समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित विभागों से आवश्यक कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर नागरिक परिषद बिलारी के संयोजक डॉ. जितेंद्र दक्ष, समा. जसेवी एवं शिक्षाविद डॉ. राकेश रफीक, शकील साबरी, राकेश जैन, राक. श यादव (सभासद), केपी सिंह राणा, लटूरी सिंह, तिलक राज चांदना, फैसल रजा, रणजीत यादव, माजिद हुसैन अंसारी, अनीस अहमद, अनिल गुप्ता, रवि शंकर, हसीब अहमद, हकीम नईमुद्दीन, नरेश कश्यप सहित नागरिक परिषद के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।


**बेदखली सूचना**
मैंने अपने पुत्र लईक व लईक की पत्नि नरगिस को गलत सगंत में पड जाने एवं मेरे मेरी पत्नि श्रीमति शमीम जहाँ व मेरे परिवार के दूसरे पुत्र रईस, छोटे अनीस, नफीस एवं पुत्री सायरा, सायवा के साथ मारपीट करना तथा मेरा कहना न मानने के कारण मेने लईक का हिस्सा का पैसा देकर अपनी चल व अचल सम्पत्ति से वेदखल कर दिया है और अपने सारे रिश्ते नाते व संम्बन्ध समाप्त कर दिये है। अब कोई रिश्ता वाकी नहीं रह गया हैं। आज के बाद लईक व उसकी पत्नि नरगिस अपने द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिये स्यंम जिम्मेदार होगे। में व मेरे परिवार का कोई सम्बन्ध वास्ता नहीं होगा। **सईद अहमद पुत्र मसीत निवासी मौहल्ला चमन मुस्तफा मदरसा अन्सारियान बिलारी थाना बिलारी जिला मुरादाबाद।**
**मो0 न0 8445983104**

# पत्नी से विवाद के बाद अधेड़ ने फांसी लगा कर दी जान, परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के पाकबड़ा थाना क्षेत्र के रतनपुर कला गांव में एक अधेड़ व्यक्ति का शव फांसी के फंदे से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।



घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।जानकारी के अनुसार रतनपुर कला निवासी आरिफ पुत्र हनीफ सिलाई का कार्य करते थे और परिवार का भरण-पोषण इसी पेशे से करते थे। परिजनों के अनुसार आरिफ की अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर अनबन चल रही थी। इसी तनाव के चलते उन्होंने यह आत्मघाती कदम उठा लिया। बताया जा रहा है कि घटना के समय परिवार के अन्य सदस्य एक शादी समारोह में शामिल होने गए हुए थे, जबकि आरिफ घर पर अकेले थे।इसी दौरान उन्होंने घर के बाहर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जब आसपास के लोगों ने उन्हें फंदे से लटका देखा तो हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तत्काल परिजनों और पुलिस को सूचना दी। खबर मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे, जहां आरिफ को मृत अवस्था में देखकर उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया।सूचना पर पाकबड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया तथा पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में मामला पारिवारिक कलह से जुड़ा बताया जा रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।गांव में हुई इस घटना से शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आरिफ मेहनती व्यक्ति थे और सिलाई का कार्य कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क हादसे में पिता की मौत, बेटा घायल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** दवा लेकर बरेली से लौट रहे बाइक सवार पिता-पुत्र सड़क हादसे का शिकार हो गए।

हादसे में पिता की मौत हो गई, जबकि बेटा गंभीर रूप से घायल है। नगर के मोहल्ला कायस्तान निवासी शरीफ अहमद मलिक अपने पुत्र अनीस अहमद मलिक के साथ 1 जून को बरेली से दवा लेकर बाइक से घर लौट रहे थे। मीरगंज के पास अचानक बाइक डिवाइडर से टकराकर गिर गई। इसी दौरान किसी अज्ञात बड़े वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में पिता-पुत्र दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान शरीफ अहमद ने दम तोड़ दिया। अनीस अहमद का अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतक का शव घर पहुंचते ही कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। रिश्तेदारों ने उन्हें ढांढस बंधाया। बताया गया कि मृतक की पत्नी का पहले ही निधन हो चुका है। उनके सात बच्चे हैं - पुत्र और पुत्रियां। गमगीन माहौल में नगर के कब्रिस्तान में शरीफ अहमद मलिक के शव को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। जनाजे में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# रोडवेज बस अड्डे पर चल रहे निशुल्क जल सेवा शिविर का हुआ समापन, विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**मुरादाबाद।** भीषण गर्मी के बीच यात्रियों और आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से भारत स्काउट एवं गाइड संस्था द्वारा रामपुर रोड स्थित रोडवेज बस स्टैंड पर आयोजित 10 दिवसीय निशुल्क ठंडा पानी एवं शरबत जल सेवा शिविर का समापन समारोहपूर्वक किया गया। शिविर के समापन अवसर पर बड़ी संख्या में स्काउट-गाइड के पदाधिकारी, विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश बाल संरक्षण आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विशेष गुप्ता ने शिरकत की। उन्होंने शिविर के सफल आयोजन के लिए भारत स्काउट एवं गाइड संस्था तथा इसमें सक्रिय भूमिका निभाने वाले विद्यार्थियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सेवा भाव से किया गया कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देता है और युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक बनाता है।शिविर के दौरान विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिदिन रोडवेज बस स्टैंड पर आने-जाने वाले यात्रियों, राहगीरों एवं आमजन को निशुल्क ठंडा पानी और शरबत वितरित किया। तेज गर्मी के बीच इस सेवा कार्य से हजारों लोगों को राहत मिली। यात्रियों ने भी विद्यार्थियों के इस मानवीय प्रयास की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।समापन अवसर पर शिविर में सक्रिय योगदान देने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान देकर उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी सहयोगियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनसेवा कार्य जारी रखने का संकल्प लिया।

## किसान के घर में घुसा तेंदुआ, ग्रामीणों ने लाठी-डंडों से खदेड़ा

ठाकुरद्वारा। जंगल से निकल तेदुआ किसान के घर में घुस गया । किसान परिजनों द्वारा घर में घुसे तेंदुए को देख चीखने और चिल्लाने लगे । सीखने और चिल्लाने की आवाज सुन पड़ोसी घर की तरफ दौड़े तो बच्चे तेंदुए को देखकर दहशत मे आ गये । शोर-शराबा सुनकर बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए और लाठी-डंडों के सहारे तेंदुए को गांव से बाहर खदेड़ दिया। थाना क्षेत्र के गांव भगिया वाला निवास बालमुकुंद बीती रात अपने परिवार के साथ घर के आंगन में बैठा था इसी दौरान जंगल से निक ला तेंदुआ किसान के घर में घुस गया । तेन्दऐ को देख परिजनों की ची ख निकल गई । शोर होने पर ग्रामीण लाठी डंडे लेकर मौके पर पहुंचे तो तेंदुआ घर से निकलकर गांव के तालाब किनारे स्थित एक घर के बाहर तेंदुआ दिखाई दिया। इससे पहले भी गांव में तेंदुए की आमद की चर्चा रही थी। देर रात दोबारा तेंदुआ दिखाई देने पर लोगों ने सतर्कता बरतते हुए उसे घेर लिया। हालांकि तेंदुआ किसी पर हमला किए बिना वहां से निकल गया। ग्रामीणों ने बताया कि तेंदुए को गांव से बाहर निकालने के लिए लोगों ने काफी देर तक उसका पीछा किया। बाद में वह नजदीक के जंगल और नदी किनारे के क्षेत्र की ओर चला गया। घटना के बाद गांव में भय का माहौल बना हुआ है।

# टीएमयू में सीओई सीनियर्स की अविस्मरणीय विदाई, कल्चरल इवेंट्स ने समारोह में बांध समां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग-टीएमयू सीओई में बीटेक-सीएसई की फेयरवेल पार्टी- बाय-नरी बैश 2026 में आर्यन जैन को मिस्टर फेयरवेल और अर्पिता श्रीवास्तव को मिस फेयरवेल चुना गया। स्टुडेंट्स अदीश जैन को मिस्टर वर्सेटाइल तो सेजल जैन को मिस वर्सेटाइल, जबकि काशिश रस्तोगी को राइजिंग स्टार के सम्मान से नवाजा गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न खेलों एवम् गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टुडेंट्स को भी सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता तीन चरणों- रैंप वॉक, टैलेंट हंट एवम् प्रश्नोत्तरी दौर में हुई। टीएमयू स्टुडेंट्स के संग-संग फैकल्टी ने भी यादगार पल संजोए। इससे पूर्व ऋद्धि-सिद्धि भवन में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शंखनाद हुआ। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी, सीसीएसआईटी के विभागाध्यक्ष डॉ. रूपल गुप्ता, डॉ. अजय चक्रवर्ती, डॉ. मोहम्मद सलीम, डॉ. कामेश कुमार, डॉ. अमित कुमार, डॉ. प्रियांक सिंघल, डॉ. नरपत सिंह आदि मौजूद रहे। प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में श्रीमती मणि सारस्वत, डॉ. शालिनी निनोरिया, डॉ. प्रियांक सिंघल आदि शामिल रहे। सांस्कृतिक प्रोग्राम्स की शुरूआत गणेश वंदना से हुई। समारोह में जूनियर एवम् सीनियर स्टुडेंट्स ने अनेक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। नृत्य, समूह नृत्य, गायन, कविता पाठ और मनोरंजक प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को उत्साह और आनंद से भर दिया। फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी ने जीवन में सफलता प्राप्त करने के महत्वपूर्ण सूत्र साझा किए। उन्होंने कहा, जीवन में सफलता केवल शैक्षणिक उपलब्धियों से नहीं, बल्कि संतुलित व्यक्तित्व, अनुशासन, दूरदर्शिता और सकारात्मक सोच से प्राप्त होती है। उन्होंने कहा, करियर में उत्कृष्टता तभी संभव है, जब ज्ञान के साथ चरित्र और अनुशासन भी जुड़ा हो। विभागाध्यक्ष डॉ. रूपल गुप्ता ने स्टुडेंट्स को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा, यूनिवर्सिटी में अर्जित ज्ञान, अनुभव और संस्कार उनके जीवन की अनमोल पूंजी हैं।




**खोया-पाया सूचना**

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2018 अनुक्रमांक 0755677 व इण्टरमीडिएट वर्ष 2020 अनुक्रमांक 0550344 का प्रमाण पत्र-सह-अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। मौ0 जुनैद सादिक पुत्र जाकिर हुसैन निवासी ग्राम गजरौला जय सिंह पोस्ट सुल्तानपुर ठाकुरद्वारा मुरादाबाद।

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा मुरादाबाद, एवं बरेली स्टेशन पर पार्किंग के कार्य को IREPS के माध्यम से ठेके पर देने हेतु ई-बोलियाँ दिनांक 19.06.2026 तथा रुड़की स्टेशन पर पार्किंग के कार्य हेतु ई-बोलियाँ दिनांक 22.06.2026 को www.ireps.gov.in पर आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्ते www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1909/2026

**उत्तर रेलवे**

(मुरादाबाद मण्डल) निविदा सूचना

| क्र सं. | कार्य का नाम एवं लोकेशन | कार्य की अनुमानित लागत (रु.) | कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्यूरिटी राशि (रु.) | कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | वेबसाइट एवम कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 18/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा/मुरा./2026:- रेलवे स्टेशनों LRJ, YNRK, RSHK,DDN, HW आदि) पर केबल और आंतरिक वायरिंग प्रणालियों के उन्नयन के लिए विद्युत कार्य, साथ ही, HW और आसपास के स्थानों पर विद्युत उपकरणों के लिए अर्थिंग और सुरक्षा प्रणालियों के संवर्धन और उन्नयन के लिए विद्युत कार्य। | 25511049.69 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद | 510200.00 | 6 (छः) माह | निविदाये दिनांक 25.06.2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेगी। | वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय/मुरादाबाद |

निविदा सूचना सं. : 20/2026 दिनांक : 03.06.2026 1891/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# किसान और युवा देश की सबसे बड़ी ताकत: जयंत चौधरी

## ● रालोद राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री का भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

ठाकुरद्वारा। राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय कौशल विकास तथा उद्यमिता मंत्री जयंत चौधरी का ठाकुरद्वारा आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। निर्धारित समय से लगभग तीन घंटे दस मिनट की देरी से पहुंचे जयंत चौधरी का सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज मैदान में पूर्व विधायक विजय यादव, पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानों, युवाओं, महिलाओं, व्यापारियों और बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही। सभा को संबोधित करते हुए जयंत चौधरी ने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी समृद्धि के बिना देश का विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने, गन्ने का उचित मूल्य सुनिश्चित करने तथा कृषि लागत कम करने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाने चाहिए। गन्ना किसानों को समय पर भुगतान मिलने से उनकी आर्थिक समस्याओं का समाधान हो सकता है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश का किसान देश की खाद्य सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, लेकिन आज भी उसे सिंचाई, बिजली, फसल लागत और बाजार जैसी अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। रालोद किसानों के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए सदैव संघर्षरत रहेगी। केंद्रीय मंत्री ने युवाओं के रोजगार और कौशल विकास पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज का युवा केवल नौकरी तलाशने वाला नहीं बल्कि रोजगार देने वाला भी बन सकता है। केंद्र सरकार की विभिन्न कौशल विकास योजनाओं का लाभ उठाकर युवा अपने हुनर को निखारें और आत्मनिर्भर बनें।





उन्होंने कहा कि कौशल विकास योजनाओं के माध्यम से युवाओं को आधुनिक तकनीक, उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण तथा स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। युवा छोटे उद्योग, डिजिटल कारोबार, सेवा क्षेत्र एवं कृषि आधारित उद्योगों से जुड़कर अपना व्यवसाय स्थापित कर सकते हैं। जयंत चौधरी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य युवाओं को केवल रोजगार उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि उन्हें उद्यमी बनाकर रोजगार सृजनकर्ता तैयार करना है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और गांवों से पलायन भी रुकेगा। उन्होंने कहा कि किसान और युवा देश की सबसे बड़ी ताकत हैं। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य और युवाओं को बेहतर अवसर मिलने पर भारत विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था बन सकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकार की योजनाओं की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री के काफिले का सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज के मुख्य द्वार पर दो जेसीबी मशीनों से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। पूर्व विधायक विजय यादव ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय लोक दल हमेशा किसानों, मजदूरों और युवाओं की आवाज रही है तथा उनके हितों के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी।


**खोया-पाया सूचना**

मेरा इण्टरमीडिएट वर्ष 2009 अनुक्रमांक 416893 का प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **कु० चांदनी दूबे पुत्री उदयनारायण दूबे निवासी नगर के मोहल्ला पीपला टोला ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद।**

**खोया-पाया सूचना**

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2009 अनुक्रमांक 0718488 का प्रमाण पत्र व इण्टरमीडिएट वर्ष 2011 अनुक्रमांक 0459376 का प्रमाण पत्र-सह-अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **कु० तरन्नुम जहां पुत्री अनीस अहमद निवासी ग्राम शरीफनगर ठाकुरद्वारा मुरादाबाद।**



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



**मान्यवर कांशीराम राजकीय डिग्री कॉलिज गभाना अलीगढ़-202136**

कैराना-247774 (जिला शामली) उत्तर प्रदेश

पत्रांक: 47/लघु/अनुरक्षण/2026-27 **निविदा सूचना** दिनांक: 4.06.2026

मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय गभाना (अलीगढ़) में लघु निर्माण मद रू० 600000/- (रु० छ: लाख मात्र) व अनुरक्षण मद रु० 500000/- (रु० पांच लाख मात्र) से कार्य कराया जाना प्रस्तावित है जिसके लिए सीलबंद निविदायें दिनांक 12.06.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक आमन्त्रित की जायेगी। इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार कार्यस्थल देखते हुऐ निविदा प्रपत्र दिनांक 05.06.2026 (प्रात: 11 बजे) से निविदा शुल्क जमा कर किसी भी कार्य दिवस में अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। प्राप्त निविदायें दिनांक 12.06.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेगी। कार्य पूर्ण करने की अवधि दिनांक 30.06.2026 है। कार्य विवरण कार्यालय में उपलब्ध है। किसी भी निविदा को बिना कारण बतायें अस्वीकार करने का सर्वाधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

**भवदीय**
**डॉ0 नेत्रपाल सिंह**
**प्राचार्य**

**विजय सिंह पथिक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय**

कैराना-247774 (जिला शामली) उत्तर प्रदेश

पत्रांक: 45/लघु/अनुरक्षण/2026-27 **निविदा सूचना** दिनांक: 4.06.2026

विजय सिंह पथिक राजकीय महाविद्यालय, कैराना (शामली) में निम्न कार्यों के लिए सीलबंद निविदाये दिनांक 12.06.2026 को 12:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्यो का नाम | अनुमानित व्यय (रू.) | धरोहर राशि (रू.) |
|---|---|---|---|
| 01 अनुरक्षण मद | पीजी भवन की छत पर टाईल व सील लगाने का कार्य। | 5,00,00/- (रूपये पांच लाख मात्र)। | 8000/- (रू. आठ हजार मात्र) |
| 02 लघु निर्माण मद | महाविद्यालय परिसर में चौकीदार रूम का निर्माण। | 4,00,000/- (रू. चार लाख मात्र)। | 8000/- (रू. आठ हजार मात्र) |

इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार कार्यस्थल देखते हुऐ निविदा प्रपत्र दिनांक 05.06.2026 (प्रात: 11:00 बजे) से रू0 200.00 (रूपये दो सौ मात्र) निविदा शुल्क जमा कर, किसी भी कार्य दिवस में अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। प्राप्त निविदायें दिनांक 12.06.2026 को अपराहन 02:00 बजे उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेगी। कार्य पूर्ण करने की अवधि दिनांक 30.06.2026 है। कार्य विवरण कार्यालय में उपलब्ध है, किसी भी निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकार करने का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

**डॉ. हरेंद्र सिंह-प्राचार्य**
**वी.एस.पी.गवर्नमेंट (पीजी)**
**कैराना (शामली)।**


# युवती को भगाकर ले जाने का आरोप पिता ने लगाई इंसाफ की गुहार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तहसील ठाकुरद्वारा के मानवाला टांडा गांव से एक युवती को भगाकर ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार प्रशासन से इंसाफ की मांग कर रहा है।

शिकायतकर्ता मनोज कुमार निवासी मानवाला टांडा ने बताया कि उनकी बेटी प्रियांशी को आकाश नाम का युवक भगाकर ले गया है। मनोज कुमार इंसाफ के लिए कई जगह भटक चुके हैं। मनोज कुमार सबसे पहले ग्राम प्रधान के पास गए, लेकिन वहां से कोई मदद नहीं मिली। इसके बाद वे पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। परिजनों ने 112 पर फोन कर पुलिस को भी सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची, लेकिन अभी तक युवती की बरामदगी नहीं हो सकी है। परिजनों का कहना है कि वे लगातार अधिकारियों के पास जा रहे हैं, लेकिन अभी तक इंसाफ नहीं मिला है। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। युवती और आरोपी आकाश की तलाश जारी है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।


**खोया-पाया सूचना**

मेरा इण्टरमीडिएट वर्ष 2022 अनुक्रमांक 2225482236 का प्रमाण पत्र सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **कु० मोसीना परवीन पुत्र इंतजार निवासी ग्राम गझेड़ा आलम पो० लौंगीकला ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद।**


# पूर्व कार्यवाहक पालिकाध्यक्ष समेत चार पर 21 साल पुराने मामले में रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर में वर्ष 2005 में कोतवाली के सामने रखे गए खोखों को ध्वस्त करने, सामान और नकदी लूटने के आरोप में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने तत्कालीन कार्यवाहक पालिकाध्यक्ष समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामले के सामने आने के बाद नगर की राजनीति और व्यापारिक जगत में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। नगर के वार्ड 12 स्थित चित्रगुप्त धर्मशाला निवासी सुरेश चंद रुहेला तथा ग्राम फरीदनगर निवासी अब्दुल हमीद अली ने न्यायालय की शरण लेते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि नगर पालिका द्वारा उन्हें भूखंड संख्या 52 और 51 पर खोखा रखकर व्यवसाय करने के लिए स्थान आवंटित किया गया था। सुरेश चंद वहां हलवाई की दुकान संचालित करते थे, जबकि अब्दुल हमीद हेयर सैलून का कार्य करते थे। आरोप है कि वर्ष 2005 में तत्कालीन कार्यवाहक पालिकाध्यक्ष तथा व्यापारी भाइयों ने आपसी सांठगांठ कर उनके खोखे ध्वस्त करा दिए शिकायतकर्ताओं का कहना है कि खोखों में रखा सामान और नकदी भी उठा ली गई थी। साथ ही उनके आवंटित भूखंड पर अवैध कब्जा कर निर्माण सामग्री रख दी गई। विरोध करने पर मारपीट और धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि घटना के बाद भय और आर्थिक संकट के कारण उनका परिवार पलायन करने को मजबूर हो गया तथा उनकी आजीविका का साधन भी छिन गया। उनका आरोप है कि उस समय पुलिस से शिकायत करने के बावजूद कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। कोर्ट के आदेश के बाद कोतवाली पुलिस ने व्यापारी अवनीश सिंघल, संजय सिंघल, संजीव कुमार सिंघल तथा तत्कालीन कार्यवाहक पालिकाध्यक्ष पीयूष अग्रवाल के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में व्यापारी अवनीश सिंघल ने नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद इरफान सैफी पर नक्शा स्वीकृत कराने के नाम पर 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस के अनुसार उस मामले की विवेचना अभी जारी है। वहीं अब दर्ज हुए नए मुकदमे ने पूरे प्रकरण को नया मोड़ दे दिया है। नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद इरफान सैफी पर रंगदारी मांगने के आरोप में दर्ज मुकदमे की विवेचना अभी जारी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार दोनों मामलों की जांच अलग-अलग तथ्यों के आधार पर की जा रही है।

# महिला टी-20 विश्वकप में टूटेंगे कई बड़े रिकॉर्ड!

■ 10वां संस्करण अब तक का सबसे बड़ा टूर्नामेंट, सबसे अधिक 12 टीमें हिस्सा ले रही

**दुबई, वार्ता।** इंग्लैंड और वेल्स में 12 जून से शुरू हो रहे आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप कई बड़े रिकॉर्ड टूटेंगे वहीं अन्य रिकॉर्ड भी कायम होंगे। इस टूर्नामेंट का 10वां संस्करण अब तक का सबसे बड़ा टूर्नामेंट बनने वाला है, जिसमें सबसे अधिक 12 टीमें हिस्सा ले रही हैं और साथ ही रिकॉर्ड पुरस्कार राशि भी दांव पर लगी है। हालांकि इस टूर्नामेंट के अब तक का सबसे कड़ा मुकाबला वाला टी-20 विश्व कप होने की उम्मीद है, लेकिन इस बड़े मंच पर कई ऐसे रिकॉर्ड भी टूट सकते हैं, जिससे लोगों की उत्सुकता और बढ़ गई है।

आगामी टूर्नामेंट में ए अहम पड़ाव पार किए जा सकते हैं:- आईसीसी के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया की सुपरस्टार ऑलराउंडर एलिसे पेरी के नाम टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे अधिक (47) मैच खेलने का रिकॉर्ड है और वह इस टी-20 विश्वकप का एक ऐतिहासिंक रिकॉर्ड बनाने की कगार पर हैं। पेरी पुरुष और महिला क्रिकेट दोनों में, टूर्नामेंट के इतिहास में 50 मैच खेलने वाली पहली खिलाड़ी बनने से मात्र तीन मैच दूर हैं। पेरी इस प्रतियोगिता में सबसे सफल खिलाड़ी के तौर पर उतरेंगी, क्योंकि वह ऑस्ट्रेलिया की उन छह टीमों का हिस्सा रही हैं जिन्होंने खिताब जीता है। 35 साल की पेरी उन




सात खिलाड़ियों में से एक हैं जो इस आने वाले टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही हैं और जिन्होंने पिछले सभी नौ संस्करणों में खेला है। पेरी के अलावा, हरमनप्रीत कौर (भारत), चामरी अटापट्टू (श्रीलंका), मैरीजॉन कैप (दक्षिण अफ्रीका), स्टेफनी टेलर (वेस्ट इंडीज), सोफी डिवाइन और सूजी बिट्स (न्यूजीलैंड) भी इस टूर्नामेंट के 10वें संस्करण में अपनी 10वीं उपस्थिति दर्ज कराएंगी। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर टी-20 इतिहास (पुरा और महिला) में 200 मैच खेलने वाली पहली खिलाड़ी बनने से मात्र चार मैच दूर हैं। कौर ने भारत के लिए 196 मैच खेले हैं, संयोग से उन्होंने भारत के लिए अपना टी-20 पर्दापण 2009 के महिला टी-20 विश्वकप में किया था, जो इंग्लैंड में ही खेला गया था। ऑस्ट्रेलिया की अनुभवी तेज गेंदबाज मेगन शूट को महिला टी-20 विश्वकप में 50 विकेट का आंकड़ा छूने के लिए मात्र दो और विकेटों की जरूरत है। शूट ने इस टूर्नामेंट के पांच संस्करण खेले। उनके नाम 29 मैचों में 48 विकेट लेने का शानदार रिकॉर्ड है, उनका औसत 11.72 और इकॉनमी रेट 5.65 है। इस खास मुकाम के करीब पहुंचने वाली एक और खिलाड़ी हैं दक्षिण अफ्रीका की तेज गेंदबाज शबनिम इस्माइल, जिन्होंने इस गर्मी में होने वाले इस बड़े टूर्नामेंट के लिए टीम में वापसी की है। इस्माइल ने 2009 में हुए पहले टी-20 विश्वकप में भी खेला था, के नाम इस टूर्नामेंट के 32 मैचों में 43 विकेट हैं। न्यूजीलैंड की दिग्गज खिलाड़ी सूजी बिट्स ने पहले ही घोणा कर दी है कि यह आने वाला टूर्नामेंट उनका आखिरी होगा। इस खेल की एक दिग्गज खिलाड़ी, बिट्स, टी-20 में 5000 रन बनाने वाली पहली खिलाड़ी (पुरु और महिला क्रिकेट दोनों में) बनने से मात्र 280 रन दूर हैं। 2007 में अपना पर्दापण करने वाली व्हाइट फर्न्स की इस ओपनर ने 183 मैचों में ए रन बनाए हैं। इसमें एक शतक और 28 अर्धशतक शामिल हैं। आगामी टूर्नामेंट में तीन कप्तान - लौरा वोल्वाड्र्ट, हेले मैथ्यूज और चामरी अटापट्टू के नाम टी-20 में तीन-तीन शतक दर्ज हैं। जैसे-जैसे उनके बल्ले से रन बरसेंगे, ए तीनों इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा शतकों के रिकॉर्ड की बराबरी करने की दौड़ में शामिल हो जाएंगी( यह रिकॉर्ड अभी यूएई की ईशा ओजा (5) के नाम है। इंग्लैंड की बेहतरीन स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन मेजबान टीम के लिए एक तुरुप का पत्ता साबित होंगी। 104 मैचों में 144 विकेट लेने का उनका शानदार प्रदर्शन इस बात को साबित करता है कि इंग्लैंड को उन पर कितना भरोसा है, साथ ही, एक्लेस्टोन महिला टी-20 में 150 विकेट लेने वाली इंग्लैंड की पहली गें. दबाज बन जाएंगी। मौजूदा चैंपियन न्यूजीलैंड के लिए, इस टूर्नामेंट में एक दुर्लभ उपलब्धि हासिंल करने का मौका है। अगर व्हाइट फर्न्स अपना खिताब बचाने में कामयाब हो जाती हैं, तो वे ऐसा करने वाली दूसरी टीम बन जाएंगी। महिला टी-20 विश्वकप का खिताब एक से ज्यादा बार जीतने वाली एकमात्र टीम ऑस्ट्रेलिया है, उसने दो मौकों पर लगातार तीन-तीन बार यह खिताब जीता है, जिससे उसके कुल खिताबों की संख्या छह हो गई है। अभी, भारत की दीप्ति शर्मा महिला टी-20 में सबसे अधिक विकेट लेने वालों की लिस्ट में सबसे ऊपर हैं, उनके नाम 166 विकेट हैं। छह बार की विजेता टीम के पास इंग्लैंड और वेल्स में अपने रिकॉर्ड को और बेहतर बनाने का एक और मौका होगा। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी बार 2023 में ट्रॉफी जीती थी, और सातवां टी-20 विश्वकप खिताब जीतने का मतलब होगा कि वे महिला क्रिकेट विश्वकप में अपनी जीत की बराबरी कर लेंगे। जो किसी भी आईसीसी टूर्नामेंट में किसी भी टीम के लिए सबसे अधिक जीत का रिकॉर्ड है।

## एन से यंग से हारकर सिंधु हुई इंडोनेशिया ओपन से बाहर

**जकार्ता, वार्ता।** भारत की स्टार बैडमिटंन खिलाड़ी पीवी सिंधु को प्री क्वार्टर फाइनल में महिला ओलंपिक चैंपियन एन से यंग के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ इंडोनेशिया ओपन में उनका सफर समाप्त हो गया। आज यहां खेले गए दूसरे दौर के मुकाबले में दक्षिण कोरिया की बैडमिटंन खिलाड़ी ने दो बार की ओपलंपिक पदक विजेता सिंध के खिलाफ 44 मिनट तक चले मुक. ाबले में 21-17, 21-15 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ कोरियाई खिलाड़ी का अपनी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ रिकॉर्ड 9-0 हो गया है।पहला गेम बेहद उतार-चढ़ाव भरा रहा, लेकिन 16-16 के स्कोर के बाद टॉप सीड खिलाड़ी ने बढ़त बना ली और अगले छह में से पांच अंक अर्जित कर पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में दुनिया की नम्बर 1 खिलाड़ी पूरी तरह से हावी रहीं और शुरू से आखिर तक बढ़त बनाए रखी।

### खेल विशेष

## बंगलादेश के तेज गेंदबाजी कोच शॉन टेट ने पद छोड़ा

**ढाका, वार्ता।** बंगलादेश क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाजी कोच शॉट टेट ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार बंगलादेश के तेज गेंदबा. जी कोच शॉन टेट ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। वह पहले ही कह चुके है कि वे इस पद पर आगे काम नहीं करेंगे। टेट ने कहा कि हां, मैंने इस्तीफा दे दिया है। लेकिन उन्होंने इसके बारे में और कुछ नहीं बताया। टेट का बंगलाद. ेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के साथ अनुबंध 2027 एकदिवसीय विश्व कप तक था। उन्होंने मई 2025 में टीम जॉइन की थी और बंगलादेश के साथ उनका कार्यकाल बेहद सफल रहा। युवा तेज गेंदबाज नाहिद राणा को तराशने में उनकी भूमिका की तारीफ हुई है। नाहिद अपनी जबरदस्त रफ्तार की वजह से हाल के सालों में बंगलादेश क्रिकेट के सबसे उभरते सितारों में से एक बन गए हैं।

## उरुग्वे ने चोटिल डी अर्रास्केटा को वर्ल्ड कप टीम में रखा

**मोंटेवीडिया, वार्ता।** उरुग्वे फुटबॉल एसोसिएशन (एयूएफ) ने बताया कि मिडफील्डर जियोर्जियन डी अर्रास्केटा पैर की मांसपेशियों में खिचाव के बावजूद फीफा विश्व कप के लिए उरुग्वे की टीम का हिस्सा बने रहेंगे। एयूएफ ने बुधवार को एक बयान में कहा कि जरूरी परीक्षण किए गए और मामले का पूरी तरह से आकलन किया गया, जिसके बाद यह निर्का निकला कि वह विश्व. कप टीम का हिस्सा बना रहेंगे। हालांकि, एसोसिएशन ने इस बारे में और अधिक जानकारी नहीं दी। उल्लेखनीय है कि 32 वर्षीय खिलाड़ी ने मंगलवार को अभ्यास बंद कर दिया था और बाद में हुई चिकित्सीय जांच में उनके दाहिने पैर की पिडली में ग्रेड-2 का खिचाव पाया गया। डी अर्रास्केटा, जिन्होंने उरुग्वे के लिए अब तक 59 मैच खेले हैं।

## ऑलराउंडर नैट साइवर-ब्रंट शुरुआती मैच के लिए फिट, बल्लेबाजी करेंगी

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड की ऑलराउंडर नैट साइवर-ब्रंट ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वह एजबेस्टन में श्रीलंका के खिलाफ होने वाले टूर्नामेंट के शुरुआती मैच के लिए फिट हो जाएंगी। साइवर-ब्रंट ने कहा कि वह अगले सप्ताह कार्डिफ में भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंग्लैंड के दो अभ्यास मैचों में भी खेलेंगी लेकिन वह उन मैचों में गें. दबाजी नहीं करेंगी और शायद पूरे टूर्नामेंट में अधिकतर समय एक विशोज्ञ बल्लेबाज के तौर पर ही खेलेंगी। उन्होंने कहा कि शायद टूर्नामेंट में आगे चलकर, मुझे कुछ ओवर गेंदबाजी करने की जरूरत पड़ सकती है लेकिन हमारे पास एक ऐसा गेंदबाजी लाइन-अप है जो हर तरह से मजबूत है। इसलिए शायद मुझे गेंदबाजी की जरूरत न पड़े लेकिन हम इस बारे में आगे चलकर फैसला लेंगे।

# प्रतिनिधिमंडल जांच के नतीजे व टिप्पणियां आईसीसी बोर्ड को सौंपेगा: आईसीसी

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिाद (आईसीसी) ने गुरुवार को स्पट किया कि उसका दो-सदस्ईय प्रतिनिधिमंडल, जिसमें क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के डा. मोहम्मद मूसाजी और जिम्बाब्वे क्रिकेट के तावेंगवा मुकुहलानी शामिल है, उचित समय पर बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) की स्थिति की जांच के नतीजे और टिप्पणियां आईसीसी बोर्ड को सौंपेगा।

आईसीसी ने एक बयान में कहा कि अंतर्राट्रीय क्रिकेट परिाद द्वारा नियुक्त दो-सदस्ईय प्रतिनिधिमंडल, जिसमें आईसीसी बोर्ड के निदेशक डा. मोहम्मद ए-एस- मूसाजी (क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका) और तावेंग. वा मुखुलानी (जिम्बाब्वे क्रिकेट) शामिल थे, ने हाल ही में बंगलादेश का दौरा किया। इसका मकसद बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) से जुड़े घटनाक्रमों की समीक्षा करने के लिए विभिन्न हितधारकों से बातचीत करना था। इसमें कहा गया कि आईसीसी यह स्पट करना चाहता है कि प्रतिनिधिमंडल अपनी जांच के नतीजे और टिप्पणियां उचित समय पर आईसीसी बोर्ड को सौंपेगा और इस मामले पर मीडिया में कोई टिप्पणी नहीं करेगा। इसलिए, इस दौरे के संबंध में मीडिया में आई कोई भी रिपोर्ट, टिप्पणी या दावा महज अटकलबाजी है और वह आईसीसी की आधिकारिक स्थिति को नहीं दर्शाता। बुलबुल के नेतृत्व वाली कमेटी के दावे महज अटकलबाजी पर आधारित हैं। आईसीसी के दो सस्ईय प्रतिनिधिमंडलने बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के चुनाव से पहले प्रमुख तमीम इकबाल और प्रभावशाली निदेशक फईम सिंन्हा से मुलाकात कर हाल के घटनाक्रम पर चर्चा की। आईसीसी बोर्ड के दो प्रतिनिधि क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के डा. मोहम्मद मूसाजी और जिम्बाब्वे क्रिकेट के तावेंगवा मुकुहलानी, एक जून को बंगलादेश पहुंचे और उन्होंने अपने आगमन के दिन ही तदर्थ बोर्ड के प्रमुख तमीम इकबाल और प्रभावशाली निदेशक फईम सिंन्हा से मुलाकात की।

# सूर्यकुमार की कप्तानी लेने की दौड़ में अय्यर, ईशान व तिलक वर्मा

■ माना जा रहा है तिलक वर्मा, ईशान किशन और श्रेयस अय्यर चयनकर्ताओं की शॉर्टलिस्ट में शामिल हैं

**मुंबई, वार्ता।** सूर्यकुमार यादव को भारत की टी 20 टीम की कप्तानी से हटाए जाने की तैयारी है, इसलिए उनकी जगह लेने के लिए तीन नाम सबसे आगे चल रहे हैं।

माना जा रहा है कि तिलक वर्मा, ईशान किशन और श्रेयस अय्यर चयनकर्ताओं की शॉर्टलिस्ट में शामिल हैं। चयनकर्ताओं की मुंबई में शनिवार को बैठक होनी है, जिसमें कप्तानी में बदलाव को औपचारिक रूप से



मंजूरी मिलने की उम्मीद है। संजू सैमसन, जिनका नाम मीडिया की अटकलों में प्रमुखता से सामने आया है,

उनके अंतिम सूची में जगह बनाने की संभावना कम ही है। पसंदीदा उम्मीदवार पर अभी तक कोई एक राय नहीं बनी है, लेकिन चयनकर्ता लंबी अवधि की उत्तराधिकार योजना को ध्यान में रखते हुए अपने विकल्पों का मूल्यांकन कर रहे हैं, इसमें न केवल 2028 के लॉस एंजेलिस ओलंपिक शामिल हैं, बल्कि ओलंपिक के कुछ महीनों बाद होने वाला अगला टी 20 विश्व कप भी शामिल है। अगर युवा दावेदारों में से किसी एक - तिलक (23) या ईशान (27)- को कप्तानी सौंप दी जाती है, तो इसमें कोई हैरानी की बात नहीं होगी। हालांकि, अय्यर (31) भी दौड़ में मजबूती से बने हुए हैं, खासकर जिस तरह से उन्होंने पंजाब किंग्स में नई जान फूंकी और 2025 में टीम को एक शानदार सीजन तक पहुंचाया। यह एक अलग बात है कि पंजाब किंग्स इस साल धमाकेदार शुरुआत के बावजूद प्लेऑफ में जगह बनाने में नाकाम रही।

# मेरा पूरा ध्यान अब रेड-बॉल क्रिकेट खेलने पर है: कुलदीप यादव

■ भारतीय स्पीनर ने अफगानिस्तान टेस्ट के लिए अपनी तैयारियों पर विचार साझा किए

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स के साथ टाटा आईपीएल को खत्म करने के बाद, भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव एक लंबे टेस्ट सीजन के लिए कमर कस रहे हैं, जिसकी शुरुआत अफगानिस्तान के खिलाफ छह जून से होने वाले एकमात्र मैच से होगी। जियो हॉटस्टार के 'फॉलो द ब्लूज' पर , कुलदीप ने अपनी तैयारियों, व्हाइट-बॉल से रेड-बॉल क्रिकेट में मानसिंक बदलाव, और एक आक्रामक स्पिनर के तौर पर अपनी भूमिका के बारे में खुलकर बात की।



कुलदीप यादव ने अफगानिस्तान टेस्ट के लिए अपनी तैयारियों पर अपने विचार साझा किए, जिसमें वह बॉलिंग अटैक में मुख्य स्पिनर की भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान टेस्ट मैच के लिए तैयारियां काफी अच्छी चल रही हैं। अब तक हमारे दो नेट सेशन हो चुके हैं। हां, जड्डू भाई (जडेजा) टीम में नहीं हैं। वह टेस्ट क्रिकेट में नियमित खिलाड़ी हैं। हमें अक्षर पटेल की कमी भी खलेगी। लेकिन तैयारियां अच्छी रही हैं। युवा खिलाड़ी हर्ा दुबे और मानव सुथार यहां मौजूद हैं। वॉशिंगटन सुंदर भी अब नियमित रूप से टेस्ट क्रिकेट खेल रहे हैं, इसलिए वह टीम के माहौल में पूरी तरह से ढल चुके हैं। पिछले दो सालों से वे इंडिया 'ए' के दौरों का हिस्सा रहे हैं। वे नियमित रूप से दलीप ट्रॉफी और ईरानी ट्रॉफी भी खेल रहे हैं। हो सकता है कि उनके पास अंतर्राष्ट्रीय अनुभव की कमी हो, लेकिन जब रेड-बॉल क्रिकेट की तैयारियों और मैच की समझ की बात आती है, तो वे बिल्कुल अव्वल दर्जे के हैं, क्योंकि वे लगातार क्रिकेट खेल रहे हैं। रेड-बॉल क्रिकेट खेलने पर पूरी तरह से फोकस करने के बारे में उन्होंने कहा कि एक अटैकिंग स्पिनर के तौर पर, मैं टीम के लिए रेगुलर ब्रेकथ्रू दिलाना चाहता हूं।

# स्कॉटलैंड की महिला टीम ने डीएलएस पद्धति से नीदरलैंड्स को 24 रन से हराया

**एडिनबर्ग, वार्ता।** कप्तान कैथरीन ब्राइस (63/ एक विकेट) के ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर स्कॉटलैंड की महिला टीम ने बुधवार रात खेले गए बारिश प्रभावित मुकाबले में डीएलएस नियम के तहत नीदरलैंड्स को 24 रन से हरा दिया। महिला विश्वकप पहले खेले जा रहे त्रिकोणीय श्रृंखला के पांचवें मुकाबले में कप्तान कैथरीन ब्राइस इस मैच की स्टार बल्लेबाज रहीं।

?उन्होंने अपने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को जीत दिलाई। एडिनबर्ग के ग्रेंज क्रिकेट क्लब में खेले गए इस मैच में उन्होंने सबसे अधिक 63 रन बनाए और फिर एक विकेट लेकर स्कॉटलैंड की जीत की अगुवाई की। बारिश के कारण मैच शुरू होने में देरी हुई, जिसके बाद नीदरलैंड्स ने पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। बारिश की वजह से यह मैच दोनों टीमों के लिए 12-12 ओवर का कर दिया गया था। कैथरीन फेजर ने अच्छी शुरुआत की और पहले ही ओवर में एक छक्का जड़ा, लेकिन हीथर सीगर्स ने अगले ही ओवर में डार्सी कार्टर को आउट कर दिया। कैथरीन ब्राइस ने क्रीज पर जमने में जरा भी देर नहीं लगाई, उन्होंने सिंल्वर सीगर्स के ओवर में दो चौके जड़े, जिसके बाद फेजर ने भी इसाबेल वैन डेर वोनिंग के ओवर में ठीक वैसा ही किया। इसके बाद ब्राइस ने दो और चौके जड़े, और छठे ओवर की शुरुआत में ही स्कॉटलैंड का स्कोर 50 रन के पार पहुंच गया। कैरोलीन डी लांगे ने फ्रेजर को 29 रन पर आउट कर दिया, लेकिन ब्राइस को रोकना नामुमकिन था। उन्होंने चौके-छक्के लगाते हुए केवल 28 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा कर लिया।

कैथरीन की बहन सारा (12 गेंदों में नाबाद 23 रन) ने उनका बखूबी साथ निभाया। दोनों बहनों ने मिलकर 10वें ओवर में हीथर के ओवर से 17 रन बटोरे, जिससे स्कॉटलैंड का स्कोर ओवर खत्म होने तक 110 रन तक पहुंच गया। आइरिस ज्वलिंग ने कैथरीन को आउट कर दिया, जिससे ब्राइस बहनों की 58 रन की साझेदारी टूट गई। इसके बाद 10 गेंदों का एक ऐसा दौर आया जब स्कॉटलैंड की टीम कोई भी चौका नहीं जड़ पाई, लेकिन फिर भी वे बोर्ड पर 124 रन का एक मजबूत स्कोर खड़ा करने में कामयाब रहे। कप्तान गेंदबाजी में भी पीछे नहीं रहीं, उन्होंने दूसरे ओवर में फीबी मोल्केनबोअर को केवल तीन रन देकर आउट कर दिया। हीथर सिंगर्स ने तीन चौके लगाए, लेकिन 15 रन बनाकर आउट हो गईं।

# उभरते सितारे विश्व और प्रिया टॉप 3 में शामिल, जैस्मीन नम्बर 1 पर

**नई दिल्ली, वार्ता।** एशियाई चैंपियन प्रिया घनघस और विश्वनाथ सुरेश अपनी-अपनी कैटेगरी में टॉप तीन में पहुंच गए हैं, जबकि जैस्मीन लंबोरिया महिलाओं की 57 किंग्रा कैटेगरी में वर्ल्ड नम्बर 1 पर पहुंच गई हैं।

नई वर्ल्ड बॉक्सिग रैंकिंग में भारत ने अपनी मजबूत मौजूदगी बनाए रखी है। देश के दुनिया के अग्रणी बॉक्सिग देशों में से एक बनने की झलक दिखाते हुए, भारतीय मुक्केबाज महिलाओं की 10 में से 9 वजन कैटेगरी और पुरुों की 10 में से 8 कैटेगरी में टॉप 10 में शामिल रहे। महिलाओं के वर्ग में, मीनाक्षी ने 48किंग्रा कैटेगरी में वर्ल्ड नम्बर 1 के तौर पर अपना दबदबा बनाए रखा, जबकि प्रीति नम्बर 3 पर पहुंच गईं। अरुंधति चौधरी (70किंग्रा), पूजा रानी (80किंग्रा), और नूपुर ( 80किंग्रा) सभी वर्ल्ड नम्बर 2 पर रहीं, जो भारी वजन कैटेगरी में भारत की बढ़ती ताकत को दिखाता है। जानी-मानी सिंतारे निकहत जरीन (51किंग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75किंग्रा) ने भी दुनिया के बेहतरीन खिलाड़ियों में अपनी जगह बनाए रखी। पुरुों की टीम ने भी वैसी ही निरंतरता दिखाई। सचिन और नरेंद्र लगातार अंतर्राट्रीय सफलता के बाद टॉप 5 में शामिल हो गए, जबकि हितेश गुलिया (70किंग्रा) ने अपनी नम्बर 6 रैंकिंग बनाए रखी और अविनाश जमवाल (65किंग्रा) दुनिया में आठवें स्थान पर रहे।

# श्रीलंका ने वेस्टइंडीज को 41 रनों से हराया

■ इस जीत के साथ श्रीलंका ने तीन मैचों की सीरीज में 1.0 से बढ़त बना ली है

**किंगस्टन, वार्ता।** कप्तान कुसल मेंडिस (72), पथुम निसंका (79) की शानदार अर्धशतकीय पारियों के बाद दुश्मांता चमीरा (चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत पर श्रीलंका ने वेस्टइंडीज को पहले एकदिवसीय मुकाबले में 41 रनों से शिकस्त दी। इस जीत के साथ श्रीलंका ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है।

कुसल मेंडिस को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ मैच' का पुरस्कार मिला। 304 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज के बल्लेबाज श्रीलंकाई गेंदबाजी



आक्रमण के आगे टिक कर नहीं खेल सके और पूरी टीम 49-2 ओवरों में 262 रनों के स्कोर पर सिंमट गई। वेस्टइंडीज के लिए जॉन कैंपबेल और जस्टिन ग्रीब्स की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 50 रन जोड़ कर अच्छी शुरुआत दिलाई। सातवें ओवर में जॉन कैंपबेल (17) के रन आउट होने के बाद वेस्टइंडीज की पारी लड़खड़ाई और उसने अपना दूसरा विकेट भी जल्द गंवा दिया। 10वें ओवर में महीश तीक्षणा ने अर्धशतक की ओर बढ़ रहे जस्टिन ग्रीब्स (45) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद कप्तान शाई होप ने केसी कार्टी के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 21वें ओवर की आखिरी गेंद पर असिंता फर्नांडो ने केसी कार्टी (27) को अपना शिकार बना लिया। शरफेन रदरफोर्ड (पांच) रन बनाकर आउट हुए।

31वें ओवर में दुश्मांता चमीरा ने अपना अर्धशतक बना चुके शाई होप को आउट कर पवेलियन भेज दिया। शाई होप ने 66 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाते हुए 56 रनों की पारी खेली। इसके बाद 40वें ओवर में महीश तीक्षण ने गुडाकेश मोती (22) का शिकार कर लिया। रॉस्टन चेज (33), अल्जारी जोसेफ (शून्य), मैथ्यू फोर्ड (15) रन बनाकर आउट हुए। 50वें ओवर की दूसरी गेंद पर चरित असलंका ने जेडेन सील्स (दो) को आउट कर वेस्टइंडीज की पारी का 262 के स्कोर पर अंत कर दिया। श्रीलंका की ओर से दुश्मांता चमीरा ने चार विकेट लिए। महीश तीक्षणा को दो विकेट मिले। असिंता फर्नांडो, वानिदु हसरंगा और चरित असलंका ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले बुधवार देर रात खेले गए मुकाबले में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका ने निर्धारित 50 ओवरों में सात विकेट पर 303 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। सलामी बल्लेबाज पथुम निसंका ने 103 गेंदों में नौ चौके और एक छक्का लगाते हुए 79 रन बनाए। कप्तान कुसल मेंडिस ने 62 गेंदों में चार चौके और चार छक्के उड़ाते हुए 72 रनों की पारी खेली। इसके अलावा चरित असलंका ने (45), जनित लियानगे (नाबाद 44), पवन रत्नायके (24) और कामिंदु मेंडिस (12) रनों का योगदान दिया। वेस्टइंडीज के लिए जेडेन सील्स, मैथ्यू फोर्ड और रॉस्टन चेज ने दो-दो विकेट लिए।

## दारुल उलूम ने कहा स्मार्टफोन मिला तो, दाखिला होगा निरस्त



**कांठ( शाह टाइम्स )** ईद-उल-अजहा की छुट्टियों के बाद शिक्षण संस्था दारुल उलूम का नया शैक्षिक सत्र शुरू हो गया है दारुल उलूम में मुरादाबाद मंडल के काफी विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं ।संस्था प्रबंधन ने छात्रों को एक बार फिर स्मार्टफोन और मल्टीमीडिया मोबाइल के उपयोग से दूर रहने की हिदायत दी है। साफ कहा कि किसी छात्र के पास स्मार्टफोन पाया तो उसका दाखिला निरस्त कर संस्था से नाम काट दिया जाएगा। शैक्षिक सत्र प्रारंभ होने के साथ ही दारुल उलूम प्रशासन ने

कहा कि उनका पूरा ध्यान तालीम और अनुशासन पर होना चाहिए। प्रबंधन ने दोहराया कि मल्टीमीडिया मोवाइल का प्रयोग संस्था में पूरी तरह प्रतिबंधित है। दारुल इकामा प्रभारी मुफ्ती अशरफ अब्बास के मुताबिक छात्रों को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि जिनके पास स्मार्टफोन या मल्टीमीडिया मोबाइल हैं, वे उन्हें घर पर ही छोड़कर लौटें।

## काजी जी के बाग में मंजूर मियां बंगले वालों का 92वां सालाना उर्स मुकम्मल



**कुंदरकी।** नगर के लाईन पार स्थित काजी जी के बाग में मंजूर मियां बंगले वाले मकसूद मियां झाड़ी वालों का 92 वां सालाना उर्स अपनी शानो-शौकत के साथ मुकम्मल इस मौके पर शमीम साबरी कव्वाल ने कव्वाली पेश कर महफिल में समा बांध दिया दरगाह के सज्जादानशीन रिजवान साबरी ने बताया अल्लाह वालों की बारगाह में सच्चे दिल से औलिया अल्लाह के वसीले से जो दुआ मांगी जाती है अल्लाह कब्बूल करता है और लोगों के बिगड़े काम बन जाया करते हैं।

अल्लाह वालें हैं जो अल्लाह से मिला देते हैं लिहाजा अल्लाह वालों के दामन से बावस्ता रहें उर्स की सरर्पस्ती कघजी अकघील कघजी फुजेल ने की सदारत हाफिज कौसर अली रिजवी ने की इस अवसर पर मुहम्मद हनीफ अनीस खां शकील खां गुलाम नबी आले हसन रिहान साबरी आयान साबरी अदनान साबरी आदि मौजूद रहे।

# जनपद में टीजीटी भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण व नकलविहीन माहौल में संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) भर्ती परीक्षा जनपद मुरादाबाद में दो दिनों तक शांतिपूर्ण, पारदर्शी और नकलविहीन वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन, पुलिस विभाग एवं शिक्षा विभाग की ओर से व्यापक व्यवस्थाएं की गई थीं। जनपद के कुल 23 परीक्षा केंद्रों पर विभिन्न विषयों की परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने भाग लिया। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की प्रवेश से पूर्व गहन जांच की गई। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी रखी गई तथा सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।परीक्षा के दौरान जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने केंद्र व्यवस्थापकों को आयोग की गाइडलाइन का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं अन्य प्रतिबंधित सामग्री के प्रवेश पर पूरी तरह रोक रही।अभ्यर्थियों ने परीक्षा व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्रों पर सुरक्षा और अनुशासन की व्यवस्था बेहतर रही। परीक्षार्थियों के अनुसार प्रश्नपत्र निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुरूप और संतुलित स्तर का था। केंद्रों पर पेयजल, बैठने की व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई थीं।जिला प्रशासन के अनुसार परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा के दौरान कहीं से भी नकल, अव्यवस्था अथवा किसी अन्य प्रकार की शिकायत प्राप्त नहीं हुई। अधिकारियों ने परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में सहयोग देने वाले सभी विभागों, केंद्र व्यवस्थापकों और पुलिस कर्मियों का आभार व्यक्त किया।टीजीटी भर्ती परीक्षा के शांतिपूर्ण आयोजन से अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों में संतोष का माहौल देखा गया।



# आईएफटीएम में 'जल गुणवत्ता परीक्षण' पर कार्यशाला आयोजित

## ● कुलसचिव बोले: जल संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस-2026 के उपलक्ष्य में पूर्व अभियान के तहत 'जल संरक्षण' थीम पर ''जल गुणवत्ता परीक्षण'' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के अनुपालन में किया गया। कार्यक्रम में विश्व. विद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन तथा वनों की कटाई से प्रभावित हो रहे प्राकृतिक संतुलन की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि देश में जल की उपलब्धता के बावजूद विभिन्न प्रदूषकों के कारण जल की गुणवत्ता प्रभावित होती है, जिससे जलजनित रोग उत्पन्न होते हैं। ऐसे में जल की गुणवत्ता की नियमित जांच अत्यंत आवश्यक है। कार्यशाला के अध्यक्ष एवं फार्मेसी संकाय के डीन डॉ. नवनीत वर्मा ने कहा कि प्रतिभागियों को जल गुणवत्ता परीक्षण की तकनीकों, जल प्रदूषण के प्रभावों तथा जल संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यशाला आयोजित की गई है। उन्होंने कहा कि जल के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती, इसलिए दैनिक जीवन में जल का उपयोग आवश्यकता के अनुसार ही करना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने सभी प्रतिभागियों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई। मुख्य वक्ता डॉ. महावीर सिंह ने 'वाटर क्वालिटी एनालिसिस' विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने प्रयोगशाला में जल की गुणवत्ता का मूल्यांकन कैसे किया जाता है, इसकी जानकारी दी। जल की गुणवत्ता को प्रभावित करने वाले भौतिक, रासायनिक एवं जैविक संदूषणों और उनके परीक्षण की विभिन्न विधियों को भी समझाया। प्रतिभागियों ने प्रायोगिक प्रदर्शन में सक्रिय सहभागिता की। कार्यशाला के संयोजक निदेशक डॉ. सुशील कुमार रहे। आयोजन सचिव डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विभागाध्यक्ष डॉ. विजय शर्मा, सुश्री स्वाति गौतम, डॉ. अलंकार श्रीवास्तव, डॉ. शाहवाज खान, श्री त्रिभुवन वशिष्ठ सहित अन्य संकाय सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही।




## एक नजर

### अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर हुआ पौधारोपण

**चन्दौसी।** अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार को बदायूं रोड स्थित विट्ठल भगवान भागवत सत्संग भवन (पथरा मोड़ पेट्रोल पंप के सामने) परिसर में मानव हितार्थ संस्था मानवाधिकार संघ के तत्वावधान में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान गुलाब, गुड़हल सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने कहा कि संस्था द्वारा समय-समय पर कार्यशालाओं और जनजागरण कार्यक्रमों के माध्यम से मानवाधिकारों, सरकारी योजनाओं तथा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय दिवसों के महत्व की जानकारी लोगों तक पहुंचाई जाती है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। नरेश गुप्ता ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि धरती के अस्तित्व और आने वाली पीढियों के सुरक्षित भविष्य के लिए एक आवश्यक कदम है। वहीं राम अवतार सिंह फौजी ने कहा कि पौधारोपण पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने तथा मानव स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का सबसे प्रभावी प्राकृतिक माध्यम है। संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. दीपचंद अग्रवाल ने गुड़हल के पौधे के औषधीय गुणों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसमें विटामिन-सी, एंटीऑक्सीडेंट्स और आयरन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है, जो स्वास्थ्य, त्वचा और बालों के लिए लाभदायक है। वहीं सरस्वती शिशु मंदिर के पूर्व प्रधानाचार्य तेजपाल सिंह ने गुलाब के फूल के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि इसमें सूजनरोधी एवं जीवाणुरोधी गुण होते हैं, जो तनाव कम करने और पाचन तंत्र को बेहतर बनाने में सहायक हैं। कार्यक्रम में शंकर लाल गुप्ता, अनिल गुप्ता, प्रेमपाल गुप्ता, प्रेमपाल सिंह, राकेश गुप्ता, गिरवर सिंह, राजेश कुमार तथा अभय प्रताप सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संदेश दिया।

### विश्व साइकिल दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

**चन्दौसी।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर बुधवार को नगर में साइकिलिंग के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवियों, चिकित्सकों और गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर लोगों को स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। रैली का शुभारंभ फव्वारा चौक से हुआ, जो बड़ा बाजार, ब्रह्म बाजार और संभल गेट होते हुए पुनः फव्वारा चौक पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान प्रतिभागियों ने साइकिल को स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और ईंधन बचत का बेहतर विकल्प बताते हुए इसके नियमित उपयोग पर जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि साइकिल चलाने से शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है, प्रदूषण कम होता है और पेट्रोल-डीजल जैसे ईंधनों की बचत भी होती है। वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों को देखते हुए लोगों को दैनिक जीवन में साइकिल के उपयोग को बढ़ावा देना चाहिए। कार्यक्रम में डॉ. सर्वेश सक्सेना, उद्योगपति भुवनेश वार्ष्णेय, डॉ0 वंदना सक्सेना, डॉ0 एस.के. वार्ष्णेय सहित नगर के अनेक समाजसेवी और नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए साइकिल के अधिकाधिक उपयोग का संकल्प लिया।



### बिसौली गेट स्थित धर्मशाला को लेकर आये पक्ष आमने-सामने

**चन्दौसी।** बिसौली गेट स्थित लगभग सौ वर्ष पुरानी एक धर्मशाला की बिक्री के बाद कब्जे को लेकर विवाद सामने आया है। मामले को लेकर सीता रोड पुलिस चौकी में प्रार्थना पत्र दिए जाने की जानकारी मिली है। विवाद के चलते क्षेत्र में संपत्ति को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, संबंधित धर्मशाला को लेकर पूर्व में भी दो बार बिक्री का प्रयास किया गया था, लेकिन विरोध के चलते विक्रय पत्र संपादित नहीं हो सका। अब एक बार फिर धर्मशाला की बिक्री का मामला प्रकाश में आने के बाद विवाद गहराता नजर आ रहा है। सूत्रों के अनुसार, यह संपत्ति स्वर्गीय चिरंजी लाल से संबंधित बताई जा रही है। वर्तमान बाजार मूल्य के आधार पर इसकी कीमत लगभग तीन करोड़ रुपये आंकी जा रही है। बताया जाता है कि लंबे समय से इस भवन में किरायेदार भी रह रहे हैं, जिसके कारण स्वामित्व और कब्जे का मामला और अधिक जटिल हो गया है। जानकारों का कहना है कि काफी समय बाद यह संपत्ति उत्तराधिकार के तहत दामादों के नाम आई है, जिसके बाद इसके विक्रय की प्रक्रिया शुरू हुई। हालांकि, बिक्री और कब्जे को लेकर उठे विवाद के चलते मामला चर्चा का विषय बन गया है। फिलहाल पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर मामले की जानकारी जुटाई जा रही है। संबंधित पक्षों के बीच बातचीत और दस्तावेजों की जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।



### पीपीएस अधिकारियों के तबादले, संभल में चार नए सीओ की तैनाती

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश सरकार ने पुलिस विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए प्रांतीय पुलिस सेवा (पीपीएस) के 206 अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। गृह विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत विभिन्न जिलों, कमिश्नरेटों, पीएसी बटालियनों तथा विशेष इकाइयों में तैनात डिप्टी एसपी स्तर के अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इस व्यापक तबादला सूची में जनपद संभल में भी महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। आदेश के अनुसार संभल में तैनात पुलिस उपाधीक्षक डॉ. प्रदीप कुमार सिंह का स्थानांतरण अमरोहा, आलोक सिद्धू का बदायूं तथा दीपक कुमार तिवारी का बुलंदशहर कर दिया गया है। वहीं जनपद संभल में विवेक जावला (मिर्जापुर), स्तुति सिंह (हापुड़), अमन सिंह (सीतापुर) और अंकित मिश्रा (हरदोई) को नई तैनाती दी गई है। तबादला सूची में लखनऊ, कानपुर नगर, वाराणसी, आगरा, गाजियाबाद, प्रयागराज, गोरखपुर, मेरठ, अयोध्या, झांसी, बरेली और नोएडा समेत कई महत्वपूर्ण जिलों एवं कमिश्नरेटों के अधिकारियों के नाम शामिल हैं। कई अधिकारियों को जिला पुलिस से कमिश्नरेट प्रणाली में भेजा गया है, जबकि कुछ को पीएसी, सीआईडी, रेलवे पुलिस और विशेष सुरक्षा इकाइयों में नई जिम्मेदारियां दी गई हैं। शासन के इस प्रशासनिक फेरबदल को कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। संबंधित अधिकारी शीघ्र ही अपने नवीन तैनाती स्थलों पर कार्यभार ग्रहण करेंगे।



स्तुति सिंह | अमन सिंह | विवेक जावला

# नगर में पुलिस का पैदल गश्त अभियान व्यापारियों व नागरिकों से किया संवाद

**बिलारी।** नगर में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से कोतवाली बिलारी पुलिस द्वारा व्यापक पैदल गश्त एवं चेकिंग अभियान चलाया गया। प्रभारी निरीक्षक उदय प्रताप सिंह के निर्देशन में वरिष्ठ उपनिरीक्षक अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नगर के प्रमुख चौराहों, नई सड़क, सराफा मार्केट एवं अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने प्रमुख मार्गों एवं चौराहों पर संदिग्ध व्यक्तियों तथा वाहनों की सघन जांच की। साथ ही बाजार क्षेत्र में पहुंचकर व्यापारियों से संवाद स्थापित किया तथा उनकी सुरक्षा संबंधी समस्याओं एवं सुझावों की जानकारी प्राप्त की। पुलिस अधिकारियों ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि उनकी सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क एवं प्रतिबद्ध है। पैदल गश्त के दौरान पुलिस अधिकारियों ने आम नागरिकों से भी बातचीत की और क्षेत्र में किसी प्रकार की असामा. जिक गतिविधि, अपराध अथवा सुरक्षा संबंधी समस्या के बारे में जानकारी ली। अधिकारियों ने लोगों को पुलिस सहायता एवं आपातक. ालीन सेवाओं के हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए आवश्यकता पड़ने पर तत्काल पुलिस से संपर्क करने की अपील की। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे। नगरवासियों से भी अनुरोध किया गया कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा व्यक्ति की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। अभियान के दौरान कोतवाली बिलारी का पुलिस बल मौजूद रहा। पुलिस की सक्रियता एवं सतर्कता से व्यापारियों तथा आम नागरिकों ने संतोष व्यक्त करते हुए सुरक्षा व्यवस्था पर विश्वास जताया।



### दौड़ में रितिक चौधरी ने रजत जीत कर किया नाम रोशन



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** प्रयागराज के मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में आयोजित 29वीं उत्तर प्रदेश राज्य सीनियर एथलेटिक चौंपियनशिप में जिले के एथलीट रितिक चौधरी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 400 मीटर दौड़ में रजत पदक अपने नाम किया। रितिक चौधरी ने यह दूरी 46.95 सेकेंड में पूरी कर दूसरा स्थान हासिल किया और राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर लिया।चौंपियनशिप में प्रदेश के 60 जिलों से आए 459 महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों ने 40 स्पर्धाओं में प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कड़े मुकाबलों के बीच रितिक चौधरी ने बेहतरीन दौड़ लगाते हुए जिले का नाम रोशन किया।

उनके प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन 24 से 28 जून तक भुवनेश्वर (ओडिशा) में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए किया गया है।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा चंद्र नगर मंडल करेगा वृक्षारोपण, जिला पंचायत अध्यक्ष होंगी मुख्य अतिथि

**मुरादाबाद।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के चंद्र नगर मंडल द्वारा 5 जून को काशीराम नगर स्थित ई-250 सिंगल स्टोरी, तिकोना पार्क के निकट वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: 9 बजे होगा।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह चौहान उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम में मंडल प्रभारी कपिल देव, मंडल अध्यक्ष कपिल गुप्ता, मंडल महामंत्री महेश सैनी, मंडल उपाध्यक्ष डॉ. प्रमोद शर्मा एवं राजीव बिश्नोई सहित कई पदाधिकारी भाग लेंगे।कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण और हरित मुरादाबाद के संकल्प को मजबूत करने के लिए विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे जाएंगे। मीडिया प्रभारी डॉ. जगदेव सिंह प्रजापति एवं सोशल



मीडिया प्रभारी जेपी कश्यप ने बताया कि वृक्षारोपण अभियान में मंडल के पदाधिकारियों, शक्ति केंद्र संयोजकों तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की सहभागिता रहेगी।कार्यक्रम संयोजक एवं मंडल मंत्री प्रकाश यादव के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान में सामाजिक और पर्यावरणीय जागरूकता का संदेश दिया जाएगा। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# विधायक रामवीर सिंह ने नवाबपुरा से 3.08 करोड़ की लागत से तीन सड़कों का किया शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूढ़ापांडे।** कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र में विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने ग्रामीण अंचल में सड़क संपर्क व्यवस्था को मजबूत करने के लिए विकासखंड मुंडापांडे के ग्राम नवाबपुरा से तीन सड़कों का शिलान्यास किया। इन सड़कों का निर्माण 3 करोड़ 8 लाख रुपए की लागत से होगा। विधायक ने त्वरित आर्थिक विकास योजना वर्ष 2025-26 के तहत ग्राम नब्बानगला में बलवीर के घर से प्राथमिक विद्यालय तक नवनिर्माण कार्य लंबाई 600 मीटर लागत 44.03 लाख, ग्राम दौलारी रेलवे फाटक से नवाबपुरा तक नवनिर्माण कार्य लंबाई 1675 मीटर लागत 223.49 लाख एवं ग्राम दुपेड़ा में राम भरोसे के मकान से जगरमपुरा संपर्क मार्ग तक नवनिर्माण कार्य लंबाई 550 मीटर लागत 41.32 का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। इस अवसर विधायक कुन्दरकी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गांव, गरीब, किसान और युवाओं के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। बेहतर सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला होती हैं और सरकार ग्रामीण क्षेत्रों को मजबूत सड़क नेटवर्क से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह सड़के क्षेत्र के विकास को नई गति देगी और लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। इससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच संपर्क भी बेहतर होगा।

विधायक ने जोर देकर कहा कि सरकार क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और सड़क, बिजली, पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। कार्यक्रम में उपस्थित स्थानीय लोगों ने सड़क निर्माण कार्य शुरू होने पर खुशी व्यक्त की और विधायक का आभार जताया। नागरिकों ने बताया कि इस सड़क के निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही थी, जिसके पूरा होने से हजारों लोगों को लाभ मिलेगा। संबंधित विभागीय अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सड़क निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूरा किया जाएगा। विधायक ने अधिकारियों को निर्माण कार्य की नियमित निगरानी करने और समय पर परियोजना को पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।



# अकेले पड़ते ट्रम्प

मिडिल ईस्ट में जारी घटनाक्रम में रूचि रखने वाले लोगों के लिए दिलचस्प खबर है, अमेरिकी संसद ने ईरान युद्ध से जुड़ी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की शक्तियों को सीमित करने वाला प्रस्ताव पास कर दिया है। मजेदार बात, तो यह है कि प्रस्ताव को कुछ रिपब्लिकन सांसदों का भी समर्थन मिला। कांग्रेस का कहना है कि लंबे समय तक सैन्य कार्रवाई के लिए उसकी मंजूरी जरूरी है। इस मुद्दे पर ट्रम्प प्रशासन को बढ़ते राजनी. तिक और कानूनी दबाव का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिकी संसद ने (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ईरान युद्ध से जुड़ी शक्तियों को सीमित करने वाला एक प्रस्ताव पास कर दिया है। इसे ट्रम्प और उनकी ईरान नीति के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। खास बात यह है कि इस प्रस्ताव का समर्थन ट्रम्प की अपनी रिपब्लिकन पार्टी के कुछ सांसदों ने भी किया। इस प्रस्ताव के पक्ष में 215 वोट पड़े, जबकि 208 सांसदों ने विरोध किया। रिपब्लिकन पार्टी के सांसद थामस मैसी, ब्रायन फिट्ज़पैट्रिक, टाम बैरेट और वारेन डेविडसन ने पार्टी लाइन से हटकर डेमोक्रेट सांसदों का साथ दिया। रिपब्लिकन सांसद टाम बैरेट ने कहा कि उनके क्षेत्र के लोग युद्ध की वजह से बढ़ती महंगाई और आर्थिक परेशानियों से नाराज हैं। वहीं थामस मैसी ने कहा कि लोग महंगे पेट्रोल, डीजल और खाद की बढ़ती कीमतों से परेशान हैं। उनके मुताबिक यह वोट दिखाता है कि जनता और संसद दोनों लंबे समय से चल रहे युद्ध से थक चुके हैं। ब्रायन फिट्ज़पैट्रिक ने कहा कि अमेरिका में वार पावर्स एक्ट नाम का कानून है। इस कानून के मुताबिक, राष्ट्रपति को युद्ध जैसे बड़े फैसलों के लिए कांग्रेस की मंजूरी लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों पर संसद में खुलकर बहस होनी चाहिए और फिर वोटिंग होनी चाहिए। यह प्रस्ताव न्यूयार्क के डेमोक्रेट सांसद ग्रेगरी मीक्स ने पेश किया था। वोटिंग के बाद उन्होंने कहा कि सभी डेमोक्रेट सांसदों ने इसका समर्थन किया और कुछ रिपब्लिकन सांसदों का साथ मिलना भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का काम संविधान के अनुसार सरकार की शक्तियों पर निगरानी रखना है। हालांकि हाउस स्पीकर माइक जानसन इस प्रस्ताव के खिलाफ हैं। उनका कहना है कि इससे ट्रम्प प्रशासन की शांति वार्ता और कूटनीतिक प्रयास कमजोर हो सकते हैं। उन्होंने दावा किया कि ईरान में अमेरिका के सभी सैन्य लक्ष्य पूरे हो चुके हैं और अब ट्रम्प शांति समझौते की दिशा में काम कर रहे हैं। इस बीच पेंटागन, अमेरिकी विदेश मंत्रालय और यूएसएआईडी के इंस्पेक्टर जनरल ने ईरान युद्ध की जांच शुरू कर दी है। कानून के अनुसार 60 दिन से ज्यादा चलने वाले विदेशी सैन्य अभियानों की समीक्षा करना जरूरी होता है। जांच एजेंसियों का मानना है कि अमेरिका का ईरान अभियान 28 फरवरी से चल रहा है और अब 60 दिन की सीमा पार कर चुका है। वॉर पावर्स एक्ट के मुताबिक कांग्रेस की मंजूरी के बिना राष्ट्रपति 60 दिन से अधिक समय तक सैन्य कार्रवाई जारी नहीं रख सकते।

# प्रकृति से समझौते का नहीं, संकल्प का समय

### विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष





योगेश कुमार गोयल


प्रकृति का मिजाज वर्ष दर वर्ष बदल रहा है और इसी के साथ प्राकृतिक आपदाओं का सिलसिला भी बढ़ा है। जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए वैसे तो दुनियाभर में बड़े-बड़े अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन होते रहे हैं। 2015 में पेरिस सम्मेलन में 197 देशों ने सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करते हुए अपने-अपने देश में कार्बन उत्सर्जन कम करने और 2030 तक वैश्विक तापमान वृद्धि को डेढ़ डिग्री तक सीमित करने का संकल्प लिया था किन्तु धरती का तापमान जिस प्रकार वर्ष दर वर्ष बढ़ रहा है, ऐसे में इस वास्तविकता को नहीं नकारा जा सकता कि राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर मौसम के बिगड़ते मिजाज को लेकर चर्चाएं और चिंताएं तो बहुत होती हैं, तरह-तरह के संकल्प भी दोहराए जाते हैं किन्तु सुख-संसाधनों की अंधी चाहत, सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि, अनियंत्रित औद्योगिक विकास और रोजगार के अधिकाधिक अवसर पैदा करने के दबाव के चलते इस तरह की चर्चाएं और चिंताएं अर्थहीन होकर रह जाती हैं। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) की एक रिपोर्ट में वैज्ञानिकों द्वारा चेतावनी देते हुए कहा जा चुका है कि दुनिया पर वैश्विक तापमान में खतरनाक वृद्धि का संकट मंडरा रहा है और यह वृद्धि 2015 में पेरिस समझौते में संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित डेढ़ डिग्री सेल्सियस का भी रिकॉर्ड तोड़ सकती है।

पर्यावरण की सुरक्षा तथा संरक्षण के उद्देश्य से ही प्रतिवर्ष 5 जून को 'विश्व पर्यावरण दिवस' मनाया जाता है। विश्व पर्यावरण दिवस का वर्ष 2026 का विषय 'प्रकृति से प्रेरित। जलवायु के लिए। हमारे भविष्य के लिए।' संयुक्त राष्ट्र महासभा तथा संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) द्वारा 16 जून 1972 को स्टॉकहोम में पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनीतिक और सामाजिक जागृति लाने के लिए यह दिवस मनाने की घोषणा की गई थी और पहला विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 1974 को मनाया गया था। 19 नवम्बर 1986 को भारत में 'पर्यावरण संरक्षण अधिनियम' लागू किया गया। हालांकि विश्व पर्यावरण दिवस मनाए जाने का वास्तविक लाभ तभी है, जब हम इस आयोजन को केवल रस्म अदायगी तक ही सीमित न रखें बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिए इस अवसर पर लिए जाने वाले संकल्पों को पूरा करने हेतु हरसंभव प्रयास भी करें। दरअसल धरती का तापमान वर्ष दर वर्ष जिस प्रकार बढ़ रहा है, उसे देखते हुए वैज्ञानिकों का कहना है कि तापमान बढ़ने से हीटवेव, अत्यधिक वर्षा, पानी की कमी जैसी समस्याएं पूरी दुनिया में विकराल रूप ले सकती हैं।

जलवायु परिवर्तन और बढ़ते तापमान का दुष्प्रभाव अब समय-समय पर भयानक चक्रवाती तूफानों के रूप में भी देखा जाने लगा है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि जलवायु संकट के साथ अरब सागर में तीव्र चक्रवाती विक्षोभ का सिलसिला चलता रहेगा। चक्रवाती तूफानों का बढ़ता सिलसिला, बाढ़, सूखा, जंगलों में लगने वाली भीषण आग तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं में तेजी, ए सब जलवायु में हो रहे बदलावों का ही बड़ा असर है। फिलहाल न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी तथा मौसम का बिगड़ता मिजाज समस्त मानव जाति के लिए गंभीर चिंता का विषय बना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुता. बिक अब अरब सागर अधिकाधिक अशांत होता जा रहा है और अरब सागर में चक्रवात अपेक्षाकृत असामान्य हैं। आईएमडी सहित जलवायु वैज्ञानिकों का कहना है कि बंगाल की खाड़ी की तुलना में अरब सागर में चक्रवातों की तीव्रता में ज्यादा वृद्धि हो सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार 1890 के दशक के बाद 2011 से 2022 के बीच अरब सागर में चक्रवातीय घटनाएं ज्यादा हुई हैं। विकास के नाम पर प्रकृति के साथ किए जा रहे भयानक खिलवाड़ के ही कारण धरती लगातार गर्म हो रही है और ऐसी घटनाओं की तीव्रता बढ़ रही हैं, जिनमें अरबों-खरबों रूपए का नुकसान होता है, अनेक लोग मारे जाते हैं और ऐसी आपदाओं में लाखों लोग देखते ही देखते बेघर हो जाते हैं। महत्वपूर्ण सवाल यह है कि पृथ्वी का तापमान बढ़ते जाने के प्रमुख कारण क्या हैं? इसका सबसे अहम कारण है ग्लोबल वार्मिंग, जो तमाम तरह की सुख-सुविधाएं और संसाधन जुटाने के लिए किए जाने वाले मानवीय क्रियाकलापों की ही देन है। अपनी पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में मैंने विस्तार से यह स्पष्ट किया है कि किस प्रकार पैट्रोल, डीजल से उत्पन्न होने वाले धुएं ने वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड तथा ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है। अनुमान है कि वातावरण में पहले की अपेक्षा 30 फीसदी ज्यादा कार्बन डाईऑक्साइड मौजूद है, जिसकी मौसम का मिजाज बिगाड़ने में अहम भूमिका है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यदि पृथ्वी का तापमान इसी प्रकार बढ़ता रहा और अगले तीन दशकों में पृथ्वी के तापमान में वृद्धि पांच डिग्री तक दर्ज की जाती है तो इससे एक ओर जहां जंगलों में आग लगने की घटनाओं में बढ़ोतरी होगी, वहीं धरती का करीब 20-30 प्रतिशत हिस्सा सूखे की चपेट में आ जाएगा और एक चौथाई हिस्सा रेगिस्तान बन जाएगा, जिसके दायरे में भारत सहित दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य अमेरिका, दक्षिण आस्ट्रेलिया, दक्षिण यूरोप इत्यादि आएंगे। धरती का तापमान बढ़ते जाने का ही परिणाम है कि ध्रुवीय क्षेत्रों में बर्फ पिघल रही है, जिससे समुद्रों का जलस्तर बढ़ने के कारण दुनिया के कई शहरों के जलमग्न होने की आशंका जताई जाने लगी है। जहां तक पर्यावरण प्रदूषण की बात है, विश्वभर में प्रदूषण के बढ़ते स्तर के कारण प्रतिवर्ष तरह-तरह की बीमारियों के कारण लोगों की मौतों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, यहां तक कि बहुत से नवजात शिशुओं पर भी प्रदूषण के गंभीर दुष्प्रभाव अब स्पष्ट देखे जाने लगे हैं।

## श्रीमुख से...

### भ्रष्ट और टूटी हुई व्यवस्था का परिणाम



नीट पेपर लीक के कारण जान गंवाने वाली आकांक्षा की मौत आत्महत्या नहीं, बल्कि एक भ्रष्ट और टूटी हुई व्यवस्था का परिणाम है, आकांक्षा डाक्टर बनकर देश और समाज की सेवा करना चाहती थी, उसके पिता किसान हैं, जिन्होंने बेटी के सपने को पूरा करने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड पर तीन लाख रुपये का कर्ज लिया और नागपुर में रसोइए की नौकरी की, ताकि वह कोचिंग कर सके, एक पिता ने अपनी ओर से हर संभव प्रयास किया, लेकिन नीट पेपर लीक और परीक्षा रद्द होने के बाद पैदा हुई अनिश्चितता के बीच आकांक्षा हमें छोड़कर चली गई, यह केवल एक छात्र की त्रासदी नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था की विफलता का प्रतीक है।

-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा

# समझना होगा पर्यावरण का महत्व



रोहित कौशिक

इ 5 जून, विश्व पर्यावरण दिवस
समझना होगा पर्यावरण का महत्व
रोहित कौशिक

इस दौर में हमारा ज्ञान लगातार बढ़ रहा है। समाज में प्रगतिशीलता भी लगातार बढ़ रही है। लेकिन आज सबसे बड़ा सवाल यह है कि पर्यावरण के मामले में क्या हमारी समझ बढ़ी है ? पर्यावरण की वर्तमान स्थिति को देखकर तो ऐसा नहीं लगता कि पर्यावरण के मामले में हमारी समझ बढ़ी है। पर्यावरण की सेहत लगातार बिगड़ती जा रही है। कुछ समय पहले आस्ट्रेलिया के मोनाश विश्वविद्यालय में हुए एक अध्ययन में बताया गया था कि लू से जुड़ी मौतें गर्मी से मरने वालों की कुल संख्या का लगभग एक तिहाई और विश्व भर में हुई कुल मौतों का एक फीसद है। पिछले तीस वर्षों के आंकड़ों के आधार पर यह बताया गया है कि हर वर्ष गर्मी में एक लाख तिरपन हजार अतिरिक्त लोगों की जान चली जाती है, जिसमें से लगभग आधी मौतें एशिया में और तीस फीसद से ज्यादा यूरोप में होती है। भारत में हर साल तीस हजार से ज्यादा लोगों की लू के कारण मृत्यु हो जाती है। कई शोधों में यह बात स्पष्ट हो चुकी है कि धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है। इसके साथ ही मौसम का चक्र भी अनियमित हो गया है। कुछ समय पहले 'असेसमेंट ऑफ क्लाइमेट चेंज ओवर द इंडियन रीजन' नामक रिपोर्ट में भी बताया गया था कि अगर जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए बड़े कदम नहीं उठाए गए तो लू के थपेड़ों में तीन से चार गुना बढ़ोतरी दिखाई देगी और समुद्र का जलस्तर 30 सेंटीमीटर तक उठ सकता है। इस रिपोर्ट के अनुसार पिछले दशकों में देश ने तापमान में वृद्धि और मानसून में कमी का सामना किया है। शोधकर्ताओं का कहना है कि इस बात के पुख्ता प्रमाण हैं कि इस बदलाव को मानव गतिविधियों ने प्रभावित किया है। पिछले दिनों हम सबने यह महसूस किया कि लॉकडाउन के दौरान वायु और जल प्रदूषण कम हुआ। इस दौर में हमें यह समझना होगा कि पर्यावरण को सम्मान देकर ही हम पृथ्वी की रक्षा कर पाएंगे। जब हम पर्यावरण का सम्मान नहीं करते हैं तो वह प्रत्यक्ष रूप से तो हमें हानि पहुंच. ाता ही है, परोक्ष रूप से भी हमारे सामने कई समस्याएं खड़ी करता है।

पिछले दिनों इंटरनेशनल यूनियन फॉर द कंजर्वेशन ऑफ नेचर द्धआईयूसीएनत्र द्वारा जारी रिपोर्ट में बताया गया था कि जलवायु परिवर्तन के कारण महिलाओं और लड़कियों के प्रति होने वाली हिंसा में इजाफा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार गरीब देशों में जलवायु परिवर्तन को रोकने में सरकारें विफल हो रही हैं। इसके कारण संसाधन बर्बाद हो रहे हैं। इसका असर बढ़ती हुई लैंगिक असमानता के रूप में दिखाई दे रहा है। जलवायु परिवर्तन से जूझ रहे इलाकों में संसाधनों पर काबिज होने के लिए वर्ग संघर्ष जारी है। इसमें जीत पुरुषों की होती है और महिलाएं दोयम दर्जे का जीवन जीने के लिए मजबूर हो जाती हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि इस दौर में कई तौर-तरीकों से समाज पर जलवायु परिवर्तन का असर पड़ रहा है। मौसम का समस्त चक्र अनियमित हो गया है। सम्पन्न लोग एसी में बैठकर पर्यावरण पर भाषण दे रहे हैं। प्रकृति और पर्यावरण को लेकर बड़ी-बड़ी बातें हो रही हैं लेकिन पर्यावरण बचाने के लिए जमीन पर काम नहीं हो रहा है। यह सब इसलिए हो रहा है कि हम अभी तक भी प्रकृति का महत्व नहीं समझ पाए हैं।

प्रकृति हमें एक नया सौन्दर्यबोध प्रदान करती है। धरती को सौन्दर्य प्रदान करने में प्रकृति ने अतुलनीय योगदान दिया है। पेड़-पौधे, फूल-पत्तियां, झरने और पहाड़ धरती के आभूषण ही हैं। कल्पना कीजिए कि इन आभूषणों से रहित धरती हमें कैसी दिखाई देगी। यह हम सबका कर्तव्य है कि हम धरती के इन आभूषणों की चमक फीकी न पड़ने दें। जब धरती के इन आभूषणों की चमक फीकी पड़ती है तो धरती का ताप बढ़ने लगता है। हमें यह समझना होगा कि यह धरती सुन्दर रहेगी तो हमारा जीवन भी सुन्दर रहेगा। कभी हम प्रकृति के विभिन्न अवयवों का क्षरण कर प्रदूषण बढ़ाते हैं तो कभी जलवायु परिवर्तन के लिए स्वयं जिम्मेदार होते हुए भी प्रकृति को कोसते हैं। यह दुखद ही है कि कभी धरती का बढ़ता हुआ ताप पर्यावरण को जख्म दे रहा है तो कभी हमारा व्यवहार पर्यावरण के जख्मों को कुरेद रहा है। कुल मिलाकर हम उसी प्रकृति से बेवफाई कर रहे हैं जो हमें हमेशा वफा की सीख देती है। विभिन्न अध्ययनों के माध्यम से यह बात सामने आ रही है कि प्रदूषण और धरती का ताप बढ़ने के कारण सम्पूर्ण विश्व को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। इन समस्याओं में सूखा, बाढ़, तापमान बढ़ना, ग्लेशियरों का पिघलना, समुद्र का स्तर बढ़ना, अनेक जीव-जन्तुओं और पेड़-पौधों का विलुप्त होना आदि शामिल हैं। विचारणीय प्रश्न यह है कि जब हम इन प्राकृतिक समस्याओं से जूझने में व्यस्त होंगे तो प्यार के बारे में सोचने की फुर्सत किसे होगी ? हालांकि प्राचीन समय में हमने प्रकृति से कई रिश्ते जोड़े। प्रकृति के विभिन्न अवयवों को हमने अपने परिवार की तरह माना। प्रकृति के इन अवयवों को हमने ईश्वर का दर्जा भी दिया। तभी तो हम आज तक धरती को धरती माता, तुलसी को तुलसी माता, गाय को गाय माता सांप को नाग देवता, गंगा को गंगा मैया, चांद को चंदा मामा तथा सूरज को सूर्य देवता कह रहे हैं। क्यों न हम इस दौर में इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए प्रकृति से प्यार का एक नया रिश्ता जोड़ें। जैसे एक स्त्री मां, बहन, पत्नी और बेटी- किसी भी रूप में हमारे सामने हो सकती है, उसी तरह प्रकृति भी विभिन्न रूपों में हमारे सामने हो सकती है।

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**

**पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003**

**Dainikshahtimes@gmail.com**

# दिन-प्रतिदिन भारतीय पर्यटकों की खराब होती छवि



रजनीश कपूर

हाल के दिनों में सोशल मीडिया पर भारतीय पर्यटकों से जुड़ी वायरल वीडियो एक बार फिर विवादों का केंद्र बन गई हैं। गुजरात के गरबा नृत्य को विदेशी एयरपोर्टों, चीन की महान दीवार और अन्य वैश्विक स्थलों पर करते हुए दिखाए गए भारतीय पर्यटक न केवल चर्चा में हैं, बल्कि भारत की छवि को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नुकसान पहुंचा रहे हैं। सवाल है कि क्या भारतीय पर्यटक वाकई बदतमीज हैं या दुनिया हमें अनुचित रूप से स्टिरियोटाइप कर रही है? यह मुद्दा वायरल हुए सिर्फ कुछ वीडियो का नहीं, बल्कि लाखों भारतीयों के विद. ेश यात्रा के बढ़ते रुझान और सांस्कृतिक-नागरिकता की समझ का है।

भारत दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता पर्यटन स्रोत बाजार है। कोविड महामारी के बाद विदेश यात्रा पर जाने वाले भारतीयों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। 2025-26 में लाखों भारतीय यूरोप, अमेरिका, एशिया और मध्य पूर्व के देशों में घूम रहे हैं। लेकिन ऐसी कुछ घटनाएं पूरे राष्ट्र की प्रतिष्ठा धूमिल कर रही हैं। एयरपोर्ट पर गरबा, चीन की ग्रेट वॉल पर नाचते हुए, कतार तोड़ते हुए या शोर मचाते हुए दिखाए गए पर्यटकों के वीडियो तेजी से वायरल हो जाते हैं। इनमें से कई में संदर्भ की कमी हो सकती है, लेकिन बार-बार दोहराई जाने वाली घटनाएं एक पैटर्न बनाती दिखती हैं।

सबसे पहले, यह स्वीकार करना जरूरी है कि हर राष्ट्र के कुछ पर्यटक समस्या पैदा करते हैं। चीनी पर्यटक भी भीड़ और शोर के लिए आलोचित होते रहे हैं, अमेरिकी पर्यटक अक्सर अहंकारी माने जाते हैं। लेकिन भारतीय मामले में समस्या की गहराई अलग है। भारत में घरेलू स्तर पर ही नागरिक भावना द्धबपअपब. ेमदेमत्र की कमी एक बड़ी चुनौती है। सड़कों पर कूड़ा फेंकना, कतार में धक्का-मुक्की करना, सार्वजनिक स्थानों पर जोर-जोर से बात करना, दूसरों की निजता का सम्मान न करना, ये घर की वो आदतें हैं, जो विदेश ले जाई जाती हैं। जिससे भारत और भारतीयों का नाम खघ्राब होता है। कई भारतीय पर्यटक पहली बार विदेश जाते हैं। वे उत्साह में संस्कृति का प्रदर्शन करना चाहते हैं, लेकिन स्थानीय नियमों और माहौल को नजरअंदाज कर देते हैं। गरबा एक जीवंत त्योहार नृत्य है, लेकिन एयरपोर्ट जैसे संवेदनशील स्थान पर इसे करना सुरक्षा और अनुशासन का उल्लंघन लगता है। इसी तरह, ऐतिहासिक स्मारकों पर चढ़ना, कूड़ा फेंकना या स्थानीय लोगों की असुविधा पैदा करना सांस्कृतिक असंवेदनशीलता दर्शाता है। सोशल मीडिया का प्रभाव भी कम नहीं। एक वीडियो वायरल होने पर पूरा समुदाय टारगेट हो जाता है। कुछ मामलों में नस्लवाद या पूर्वाग्रह भी काम करता है, लेकिन इसे बहाना बनाकर अपनी गलतियों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। आंकड़ों की बात करें तो भारत से विदेश यात्रा करने वालों की संख्या 2019 के मुकाबले दोगुनी हो गई है। लेकिन यात्रा एजेंसियां और सरकारें पर्यटकों को पूर्व-प्रशिक्षण देने में पिछड़ रही हैं। कई ग्रुप टूर में पर्यटक एक-दूसरे को उत्साहित करते हुए सीमा लांघ जाते हैं। नतीजा, विदेशी होटल, एयरलाइंस और टूर ऑपरेटर्स भारतीयों को 'समस्या समूह' के रूप में देखने लगे हैं।

कुछ देशों में भारतीय पर्यटकों के लिए अनौपचारिक रूप से अतिरिक्त सतर्कता बरती जाती है। यह भारत के लिए शर्मनाक है, क्योंकि हम एक प्राचीन सभ्यता वाले देश हैं जहां अतिथि देवो भव: की परंपरा है। कुछ लोग तर्क देते हैं कि वायरल वीडियो संदर्भहीन हैं और भारतीयों को निशाना बनाया जा रहा है। यह आंशिक रूप से सही भी हो सकता है, लेकिन जब भारतीय ही कमेंट करते हैं कि हमारे यहां नागरिक भावना शून्य है, तो समस्या नकारने लायक नहीं रह जाती। घर पर स्वच्छता अभियान, स्मार्ट सिटी, स्वच्छ भारत मिशन आदि चल रहे हैं, फिर भी व्यवहार में बदलाव धीमा है। शिक्षा प्रणाली में नागरिकता और नैतिक मूल्यों पर जोर कम है। परिवारों में 'जब तक कोई पकड़ा न जाए तो जो मन आए वो करो' की मानसिकता प्रबल है। विदेश में भारतीय समुदाय अक्सर सफल, मेहनती और विविधतापूर्ण के रूप में जाना जाता है, लेकिन पर्यटन में आने वाले निचले और मध्यम वर्ग के कुछ हिस्से इस छवि को खराब कर देते हैं। यह वर्ग पहले कम यात्रा करता था, लेकिन अब सस्ती उड़ानों और पैकेज टूर के कारण इनका आंकड़ा भी बढ़ा है। उत्साह अच्छा है, लेकिन इसके साथ-साथ जागरूकता भी जरूरी है। भारत नाम फिर से खराब न हो इसके लिए बहुआयामी रणनीति अपनानी होगी। सरकार विदेश जाने वाले पर्यटकों के लिए अनिवार्य ऑनलाइन/ऑफलाइन वर्कशॉप शुरू करें। यात्रा एजेंसियां स्थानीय रीति-रिवाज, कानून और नियम सिखाएं। वीजा आवेदन के साथ छोटा कोर्स भी अनिवार्य किया जाए। विदेश मंत्रालय और पर्यटन मंत्रालय मिलकर 'जिम्मेदार भारतीय यात्री' अभियान चलाएं। सोशल मीडिया, यूट्यूब और एयरपोर्ट स्क्रीनों पर जागरूकता के वीडियो प्रसारित करें। भारतीय दूतावासों को स्थानीय शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करने का अधिकार दें। स्कूलों में पर्यटन नैतिकता को समझाया जाए, जिससे कि बच्चे अपने-अपने घरों में जागरूकता फैलाएं। स्वच्छता, सम्मान और अनुशासन पर जोर दें। युवा पीढ़ी को वैश्विक नागरिक बनाने की जरूरत है। ऐसे में अच्छे व्यवहार करने वाले पर्यटकों को पुरस्कृत करें और गंभीर उल्लंघन करने वालों पर ब्लैकलिस्टिंग या पासपोर्ट प्रतिबंध जैसे कड़े कदम उठाएं। इसके साथ ही सबसे अहम भूमिका ग्रुप टूर लीडर्स की होनी चाहिए, उनको प्रशिक्षित किया जाए कि वे पर्यटकों को नियंत्रित रखें और विदेशी शहरों के प्रति संवेदनशील रहें। विदेशी पार्टनर्स के साथ फीडबैक सिस्टम बनाएं।गरबा जैसे नृत्यों को सही मंच पर प्रदर्शित करें, जैसे कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों, फेस्टिवल आदि में। व्यक्तिगत उत्साह को अनुशासित तरीके से व्यक्त करना सिखाएं। वहीं सेलिब्रिटी और इन्फ्लुएंसर्स जिम्मेदारी से यात्रा दिखाएं। वायरल होने वाली अच्छी कहानियां, जैसे भारतीयों द्वारा पर्यावरण संरक्षण या स्थानीय मदद आदि को प्रचारित करें।



गुवाहाटी। प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और प्रश्न पत्र लीक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब और उनके समर्थक।

## रूस ने वित्तीय आत्मनिर्भरता पूरी तरह हासिल की: एंटोन सिलुआनोव सेंट

**पीटर्सबर्ग।** रूस के वित्त मंत्री एंटोन सिलुआनोव ने गुरुवार को 'सेंट पीटर्सबर्ग अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक मंच' के दौरान कहा कि उनके देश ने वित्तीय आत्मनिर्भरता पूरी तरह हासिल कर ली है और अब वह बाहरी धन या विदेशी सरकारों के फैसलों पर निर्भर नहीं है। सिलुआनोव ने आर्थिक मंच पर कहा कि दुनिया बदल रही है और हमारे सामने कई मुश्किलें भी आई हैं, इसके बावजूद वित्तीय नजरिए से मुझे लगता है कि हम पूरी तरह से एक संप्रभु और मजबूत स्थिति में पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा कि रूस इस बात पर बिल्कुल निर्भर नहीं है कि तीसरे देश उसे धन देंगे या नहीं।

# भारत व वेनेजुएला द्विपक्षीय साझेदारी को मजबूत बनाएंगे

## मोदी और रोड्रिगेज ने ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिज और व्यापार क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर व्यापक चर्चा की

**नई दिल्ली।** भारत और वेनेजुएला ने विशेष रूप से ऊर्जा और उसके साथ-साथ, महत्वपूर्ण खिनज, व्यापार, निवेश, फार्मास्यूटिकल, स्वास्थ्य सेवा तथा ऑटोमोबाइल जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त करते हुए द्विपक्षीय साझेदारी को और अधिक मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई है।

मोदी ने भारत यात्रा पर आई वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज के साथ बुधवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता के दौरान द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की। उन्होंने वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा के साथ-साथ विकासशील देशों के हितों को बढ़ावा देने पर बात की। पश्चिम एशिया संकट के कारण दुनिया भर में ऊर्जा आपूर्ति की अनिश्चित स्थिति के बीच हुई इस वार्ता को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पांच दिन की यात्रा पर आई रोड्रिगेज के साथ विदेश, आर्थिक और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी जैसे विभागों के मंत्रियों का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आया हुआ है। विदेश मंत्रालय ने दोनों नेताओं की मुलाकात के बाद कहा कि दोनों के बीच बातचीत काफी व्यापक रही और इसमें विशेष रूप से ऊर्जा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के अवसरों का पता लगाने पर विस्तार से बात हुई। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मोदी और रोड्रिगेज ने विभिन्न विषयों पर व्यापक चर्चा की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के पूरे दायरे की समीक्षा के साथ ऊर्जा, व्यापार, निवेश, स्वास्थ्य सेवा और ऑटोमोबाइल आदि क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसरों का पता लगाने पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने आपसी हित के वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय साझेदारी को और प्रगाढ़ बनाने तथा 'ग्लोबल साउथ' के हितों को आगे बढ़ाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। बाद में विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) रूदेन्द्र टंडन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दोनों पक्षों के बीच ऊर्जा सहित विभिन्न विषयों पर सार्थक और अच्छी बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि वेनेजुएला ने भारत के साथ लंबे समय से चले आ रहे संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों देश भविष्य में भी पसंदीदा साझेदार बने रहेंगे।



■ पीएम ने वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा के साथ-साथ विकासशील देशों के हितों को बढ़ावा देने पर बात की

टंडन ने कहा कि वेनेजुएला बदलाव के दौर से गुजर रहा है लेकिन यह संसाधनों से समृद्ध देश है और अब वहां विकास यात्रा के शुरुआती संकेत दिखाई दे रहे हैं। वेनेजुएला में केवल ऊर्जा क्षेत्रा ही नहीं बल्कि पशुपालन, परिवहन, खनन, कृषि, ऑटोमोटिव क्षेत्रा और फार्मास्यूटिकल जैसे क्षेत्रों में भी अनेक संभावनाएं हैं। टंडन ने कहा कि दोनों पक्षों ने इन क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की जिसका उद्देश्य उन तरीकों का पता लगाना था जिनसे भारतीय व्यापारी वेनेजुएला के बाजार में अपनी जगह बना सकें जिससे दोनों देशों के बीच नई साझेदारी हो सके। उन्होंने सवालों के जवाब में कहा कि बातचीत के दौरान ऊर्जा के क्षेत्रा में कोई बड़ी घोषणा नहीं की गई है लेकिन विभिन्न क्षेत्रों में इसकी संभावनाओं का पता लगाने पर बात हुई है। उन्होंने कहा कि वेनेजुएला के पास बड़ा तेल भंडार है और भारत बड़ी मात्रा में तेल का आयात करता है। दोनों देशों के बीच खरीदार और विक्रेता के रूप में दीर्घावधि संबंधों की संभावना है।

# अमेरिका-ईरान बातचीत में आई अड़चन

## ईरान की दो टूक अरबों डॉलर की जब्त की गई उसकी धनराशि को तुरंत जारी किया जाए



■ डोनाल्ड ट्रम्प और उनका प्रशासन ईरान को कोई बड़ी रियायत दिए बिना बड़े पैमाने पर धन जारी करने को मंजूरी देने में आनाकानी कर रहा है

**वॉशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच चल रही बातचीत में ईरान के जब्त धन को तुरंत जारी करने की मांग सबसे बड़ी अड़चन बन गई है। ईरान इस बात पर जोर दे रहा है कि किसी संभावित समझौते के तहत कोई भी ठोस कदम उठाने से पहले उसकी अरबों डॉलर की जब्त की गई धनराशि को तुरंत जारी किया जाए। इस मांग को मानने में ट्रम्प प्रशासन हिचकिचा रहा है।

अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उनका प्रशासन ईरान को कोई बड़ी रियायत दिए बिना बड़े पैमाने पर धन जारी करने को मंजूरी देने में आनाकानी कर रहा है। खासकर ईरान के संवर्धित यूरेनियम के भंडार, परमाणु गतिविधियों और होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने को लेकर वह कड़ा रूख अपना रहा है। जेरूसलम पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार ईरानी वार्ताकार चाहते हैं कि जैसे ही दोनों पक्ष शुरुआती सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर करें, उन्हें जब्त हुए धन से 'नकद धनराशि' तुरंत मिल जाए और इसमें किसी तरह की कोई देरी नहीं होनी चाहिए। अमेरिकी अधिकारियों का रुख साफ है कि प्रतिबंधों में राहत तभी मिलेगी जब ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को लेकर कोई ठोस आश्वासन देगा। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका में चिंता सिर्फ दिखावे तक सीमित नहीं है। अगर धनराशि को जल्दी जारी कर दिया गया, तो इससे ईरान को एक आर्थिक सहारा मिल जाएगा, जबकि अमेरिका के हाथ से उसका सबसे ताकतवर मोलभाव का हथियार, आर्थिक दबाव, जिसे बनाने में उसने कई वर्ष लगाए हैं, वह उसके हाथ से निकल जाएगा। वरिष्ठ अधिकारियों ने क्षेत्रीय मध्यस्थों को साफ कर दिया है कि जब तक ईरान पहले कोई ठोस और कारगर कदम नहीं उठाता है खासकर अपनी परमाणु गतिविधियों और होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर,तब तक कोई बड़ी रकम जारी नहीं की जाएगी। ट्रम्प ने अपने सलाहकारों से साफ-साफ कह दिया है कि वह ऐसे किसी भी समझौते पर दस्तखत नहीं करेंगे जो ओबामा के 2015 के समझौते जैसा हो, जिसके तहत ईरान के लिए 1.7 अरब डॉलर का फंड जारी किया गया था। रिपोर्टों के मुताबिक ईरान अब करीब 12 अरब डॉलर की मांग कर रहा है, और ट्रम्प की ऐसी कोई मंशा नहीं है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सलाहकारों ने ऐसे इंतजामों पर विचार किया है, जिनके तहत कोई तीसरा देश जैसे कि कतर ईरान को फंड जारी करेगा, ताकि अमेरिका किसी भी सीधे भुगतान से दूर रहे। मध्यस्थों ने बीच का रास्ता निकालने के लिए कुछ प्रस्ताव रखे हैं, जिनमें कई अरब डॉलर का एक 'मानवीय फंड' बनाना भी शामिल है।

### ईरान के दुश्मनों ने 'हाइब्रिड युद्ध' की चालें चलीं: मोजतबा खामेनेई

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने कहा है कि अमेरिका और इजरा. इल जैसे दुश्मनों ने युद्ध के मैदान में निर्णायक हार और गहरी बेइज्जती का सामना करने के बाद ईरान के खिलाफ 'हाइब्रिड युद्ध' की रणनीति अपनाते हुए अब अपना ध्यान हमारे देश को अंदर से अस्थिर करने पर केंद्रित कर दिया है। खामनेई ने इस्लामिक गणराज्य के संस्थापक इमाम खुमैनी की पुण्यतिथि की 37वीं वर्षगांठ के मौके पर गुरुवार को जारी एक संदेश में बोलते हुए घोषणा की कि ईरान के दुश्मनों को युद्ध के मैदान में 'गहरी शर्मिंदगी' झेलनी पड़ी है और अब उन्होंने उन चालों का सहारा लेना शुरू किया है जिन्हें हाईब्रिड युद्ध की चालें कही जाती हैं। उन्होंने कहा कि दुष्ट दुश्मन, सशस्त्र बलों में आपके बहादुर बेटों के साथ टकराव में हारने के बाद-अपने प्रयासों को दो लक्ष्यों पर कें. द्रित कर रहा है-लोगों के मनोबल को तोड़ना और देश के अधिकारियों के बीच गलतफहमियां पैदा करना। खामेनेई ने एक लिखित संदेश में कहा कि अमेरिका के नेतृत्व वाला 'दमनकारी तंत्र' एक मजबूत और स्वतंत्र ईरान को स्वीकार नहीं कर सकता और उन्होंने इजराइल को उस तंत्र की एक 'सैन्य चौकी' बताया।

## जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र के पास हुए हमले पर आईएईए चिंतित

**मॉस्को।** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने गुरुवार को यूक्रेन में रूस के कब्जे वाले जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र (जेडएनपीपी) के पास हुए एक भारी हमले पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इन हमलों को तुरंत रोकने का आग्रह किया है। एजेंसी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर गुरुवार को जारी एक बयान में बताया कि उन्हें जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र (जेडएनपीपी) प्रशासन की ओर से यह जानकारी मिली है कि पास ही स्थित 'जापोरिज्जिया थर्मल पावर प्लांट' (जेटीपीपी) पर आज सुबह भारी हमला हुआ है। गौरतलब है कि इस थर्मल पावर प्लांट का स्विचयार्ड ही मुख्य परमाणु संयंत्र को बिजली की आपूर्ति करने में मदद करता है। परमाणु संयंत्र में मौजूद आईएईए की विशेषज्ञ टीम ने भी थर्मल पावर प्लांट की दिशा से हल्का धुआं निकलते देखा और वहां सैन्य गति. विधियों की आवाजें सुनीं। आईएईए ने चेतावनी दी है कि इस नए हमले ने जेडएनपीपी की एकमात्र बची हुई बाहरी बिजली लाइन की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं।

# तुर्की-सऊदी अरब ने की होर्मुज के विकल्प के रूप में रेल मार्ग पर चर्चा

**इस्तांबुल।** तुर्की और सऊदी अरब एक ऐसे रेल मार्ग को लेकर बातचीत कर रहे हैं, जिसे आगे चलकर ओमान तक बढ़ाने की योजना है और जो होर्मुज जलडमरूध्य के विकल्प के रूप में काम करेगी। तुर्की के परिवहन और बुनियादी ढांचा मंत्री अब्दुलकादिर उरालोग्लू ने एक समाचार एजेंसी को बताया कि यह रेल मार्ग काफी हद तक हिजाज रेलवे के रास्ते पर आधारित है।

उन्होंने कहा कि पहले चरण में तुर्की की सीमा से सीरिया के अलेप्पो तक रेल पटरी का निर्माण करना जरूरी है। वहां से दमिश्क तक का एक हिस्सा पहले से ही बना हुआ है-जॉर्डन और सऊदी अरब की सीमा वाले हिस्से पर कोई रेलवे नहीं है, हम अभी सऊदी अरब के साथ इसके रास्ते पर चर्चा कर रहे हैं कि यह रास्ता रियाद की ओर मुड़ेगा या इसे हिजाज तक लाया जाएगा। हमारा अंतिम लक्ष्य ओमान तक रेल मार्ग बनाना है। वास्तव में, हम होर्मुज जलडमरूमध्य से बचे रहकर निकलने वाले रास्ते की बात कर रहे हैं। गौरतलब है कि सऊदी अरब के हिजाज क्षेत्र में मक्का और मदीना के बीच पहले से ही एक तेज गति वाली रेल लाइन मौजूद है। उरालोग्लू ने मार्च में कहा था कि तुर्की ऐतिहासिक हिजाज रेलवे के उस हिस्से को फिर से चालू करने के लिए दमिश्क सीरिया के साथ बातचीत कर रहा था जो कभी इन देशों को आपस में जोड़ता था।



■ प्रस्तावित रेल मार्ग काफी हद तक हिजाज रेलवे के रास्ते पर आधारित है: अब्दुलकादिर उरालोग्लू

## यूरोप में तीन सालों में 80000 नए एचआईवी मामलों की आशंका

**ब्रुसेल्स।** यूरोप में अगले तीन वर्षों में लगभग 80,000 नए एचआईवी संक्रमण के मामले सामने आने और टीबी के कारण 9,000 से अधिक मौतें होने की आशंका है। यूरोपीय रोग निवारण एवं नियंत्रण केंद्र (ईसीडीसी) की निदेशक पामेला रेंडी-वैगनर ने यह जानकारी दी है। गत 21 मई को ईसीडीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया कि 2024 में यूरोप में एक दशक से ज्यादा समय में यौन संचारित संक्रमणों की सबसे ज्यादा दरें देखी गईं, जिसमें सिफलिस और गोनोरिया शामिल हैं। ईयू ऑब्जर्वर न्यूज एजेंसी ने बुधवार को रेंडी-वैगनर के हवाले से कहा कि हम यूरोप में आने वाले तीन सालों में 80,000 नए एचआईवी संक्रमण और टीबी से 9000 से ज्यादा मौतें देखेंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईयू रेगुलेटर का अनुमान है कि टीबी और यौन संचारित संक्रमणों में तेजी से बढ़ोतरी होगी। साथ ही, इन बीमारियों की वजह से ईयू, आइसलैंड, लिकटेंस्टीन और नॉर्वे में हर साल 59000 मौतें होती हैं। ईयू, आइसलैंड, लिकटेंस्टीन और नॉर्वे में अभी लगभग 800000 लोग एचआईवी के साथ जी रहे हैं।

## अमेरिका का रूस के साथ संबंध बनाए रखना जरूरी: रुबियो

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि यूक्रेन में जारी संघर्ष के बावजूद अमेरिका को रूस के साथ संबंध और बातचीत बनाए रखनी चाहिए। रुबियो ने संसद की विदेश मामलों की समिति की सुनवाई में कहा कि कम से कम हमें रूसियों के साथ संबंध और बातचीत जारी रखनी ही होगी।

हमारे द्विपक्षीय संबंधों में ऐसे मुद्दे हैं, जिनका यूक्रेन से कोई लेना-देना नहीं है। अमेरिकी विदेश मंत्री ने विश्वास जताया कि यूक्रेन संघर्ष का समाधान होने के बाद अमेरिका-रूस संबंध अधिक दोस्ताना और संभालने में आसान हो जाएंगे। उन्होंने बुधवार को दावा किया कि अमेरिका-यूक्रेन संघर्ष पर मध्यस्थता के प्रयासों को फिर से शुरू करने के लिए तैयार है। रुबियो से जब पूछा गया कि क्या मध्यस्थता में ट्रम्प प्रशासन फिर से शामिल होने के लिए तैयार है, तो उन्होंने जवाब दिया कि हम ऐसा करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने हालांकि इस बात पर भी जोर दिया कि अमे. रिका के अब तक के प्रयास 'कम फलदाई' रहे हैं।

■ हमारे द्विपक्षीय संबंधों में ऐसे मुद्दे हैं, जिनका यूक्रेन से कोई लेना-देना नहीं है: विदेश मंत्री

## डीआरसी से यात्रा प्रतिबंध को हटाया जाए: टेड्रोस

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महा. निदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेएसस ने कई देशों से अपील की है कि वे कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में फैली इबोला महामारी के कारण लगाए गए यात्र प्रतिबंधों को हटाएं।

# इजरायल-लेबनान सशर्त संघर्ष विराम पर सहमत

## वॉशिंगटन डीसी में हुई इस अहम कूटनीतिक वार्ता में हिजबुल्ला को शामिल नहीं किया गया

**वाशिंगटन।** इजरायल और लेबनान अमे. रिका की मध्यस्थता में हुई बातचीत के बाद संघर्ष विराम लागू करने पर सहमत हो गए हैं। अल जजीरा के रिपोर्ट के अनुसार, दोनों देशों ने हालांकि स्पष्ट किया है कि इस शांति समझौते का भविष्य पूरी तरह से 'हिजबुल्ला के हमलों को पूर्णत: बंद करने' और दक्षिणी लेबनान से अपने लड़ाकों को हटाने पर निर्भर करेगा। उल्लेखनीय है कि वाशिंगटन डीसी में बुधवार को हुई इस अहम कूटनीतिक वार्ता में हिजबुल्ला को शामिल नहीं किया गया था।

आधिकारिक तौर पर आपस में कोई राजनयिक संबंध न रखने वाले दोनों पड़ोसी देशों ने इस बैठक में सीमावर्ती इलाकों में कुछ सुरक्षित क्षेत्र (पायलट जोन) बनाने पर भी सहमति जताई। इन विशेष क्षेत्रें में किसी भी गैर-सरकारी हथियारबंद संगठन या बाहरी तत्व के प्रवेश पर पूरी तरह रोक होगी और पूरे क्षेत्र का नियंत्रण विशेष रूप से लेबनान की सरकारी सेना के हाथों में सौंप दिया जाएगा। यह कूटनीतिक प्रगति ऐसे समय में हुई है जब बुधवार को दिन भर सीमा पर दोनों ओर से भारी गोलाबारी जारी रही। हिजबुल्लाह ने जहां इजरायली सैनिकों को निशाना बनाकर हमले किए, वहीं इजरायल की ओर से दक्षिणी लेबनान में की गई बमबारी में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। इस शांति समझौते की घोषणा के कुछ ही समय बाद उत्तरी इजरायल में संभावित हवाई हमले के सायरन भी सुने गए, जिससे स्थिति की संवेदनशीलता साफ दिखाई देती है। कूटनीतिक विशेषज्ञों के अनुसार, यह समझौता कोई नया संघर्ष विराम नहीं है, बल्कि मई महीने में तय हुए 45 दिनों के पुराने संघर्ष विराम विस्तार को ही आगे बढ़ाने और उसका सम्मान करने की एक साझा प्रतिबद्धता है। युद्धरत पक्ष हिजबुल्लाह के इस वार्ता की मेज पर मौजूद न होने के कारण जमीन पर इस समझौते के पूरी तरह अमल में आने को लेकर अंतर्राष्ट्रीय हलकों में अभी भी कई तरह की आशंकाएं और सवाल बने हुए हैं। दोनों पक्ष इस अस्थाई व्यवस्था को एक स्थाई और 'व्यापक समझौते' का रूप देने के उद्देश्य से आगामी 22 जून और उसके बाद एक बार फिर उच्च स्तरीय बैठक करेंगे। दूसरी ओर, इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने गुरुवार को एक कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया है कि सीजफायर के ऐलान के बावजूद इजरायली सेना फिलहाल लेबनान में अपनी सैन्य कार्रवाइयां बंद नहीं करेगी और न ही वह वहां से पीछे हटेगी।



■ यह कूटनीतिक प्रगति ऐसे समय में हुई है जब दिन भर सीमा पर दोनों ओर से भारी गोलाबारी जारी रही













